


मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में काम करेंगी करीना कपूर

# रॉयल बुलेटिन

तापमान- अधिकतम- 35.09
न्यूनतम- 14.09

प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक

मेक इन इंडिया से सुदृढ़ हुआ भारतीय औषधि विज्ञान



◆ वर्ष 41, अंक 102 RNI No. 43285/85 ◆ संस्करण - नगर ◆ मुजफ्फरनगर, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025 ◆ बैशाख कृष्ण 3 विक्रमी सम्वत् 2082 ◆ पृष्ठ 8+4=12 ◆ मूल्य 4 रुपया


## एमपी के नीमच में लाठी-डंडे से 3 जैन मुनियों पर हमला

● हनुमान मंदिर में रुके थे, घटना के विरोध में शहर बंद, राजस्थान के 6 आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल (एजेंसी)।** नीमच जिले के सिंगोली थाना क्षेत्र में तीन जैन मुनियों पर छह बदमाशों ने हमला कर दिया। जैन मुनि विश्राम करने रविवार रात सिंगोली मार्ग स्थित हनुमान मंदिर में रुके थे। रात करीब 12 बजे आरोपियों ने लूट के इरादे से लाठी और धारदार हथियार से हमला किया। घटना के बाद दो बदमाशों को तो लोगों ने मौके पर ही पकड़ लिया। हमले में घायल मुनियों ने अस्पताल जाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद सभी को जैन स्थानक भवन में रखा गया है। घटना के बाद जैन समाज की ओर से नगर बंद का आह्वान किया गया है। वहीं, पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी



राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के रहने वाले हैं। सिंगोली थाना टीआई भूरा लाल भाभर ने बताया कि जैन संत शैलेष मुनि जी, बलभद्र मुनि जी और मुनींद्र मुनि जी विहार पर हैं। वे सिंगोली से नीमच जा रहे थे। रविवार-सोमवार की रात वे कछाला गांव के पास हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए रुके थे। इसी दौरान तीन बाइक से कुछ बदमाश वहां पहुंचे। पहले उन्होंने मंदिर के सामने बैठकर शराब पी। उन्हें जैन मुनि मंदिर में दिखे तो पास जाकर उनसे रुपए रुपए मांगने लगे। जब मुनियों ने मना किया, तो मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए एक जैन मुनि सड़क की ओर भागे। उन्होंने रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार से मदद मांगी। उससे समाज के लोगों को फोन करने के लिए कहा। बाइक सवार ने जैन समाज के कुछ लोगों को फोन किया। सूचना पर कछाला गांव के लोग भी आ गए। लोगों को आता देख चार बदमाश भाग निकले, जबकि दो को लोगों ने पकड़ लिया। थोड़ी देर में पुलिस भी पहुंच गई।

## गुजरात में 1800 करोड़ की 300 किलो ड्रग्स जब्त

### पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र में फेंककर भागे तस्कर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में इंडियन कोस्ट गार्ड ने 300 किलो ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 1,800 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जब्त ड्रग्स मेथामफेटामाइन हो सकता है। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड और कोस्ट गार्ड ने 12-13 अप्रैल की रात ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप को पकड़ा है। गुजरात एटीएस से मिली जानकारी के बाद कोस्ट गार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की ओर सर्च के लिए जहाज भेजा था। अंधेरे



के बीच कोस्ट गार्ड की टीम ने एक बोट को स्पॉट किया। बोट सवारों से पहचान बताने को कहा। इससे घबराए तस्करों ने ड्रग्स को समुद्र में फेंका और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भाग निकले। कोस्ट गार्ड टीम ने समुद्र में फेंकी गई ड्रग्स को रेस्क्यू बोट की मदद से बाहर निकाला। बोट का कनेक्शन पाकिस्तान से होने की आशंका है। फिलहाल जांच के लिए जब्त की गई ड्रग्स को पोरबंदर में एटीएस को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि गुजरात ड्रग्स तस्करी का अहम रूट बनता जा रहा है। पिछले साल अप्रैल 2024 में भी एटीएस ने पोरबंदर के पास 86 किलो ड्रग्स (600 करोड़ की कीमत) पकड़ी थी। फरवरी 2024 में नौसेना और एटीएस ने 3300 किलो ड्रग्स जब्त की थी, जिसकी कीमत 1300 से 2000 करोड़ रुपए थी।

## हिसार में दिखाया आईना यमुनानगर में 'ट्रिपल' अटैक

● पीएम मोदी का कांग्रेस शासित राज्यों की सरकारों पर हमला ● मोदी ने यमुनानगर में कहा, हिमाचल में सभी काम ठप हो गए ● तेलंगाना के बुलडोजर और कर्नाटक में करप्शन को भी उठाया

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती के मौके पर हरियाणा के दौरे पर पहुंची पीएम मोदी ने हिसार में जहां नए वक्फ कानून के विरोध को लेकर कांग्रेस को आईना दिखाया तो वहीं सरस्वती नदी से जुड़े यमुनानगर में कांग्रेस पर ट्रिपल अटैक किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक में चल रही कांग्रेस की सरकारों पर पहली बार सीधी टिप्पणी की। पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा डबल इंजन सरकार के चलते तेज गति से आगे बढ़ रहा है तो वहीं पड़ोस के हिमाचल में सारे काम ठप पड़े हैं। पीएम मोदी ने इससे पहले हिसार की सभा में कांग्रेस को मुस्लिम अध्यक्ष बनाने की सलाह दी थी। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में जनता के साथ विश्वासघात हो रहा है।



पड़ोस में देखिए, हिमाचल में सारे काम ठप पड़े हैं। कर्नाटक में देखिए, हर चीज महंगी हो रही है। मैं सोशल मीडिया पर देख रहा था कि कर्नाटक में जो कांग्रेस सरकार ने टैक्स लगाए हैं, उनकी सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब आलोचना की है। पीएम मोदी ने कहा कि खुद वहां के मुख्यमंत्री के करीबी कहते हैं कि कांग्रेस ने कर्नाटक को करप्शन में नंबर वन बना दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना में भी कांग्रेस की सरकार जंगलों पर बुलडोजर चला रही है। यही है कांग्रेस की कार्यशैली।

● हरियाणा में पीएम बोले- कांग्रेस मुस्लिम को अध्यक्ष बनाए- मोदी ने कहा-देश आजाद होने के बाद 2013 तक वक्फ का कानून चलता था। 2013 में कांग्रेस ने कानून में संशोधन कर दिया, ताकि चुनाव में वोट पा सकें। कानून को ऐसा बना दिया कि बाबा साहेब के संविधान की ऐसी-तैसी कर दी। इसका सही उपयोग होता तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती। पीएम ने आगे कहा- कांग्रेस कहती है कि ऐसा मुसलमानों के हित में किया। मैं पूछना चाहता हूं कि अगर सच्चे मन से मुसलमानों के लिए थोड़ी भी हमदर्दी है तो कांग्रेस पार्टी अपनी पार्टी का अध्यक्ष किसी मुसलमान को बनाए।

## सलमान को घर में घुसकर मारेंगे, बम से उड़ाएंगे कार

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को फिर एक बार जान से मारने की धमकी मिली है। मुंबई के वर्ली स्थित ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट में अज्ञात शख्स ने वॉट्सऐप मैसेज कर सलमान खान की कार को बम से उड़ाने की बात कही। रविवार देर रात भेजे गए इस मैसेज में



लिखा है- हम सलमान खान को घर में घुसकर मारेंगे। मुंबई की वर्ली पुलिस अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 (2)(3) के तहत शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिछले साल 14 अप्रैल को सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में फायरिंग हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी।

## पीएनबी घोटाले का आरोपी मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

● भारत की प्रत्यर्पण अपील के बाद ऐक्शन, सेहत का हवाला देकर बेल मांग सकता है चोकसी

**ब्रूसेल्स (एजेंसी)।** पंजाब नेशनल बैंक से लोन धोखाधड़ी मामले में आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को पुलिस ने बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को उसकी गिरफ्तारी हुई, फिलहाल वह जेल में है। भारत ने बेल्जियम के साथ चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया। ये मुंबई की एक अदालत ने जारी किए थे।



रिपोर्ट में कहा गया है कि वारंट 23 मई 2018 और 15 जून 2021 के थे। ऐसा माना जा रहा है कि चोकसी अपनी खराब सेहत का हवाला देते हुए जमानत और तत्काल रिहाई की मांग कर सकता है। बेल्जियम में गिरफ्तारी के बाद मेहुल चोकसी ने अपने खराब सेहत का हवाला देते हुए कोर्ट में जमानत मांगी है। उसकी ओर से कहा गया है कि इलाज कराने के लिए बेल्जियम आया था और अपनी पत्नी के साथ एंट्वर्प में रह रहा था।

## ओबीसी, दलित और मुस्लिम वोटों पर कांग्रेस का फोकस

● अहमदाबाद से चला बड़ा दांव, लालू और तेजस्वी की बढ़ी मुश्किल ● एससी-एसटी वोटों को पाले में करने का चला दांव, बिहार से 'खेला'

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के बहाने ही सही लेकिन कांग्रेस अब बदल रही है। छह दशक बाद अहमदाबाद में हुए दो दिवसीय अधिवेशन में पार्टी ने बदलाव की मंशा उजागर कर दी। कांग्रेस अब सर्व समाज की पार्टी की छवि बदल देगी। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में उसे ओबीसी, दलित और मुस्लिम समाज से सर्वाधिक उम्मीद है। कांग्रेस को लगता है कि जिस तरह सवर्ण भाजपा के साथ सट-बंध गए हैं, उससे उनके वोटों की आस लगाना अब उसके लिए फायदेमंद नहीं होगा। अगर उसे अपनी खोई गरिमा हासिल करनी है तो दलित, पिछड़े और मुसलमानों जैसे बहुजन पर दांव लगाना ही ठीक रहेगा। इनकी आबादी तकरीबन 85 प्रतिशत है। कांग्रेस का यह चिंतन उसे कामयाबी दिला पाएगा या नहीं, पर उसका कन्फ्यूजन इसमें साफ झलकता है। उसे इस बड़ी आबादी की राजनीति के लिए पहले क्षेत्रीय दलों से निपटना पड़ेगा, जिनका जन्म ही जातियों के आधार पर हुआ है। कांग्रेस ने तय किया है कि वह सत्ता में आने पर एससी-एसटी उपयोजना के लिए केंद्रीय कानून बनाएगी। इनकी आबादी के हिसाब से बजटीय आवंटन की गारंटी देगी। सुनने में यह बात बेहद अच्छी लगती है। अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के लिए उसकी चिंता भी इसमें साफ दिखती है। पर, देश में सर्वाधिक समय तक सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस को यह बात क्यों नहीं



सूझी। कांग्रेस सिर्फ 11 साल से सत्ता विहीन है। फिर भी दो राज्यों- कर्नाटक और तेलंगाना में उसकी सरकारें हैं। अगर कांग्रेस का यह नीतिगत निर्णय है तो वह अपने शासन वाले दोनों राज्यों में प्रयोग के तौर पर यह नीति क्यों नहीं अपनाती। दलित, पिछड़े और मुसलमानों की चिंता में दुबली होती जा रही कांग्रेस यह भूल जाती है कि दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण कभी उसके जनाधार रहे, लेकिन अब उनका कांग्रेस से मोह भंग हो चुका है। कांग्रेस ने अपने बड़े मुस्लिम लीडर आरिफ मोहम्मद खान की परवाह नहीं की। गुलाम नबी आजाद के किनारे होने पर उसे कोई कोफ्त नहीं हुई। कांग्रेस शासन में दंगों के सर्वाधिक शिकार मुसलमान हुए। पर, कभी कांग्रेस ने इसकी परवाह नहीं की। नतीजा सामने है। कालांतर में मुसलमानों ने इलाकाई पार्टियों में अपना ठौर तलाश लिया। लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव और ममता बनर्जी जैसे लोगों की पार्टियां कांग्रेस के बजाय मुसलमानों को रास आने लगीं। मुसलमानों की मदद से राज्यों में बनी कांग्रेस की सरकारें आहिस्ता-आहिस्ता अपदस्थ होती गईं। बिहार में 17 फीसद मुसलमान आरजेडी के साथ चले गए। यूपी में मुसलमान समाजवादी पार्टी में अपनी भलाई देखने लगे। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से मुसलमानों की उम्मीदें पूरी होने लगीं। बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी का हश्र सामने है। बिहार में दिव्यांग बन कांग्रेस लालू यादव की पीठ-कंधे की सवारी के लिए अब भी मजबूर है। बंगाल में तो ममता बनर्जी ने कांग्रेस का नामोनिशान मिटा दिया है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने ही किसी तरह जिंदा रखा है। कांग्रेस ने तय किया है कि सत्ता में आने पर जाति जनगणना कराएगी।

## कर्नाटक में 5 साल की बच्ची से रेप की कोशिश, हत्या

### आरोपी का एनकाउंटर, भागते समय पुलिस पर किया था हमला

**हुबली (एजेंसी)।** कर्नाटक में 5 साल की बच्ची से रेप की कोशिश, फिर उसकी हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने रविवार रात एनकाउंटर में मार गिराया। मुठभेड़ में एक सब इंस्पेक्टर समेत 3 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। घटना हुबली की है। आरोपी ने दिन में बच्ची को उसके घर के पास से ही अगवा किया था। वह उसे एक सुनसान जगह बने शेड में ले गया। यहां रेप की कोशिश की। बच्ची की चीख सुनकर लोग



इकट्ठा हो गए। घबराकर आरोपी ने गला घोंटकर बच्ची की हत्या कर दी और फरार हो गया। कुछ ही घंटों में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हुबली पुलिस कमिश्नर शशि कुमार ने कहा- पुलिस आरोपी को कुछ डॉक्यूमेंट्स और आइडेंटिटी वेरिफिकेशन के लिए उसके घर ले गई थी। उसने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर पत्थर से हमला किया। पुलिस ने हवाई फायर किए, तब भी वह भागने की कोशिश करता रहा। पुलिस ने उस पर दो राउंड फायर और किए, जिसमें वह घायल हो गया।

## बीएसएफ ने भाजपा के साथ रची बंगाल हिंसा की साजिश

● टीएमसी नेता का आरोप; बोले-फेक फोटो पोस्ट कर बंगाल के लोगों को भड़का रहे

**मुर्शिदाबाद (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व सांसद कुणाल घोष ने मुर्शिदाबाद हिंसा के पीछे भाजपा और दूसरी राजनीतिक पार्टियों के होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- हमें इनपुट मिले हैं कि हिंसा की घटनाओं के पीछे एक बड़ी साजिश थी। केंद्रीय एजेंसियां, बीएसएफ और कुछ राजनीतिक दलों का एक सेक्शन इस साजिश में शामिल था। बीएसएफ ने मदद करके उपद्रवियों को राज्य का बॉर्डर पार करवाया। कुछ उपद्रवी मुर्शिदाबाद के इलाके में घुसे, अराजकता फैलाई और बीएसएफ ने उन्हें वापस जाने के लिए भी मदद की। यह इनपुट सच है या नहीं इसकी जांच होनी चाहिए। घोष ने आगे कहा- भाजपा ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में दूसरे राज्यों की तस्वीरों का इस्तेमाल करके उसे मुर्शिदाबाद का बताया। वे बंगाल के लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन ममता बनर्जी के नेतृत्व में सरकार और पार्टी इस साजिश का मुकाबला करने की पूरी कोशिश कर रही है। उधर, सोमवार



को इंडियन सेक्युलर फ्रंट समर्थक मार्च निकालते हुए कोलकाता जा रहे थे, उन्हें पुलिस ने भांगड़ इलाके में रोक दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस बीच नौशाद सिद्दीकी ने शांति की अपील की।

## बिहार की सियासत में 'खाकी' का रंग हमेशा रहा है फीका

● डीपी ओझा से लेकर गुप्तेश्वर पांडेय तक सभी हो गए 'फेल'

### अब शिवदीप लांडे ने बनाई 'हिंद सेना', संदिग्ध है सफलता

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति में खाकी वर्दी वालों का रंग कुछ फीका ही रहा है। कई पुलिस अधिकारी राजनीति में किस्मत आजमाने आए, लेकिन सफलता कुछ को ही मिली। अक्सर उन्हें ही सफलता मिली जिनके पीछे किसी बड़ी पार्टी का हाथ था। अपने दम पर या छोटी पार्टियों के सहारे आने वालों को ज्यादातर हार का सामना करना पड़ा। हाल ही में, एक और आईपीएस अधिकारी ने नौकरी छोड़कर पार्टी बनाकर राजनीति में उतरने का संकेत दिया है। दरअसल, पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे ने 'हिंद सेना' नाम से अपनी पार्टी बनाकर राजनीति में आने का ऐलान किया है। वे राष्ट्रवाद, सेवा और समर्पण के सिद्धांतों पर काम करने की बात कर रहे हैं। वहीं, उनसे पहले पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पाण्डेय को राजनीति में निराशा हाथ लगी। उन्होंने वीआरएस लेकर चुनाव लड़ने की तैयारी की थी, पर उन्हें टिकट नहीं मिला। इनसे पहले पूर्व डीजीपी आशीष रंजन को कांग्रेस से टिकट तो मिला, लेकिन वे नीतिश कुमार के गढ़ में हार गए। पूर्व डीजीपी डीपी



ओझा भी चुनाव में बुरी तरह हारे थे। हालांकि, कुछ पुलिस अधिकारी जैसे ललित विजय, निखिल कुमार और सुनील कुमार चुनाव जीते और मंत्री भी बने। बिहार की राजनीति में पुलिस अधिकारियों का सफर आसान नहीं रहा है। कई अधिकारियों ने खाकी वर्दी छोड़कर राजनीति में अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन सफलता कुछ ही लोगों को मिली। ज्यादातर अधिकारियों को हार का सामना करना पड़ा। अब एक और आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाकर सक्रिय राजनीति में आने का संकेत दिया है। शिवदीप लांडे, बिहार के एक कड़क आईपीएस अधिकारी माने जाते हैं। उन्होंने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा जाहिर कर दी है। उन्होंने किसी बड़ी पार्टी का सहारा नहीं लिया, बल्कि 'हिंद सेना' नाम से अपनी नई पार्टी बनाई है। उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी राष्ट्रवाद, सेवा और समर्पण के सिद्धांतों पर चलेगी। साथ ही, बिहार की जनता की आवाज बनने की कोशिश करेगी। इस प्रयास को शुरू करने के लिए लांडे ने पिछले साल सितंबर में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पाण्डेय के लिए बिहार की राजनीति एक सबक साबित हुई। उन्होंने पहली बार वीआरएस लेकर चुनाव लड़ने की तैयारी की, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। राजनीतिक गलियारों में चर्चा थी कि उन्होंने टिकट के लिए पहले जदयू और फिर भाजपा से बात की, लेकिन उनकी बात नहीं बनी।

## अनमोल वचन

कभी-कभी व्यक्ति इसलिए दुखी हो जाता है कि मैंने अमुक-अमुक व्यक्ति के साथ कितने उपकार किये, किन्तु वे मेरा प्रत्युपकार नहीं करते। वस्तुतः यह दुख मात्र प्रत्युपकार न करने का नहीं, किन्तु अपने कर्तापन के अभिमान का भी है। यदि अपना कर्त्तव्य समझकर उपकार करते तो प्रत्युपकार न मिलने से मन में पीडा न होती। अपने द्वारा किये गये उपकार पर पश्चाताप न होता। प्रत्युपकार की इच्छा से नहीं अपितु अपने ऊपर चढे हुए समाज के ऋण को उतारने की भावना से ही उपकार के कार्य करे। इसी प्रकार लोग अयोग्य पुत्र की निंदा करते हैं कि वह मेरी आज्ञा नहीं मानता, मेरा उचित सम्मान नहीं करता, मुझे प्रणाम नहीं करता। इसलिए कि पुत्र को पाला, बड़ा किया, पढ़ाया-लिखाया, रोजगार आरम्भ कराया, विवाह किया, उसके सुखद भविष्य के लिए थोड़ी बहुत सम्पत्ति बनाई, अपनी इच्छाओं को दबाकर उसकी इच्छाएं पूरी करने का प्रयास किया, किन्तु भाई या पडौसी के उस पुत्र की निंदा आप कभी नहीं करते, जिसके प्रति आपने उपकार नहीं किये। स्मरण रहे कि दुख अपेक्षा रखने में होता है। कर्त्तव्य भावना से किये गये कार्यों में अपेक्षाएं नहीं रखनी चाहिए।

# भीमराव अंबेडकर को मंत्रियों ने किया नमन

**मुज़फ्फरनगर।** कचहरी गेट स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह,पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप सहित राजनीतिक और प्रशासनिक अधिकारियों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उनके विचारों से सभी को अवगत कराया और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने का प्रण लिया।



उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर दलित के नेता नहीं थे बल्कि वह सभी समाज के नेता थे और महापुरुष थे उन्होंने भारत को एक धागे में पिलाने के लिए संविधान रचा जिसके अनुसार आज देश का संचालन हो रहा है। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश के सबसे शैक्षिक और पढ़े-लिखे नौजवान थे और देश को एक गति देने का काम उन्होंने किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले देश के कानून मंत्री बने और संविधान निर्माता समिति के अध्यक्ष रहे उन्होंने अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए संविधान का निर्माण किया। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप नें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सभी देशवासियों को शुभकामनायें दी और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। और कहा कि महापुरुष रोज-रोज़ पैदा नहीं होते। इनका सम्मान करना चाहिए। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सभी को बधाई दी और उन्हें नमन करते हुए माल्यार्पण किया।

# मोमबत्ती से भड़की आग, गैस सिलेंडर फटा, बाल-बाल बचा परिवार



**मुजफ्फरनगर।** कस्बा खतौली स्थित मोहल्ला देवदास में उस समय हड़कंप मच गया जब 65 वर्षीय बुजुर्ग पलटू घर में अकेले गैस पर खाना बना रहे थे। कमरे में लाइट न होने के कारण मोमबत्ती जलाई हुई थी। अचानक मोमबत्ती ने कपड़े से मिलकर आग पकड़ ली। पड़ोसी के अनुसार, बुजुर्ग पलटू को ठीक से दिखाई नहीं देता था।

आग लगते ही कमरे में रखी सुखी लकड़ियों ने भी आग पकड़ ली, और आग अचानक भड़क गई। सिलेंडर ने भी आग पकड़ ली, जिससे आग और भी विकराल हो गई और एक दीवार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद पड़ोसियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग उनके काबू में नहीं आ पाई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जो मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

पड़ोसी ने बताया कि पलटू का बेटा और पत्नी पहले ही गुजर चुके हैं और वह अकेले रहते हैं। उनके तीन बच्चे अलग-अलग रहते हैं और शादीशुदा हैं। घर में पुत्रवधू के दहेज का सामान रखा हुआ था, जो आग में जलकर राख हो गया। इस घटना से परिवार को गहरा सदमा पहुंचा है। रविदास मंदिर के सामने स्थित कल्लू पुत्र पलटू भी इस आग की घटना से गहरे सदमे में हैं। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग को पूरी तरह बुझा दिया। स्थानीय पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है और क्षेत्रवासियों को गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग की सलाह दी है। यह घटना बीती रात की है, जिसमें एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# फायर फाइटर्स की शहादत को सलाम, चलाया जागरूकता अभियान

**मुज़फ्फरनगर।** मुंबई बंदरगाह हादसे में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में आज मुज़फ्फरनगर अग्निशमन विभाग द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को एसएसपी अभिषेक सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग कुमार ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को मनाया जाता है। दरअसल, 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर एक मालवाहक जहाज में आग लग गई थी। जहाज में बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, लकड़ी और कपास भरा हुआ था। आग बुझाने के प्रयास में 66 दमकलकर्मी वीरगति को प्राप्त हो गए थे। उनकी स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है।



उन्होंने बताया कि इस अवसर पर 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है। लेकिन जनपद में हाल ही में आगजनी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर यह अभियान 14 से 16 अप्रैल तक चलाया जाएगा।

यह अभियान सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, होटलों और औद्योगिक इकाइयों में चलाया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों, गैस सिलेंडर में आग लगने पर नियंत्रण पाने के उपायों तथा फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग के बारे में जागरूक किया जाएगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने यह भी बताया कि इस रैली का उद्देश्य न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है, बल्कि आमजन को आग की घटनाओं से बचाव के लिए सतर्क करना भी है।

# मंत्रियों ने किया बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शोभायात्रा का शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर।** टाउन हॉल मैदान से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर दलित समाज के साथ-साथ सर्वसमाज के लोगों ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। इस शोभा यात्रा का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री और राज्यमंत्री ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

शोभायात्रा का आयोजन पूर्व सभासद राजकुमार सिद्धार्थ के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान यात्रा में तीन बैंड, कई झांकियां और करीब एक दर्जन डीजे शामिल थे। राजकुमार सिद्धार्थ ने बताया कि यह शोभायात्रा टाउन हॉल मैदान से शुरू होकर झांसी की रानी शिव चौक, मीनाक्षी चौक, खालापार होते हुए बकरा मार्केट अस्पताल चौराहे से कच्ची सड़क के नजदीक समापन होगी। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि आज नगर पालिका के मैदान से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के शुभ अवसर पर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया है, जिसमें हजारों की संख्या में नौजवान उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

शोभायात्रा आयोजक व पूर्व सभासद राजकुमार सिद्धार्थ ने बताया कि यह शोभा यात्रा बाबा साहब की जयंती को श्रद्धांजलि देने का एक प्रयास है। इसमें शामिल सभी लोग उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए एकजुट हुए हैं।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर पुलिस लाइन में गूंजा राष्ट्रभक्ति का संकल्प

**मुज़फ्फरनगर।** भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर रविवार को जिले की रिजर्व पुलिस लाइन में श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



एसएसपी अभिषेक सिंह ने डॉ. अंबेडकर के महान व्यक्तित्व और उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने आज़ाद भारत को जो संविधान दिया, वह केवल कानून की किताब नहीं बल्कि समानता, न्याय और मानवता का मार्गदर्शन करने वाली जीवन शैली है। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने समाज के वंचित, शोषित और पीड़ित वर्ग के लिए आजीवन संघर्ष किया और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। एसएसपी ने बल को बाबा साहब के बताए रास्तों पर चलने, संविधान के मूल्यों का पालन करने और देशहित में कर्तव्यनिष्ठ रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशांत कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, सहायक पुलिस अधीक्षक राजेश धुनावत सहित सभी क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# डॉ भीमराव अंबेडकर के पोस्टर फाड़े, माहौल बिगाड़ने का किया प्रयास




**मुजफ्फरनगर।** जनपद में संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के दिन ही शरारती तत्वों द्वारा उनके पोस्टर फाड़ कर ज़िले का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। ज़िले के भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी में मुख्य मार्ग पर दीवारों पर डॉक्टर अंबेडकर के पोस्टर लगे थे, कुछ असामाजिक तत्वों ने क़स्बे में लगे पोस्टर फाड़ दिए जिससे समाज में रोष व्याप्त हो गया। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी मे बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार की सुबह शोभायात्रा की तैयारियां चल रही थी कि बस स्टेण्ड वाले रास्ते पर दीवारो पर लगे पोस्टर फाड़ने से रोष भड़क गया। बड़ी संख्या मे अनुसूचित जाति के व्यक्ति इकट्ठा हो गये और घटना पर भारी रोष प्रकट किया। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि शरारती तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गयी। महापुरुष सभी के सम्मानिय होते हैं। पुलिस को सूचना दी गयी है। सी सी टी वी फुटेज की सहायता से आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाये।


# प्रदेश व केंद्र सरकार इस समय बहुत अच्छा कार्य कर रही है: संत प्रवर विजय कौशल

**मुजफ्फरनगर।** देश के जाने-माने कथावाचक और मानस मर्मज्ञ संत प्रवर विजय कौशल जी महाराज ने कहा कि इस समय देश और प्रदेश में सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है। आने वाले समय में इसके परिणाम भी सुखद आएंगे। हालांकि उन्होंने वक्फ संशोधन कानून के बारे में कहा कि यह संसद द्वारा पारित संवैधानिक कानून है लेकिन इसे लागू करने से पूर्व व्यवहारिक सैद्धांतिक और भावनात्मक तीनों पक्षों का ध्यान रखा जाना चाहिए। मुजफ्फरनगर में रुड़की रोड पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं आयुष बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा एवं महामृत्युंजय सेवा मिशन के संयोजक संजीव शंकर महाराज के आवास पर सोमवार 14 अप्रैल 2025 को पहुंचे संत प्रवर विजय कौशल जी महाराज ने कहा कि प्रदेश और केंद्र की सरकार दोनों बहुत ठीक काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री पूरी तरह प्रमाणिक है, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 24 कैरट प्रमाणिक है। उनकी नियत भी प्रमाणिक है उनकी इच्छा शक्ति भी प्रमाणिक है उनके परिश्रम भी प्रमाणिक है इसके बहुत अच्छे परिणाम आएंगे। संत प्रवर विजय कौशल जी महाराज ने वक्फ संशोधन कानून के बारे में कहा कि जो कानून आया है, वह संवैधानिक है लोकसभा द्वारा पास किया गया है, लेकिन इस समय जो देश में चल रहा है एक होता है व्यावहारिक पक्ष, एक होता है सैद्धांतिक पक्ष, एक होता है, भावनात्मक पक्ष इन तीनों पक्षों को ध्यान में रखने के पास बाद ही कोई कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई बात सही है, लेकिन लोक विरुद्ध है तो उसे नहीं करना चाहिए यही शस्त्र का का वचन है। उन्होंने कहा कि लिए गए निर्णय पर उनका कोई कमेंट नहीं है जो है वह ठीक है, लेकिन किसी एक विषय को लेकर देश में हर समय तनाव झगड़ा फसाद आदि नहीं होना चाहिए। इससे देश का नुकसान होता है समाज का नुकसान होता है समाज टूटता है और खाईयां बढ़ती है। संत प्रभात विजय कौशल जी महाराज ने कहा कि जिन्होंने 400-500 वर्ष पूर्व मंदिर तोड़कर दूसरे धर्म के धर्म स्थल बनाए, उन्होंने पाप किया था वह तो पाप करके चले गए और हम भूल भी गए मुझे लगता है। बहुत प्राचीन 400 500 वर्ष पूर्व घटनाएं हो गई उन्हें उठा कर कुरैद करना ठीक नहीं है। अगर ऐसा वातावरण बना ताकि सहमति से हिंदुओं की जो चीज वापस मिले तो सही रहेगा। इस पर सीधे तौर पर वह कोई कोई कमेंट नहीं करेंगे।



# घुड़चढ़ी में दुल्हे के दोस्त कर रहे थे अश्लील डांस, पड़ोसी युवक ने किया विरोध तो घोंप दिया सीने में चाकू

**मेरठ।** जिले के थाना मुंडाली में शादी की घुड़चढ़ी के दौरान दुल्हे के दोस्त डीजे पर अश्लील डांस कर रहे थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले युवक ने दुल्हे के दोस्तों को अश्लील डांस करने से टोका। दुल्हे के दोस्तों को युवक कोशिंद्र का टोकना नागवार गुजरा। दुल्हे के दोस्तों ने शराब के नशे में युवक कोशिंद्र की लाठी डंडों से पिटाई करने के बाद सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी।



मामला मेरठ के मुंडाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बढ़ला कैथवाड़ा का है। जहां में गांव निवासी राजेश के बेटे शिवम की शादी थी। शिवम की बरात जाने के लिए घुड़चढ़ी हो रही थी। इस दौरान दुल्के के दोस्त शराब के नशे में घुड़चढ़ी पर अश्लील डांस करने लगे। जिसका विरोध पड़ोस में रहने वाले युवक कोशिंद्र ने किया। इस पर शराब के नशे में धुत्त दुल्हे के दोस्तों ने कोशिंद्र पर लाठी डंडों से हमला कर दिया और उसके सीने में चाकू घोंप दिया। युवक कोशिंद्र की मौक पर मौत हो गई। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक के भाई ने दूल्हे के पिता समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस हमलावरों की तलाश में दबिश दे रही है। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि रविवार देर रात राजेश के लड़के शिवम की घुड़चड़ी हो रही थी। आरोप है कि घुड़चड़ी के दौरान शिवम के दोस्त अश्लील डांस कर रहे थे। डांस करने वाले हंसराज और कोशिंद्र के मकान के सामने पहुंचे, तो उन्होंने अश्लील डांस का विरोध किया। बताया जाता है कि आरोपियों ने लाठी डंडों और चाकू से कोशिंद्र पर हमला किया। उसके सीने में चाकू घोंप दिया। कोशिंद्र को गंभीर अवस्था में न्यूट्रिमा अस्पताल ले जाया गया। जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया। एसपी देहात ने बताया कि इस संबंध में मृतक के भाई हंसराज की ओर से संदीप, प्रदीप पुत्रगण रिशिपाल, राजेश पुत्रगण नरवीर और निर्भय पुत्र मुकेश, मुकेश किरणपाल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है।

# अधिवक्ताओं से सुसज्जित लक्ष्य सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने किया बाबा साहब को याद



**मुजफ्फरनगर।** लक्ष्य सामाजिक संस्था के कार्यालय शमा रेडियोज वाली गली, मेरठ रोड, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर पर संविधान के रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती मनाई गई।

संस्था के अध्यक्ष तज़कीर मुशीर एडवोकेट ने जानकारी देते हुए कहा की भारत संविधान के जनक, चिंतक, समाज सुधारक और दलित वर्गों के लिए आवाज उठाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर 9 भाषाओं को जानते थे. इन्होंने देश-विदेश के कई विश्वविद्यालयों से पीएचडी की कई मानक उपाधी प्राप्त की. बाबा साहेब के पास लगभग 32 डिग्रियां थीं ऐसे महापुरुष को हम श्रद्धांजली अर्पित करते हैं।

संस्था के उपाध्यक्ष उस्मान राणा ने बाबा साहब को याद करते हुए बताया कि वो गरीबों और मजलूमों के मसीहा थे उनके अतुलनीय योगदान को भुलाया नही जा सकता है ऐसे महापुरुष भारत की धरती पर कभी कभी जन्म लेते हैं। मुख्य रूप से महबूब आलम अंसारी एड0, वरिष्ठ समाजसेवी रागिब आलम, अमीर अहमद अंसारी एड0, काशिफ़ मुशीर एड0, मो नवाज़ एड0, बदर सलमानी आदि शामिल रहे7

# कराटे चौंपियनशिप में अवेंजर्स फाइट क्लब के 11 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया



**शामली।** गत 12 से 13 अप्रैल तक गुरुग्राम में अयोजित आईएसकेएफ ओपन इंटरनेशनल कराटे चौम्पियनशिप 2025 कराटे चौंपियनशिप में अवेंजर्स फाइट क्लब शामली के 11 खिलाड़ियो ने प्रतिभाग किया, जिसमें से वान्या भारद्वाज ने गोल्ड, अद्रिका मलिक ने गोल्ड, युवान भारद्वाज ने गोल्ड, अद्विक सिंह गोल्ड, आरव चौधरी ने गोल्ड, वीर वर्मा ने गोल्ड, राघव भारद्वाज ने रजत, आराध्या गर्ग ने रजत, रियांश गर्ग ने कांस्य, शौर्य वर्मा ने कांस्य, युवराज शर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किए। अवेंजर्स फइट क्लब शामली के कोच शिवांश भार्गव ने बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 27 के कम्युनिटी सेंटर में ओपन इंटरनेशनल कराटे चौंपियनशिप आयोगित की गई थी, जिसमें श्रीलंका, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश और देश के अलग-अलग राज्यों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

साथ ही वहां चौलेंज फाइट में श्रीलंका और भारत के बीच हुई चौलेंज फाइट में भारत ने 9-1 स्कोर से विजय प्राप्त की, जिसमें भारत के वीर वर्मा ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और विजय प्राप्त की। शामली पहुंचने पर खिलाडियों का स्वागत किया गया।

**रॉयल बुलेटिन**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने मै. साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6 नोएडा-201301 से मुद्रित कराकर **रॉयल हाऊस, 174, गांधी कालौनी ( उत्तरी ), मुजफ्फरनगर ( उ.प्र. ) से प्रकाशित किया।**

**सम्पादकः**
◆अनिल रॉयल

✆:(0131) 2412222,
मो. 9412211222
**e-mail Address :**
royalbulletin@gmail.com

● नशा छुड़ाएं ● बवासीर भगाएं ● सफेद दाग हटाएं


**खोई हुई ताकत व जवानी दोबारा प्राप्त करें।**






**शराब छुड़ाएं**

शराबी को लाने/बताने की जरूरत नहीं
**जर्दा, गुटका, तम्बाकू, स्मैक, अफीम, डोडे ( पोस्त ), नोरफीन, मोरफीन, कैप्सूल प्रोक्सीवान, कोरैक्स, फैंसीडिल, हैरोइन, मैथाडोन व धूम्रपान** से पक्का छुटकारा (असर पहले ही दिन)



**बवासीर भगाएं**

बिना इंजेक्शन/आपरेशन

**बाल घने** सफेदी, सीकरी, झडना, टूटना बंद, लम्बाई मनचाही

**सफेद दाग, मिर्गी, मधुमेह**

**का पक्का आयुर्वेदिक इलाज** (समयः सुबह 10 से 5 बजे तक)

मिलें : हर रोज

**शंकर दवाखाना**

( भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ) नक्कालों से सावधान

गली पान, दाल मंडी, मुजफ्फरनगर ✆ **0131-2432326, 9719442124**

**नजला, खांसी, दमा, सांस, गठिया बाय, लिकोरिया, पेट के रोग, पतला होने, सेहत बनाने, सुखमय विवाहित जीवन हेतु देसी इलाज के परामर्श के लिए मिले।**

# दो बाईकों की आमने-सामने की भिड़ंत में युवक की दर्दनाक मौत





**खतौली।** दो बाईकों की आमने-सामने की भिड़ंत होने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर घायल हो गए। अचानक हुए हादसे से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार रतनपुरी क्षेत्र के गांव नावला का रहने वाला युवक सनव्वर अपने पिता सलीम के साथ बाईक द्वारा बुढ़ाना से गांव वापस लौट रहा था। बताया गया कि रतनपुरी थाना क्षेत्र स्थित नदी के पुल के ऊपर सनव्वर की बाईक विपरीत दिशा से आई बाईक से सीधे टकरा गई। हादसे में सनव्वर और इसके पिता सलीम के अलावा दूसरी बाईक सवार युवक पारस पुत्र सुरेश निवासी गांव घटायन थाना खतौली घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रतनपुरी पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सलीम पुत्र हमीद को मृत घोषित करके घायल युवकों सनव्वर और पारस को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

# किसान नेताओं की सम्पत्ति की भी जांच की जाये- हरिनाम सिंह

## जनपद में पहुंचने पर भाकियू अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत



**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेशाध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा सोमवार को जनपद में पहुंचे। उनका शाकुंतलम स्थित पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन किसानों की लड़ाई लडने में दिन-रात जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि किसान नेताओं की आमदनी दिनोंदिन बढ रही है, जबकि देश का किसान आत्महत्या करने के लिये मजबूर है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर से उठने वाली किसानों की आवाज कभी पूरे देश में गूंजती थी, लेकिन अब मुजफ्फरनगर में ही दब जाती है, इसके लिये कुछ किसान नेता जिम्मेदार हैं। प्रदेशाध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से उनका बहुत पुराना नाता है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश से उठने वाली आवाज देश भर में सुनी जाती है। किसानों के लिए अपनी जरूरत व मांगे मनवाने के लिये आंदोलन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भाकियू अराजनैतिक संगठन में न तो दलाल हैं और न ही दलालों के लिये यहां कोई काम है। उन्होंने कहा कि यह संगठन सिर्फ और सिर्फ किसानों के लिये है और किसानों की आवाज को कभी भी दबने नहीं दिया जायेगा।

उन्होंने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे लगातार किसानों की आवाज को बुलन्द किये हुए हैं, जिसके उन्होंने अनेक उदाहरण भी दिये। एक सवाल के जवाब में कहा कि हालांकि मौजूदा समय में किसानों को गन्ने का भुगतान समय पर मिल रहा है, लेकिन किसानों के सामने अभी भी अनेक समस्याएं हैं, जिनके कारण किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाई जायेगी। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक समेत अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# रामलीला निर्देशक अमित भारद्वाज ने की गोली मारकर आत्महत्या, क्षेत्र में शोक



**मुजफ्फरनगर।** पटेलनगर स्थित श्री आदर्श रामलीला समिति के निर्देशक और रामलीला में रावण का किरदार निभाने वाले अमित भारद्वाज ने आज अज्ञात कारणों के चलते खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही थाना नई मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है। इस दुखद समाचार के बाद रामलीला समिति और स्थानीय समाज में शोक व्याप्त हो गया। श्रीआदर्श रामलीला समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। थाना नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में अमित विहार कूकड़ा की गली नंबर एक निवासी रामलीला के कलाकार अमित भारद्वाज की असमय मृत्यु होने से साथी कलाकार भी शोक संतप्त है। स्थानीय लोग अमित भारद्वाज को एक समर्पित कलाकार और समाजसेवी के रूप में जानते थे। उनके असमय निधन से सांस्कृतिक जगत को भी गहरा आघात लगा है।पुलिस की जांच जारी है और आत्महत्या के कारणों का जल्द खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

# दबंगो से त्रस्त पीडितों ने खटखटाया एसएसपी का दरवाजा

## दबंगों के डर से अपना घर छोडकर दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर पीडित परिवार

**मुजफ्फरनगर।** दबंगों की दबंगई से परेशान होकर पीडित गांव छोडकर दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो रहे हैं। आरोप हैं कि दबंगों द्वारा किसान संगठन का रोब दिखाकर गांव में अपना वर्चस्व कायम करने का प्रयास कर रहा हैं। आरोप हैं कि दबंगों द्वारा दिन दहाडे साथ में अवैध हथियार लेकर गांव में घूमकर अपनी दबंगई का प्रदर्शन करना मानों एक आम बात हो गई हैं, जिस और से पुलिस प्रशासन भी अपनी आखें बंद करके बैठा हुआ हैं। गत छह अप्रैल को दबंगों द्वारो जान से मारने की नियत से पीडित पर अवैध हथियार व धारदार हथियारों से हमला किया गया। मारपीट के दौरान शोर शराबा सुनकर पडोसी इकट्ठा हो गये और किसी तरह दबंगों के चंगुल से पीडित को छुडाया गया। पीडित ने एसएसपी से दंबगों के विरूध सख्त कार्यवाही करने और कडी सजा दिलवाये जाने की मांग



की हैं। सोमवार को थाना छपार क्षेत्र के गांव बसेडा निवासी पीडित इनाम अली पुत्र जमील अहमद ने अपने परिवार के साथ मीडिया सेंटर पर पत्रकारों से वार्ता कर रूआंसी हालत में बताया कि किस प्रकार से दबंगों द्वारा अवैध हथियार के बल पर अपना वर्चस्व कायम करने के लिए किस प्रकार से गांव वासियों का परेशान किया जा रहा हैं। आरोप हैं कि दबंग युवको द्वारा किसान संगठन से जुडे होने और पुलिस प्रशासन को अपने हाथो की कटपुतली बताकर रोब दिखाया जाता हैं। पीडित इनाम अली ने बताया कि गत छह अप्रैल को मेरे भाई इस्लाम को गांव के ही दबंग इरशाद, दिलशाद शहजाद पुत्रगण मन्जूर व नौशाद पुत्र शहजाद द्वारा जान से मारने की नियत से गले में फंदा डालकर अपने घर के अंदर खींच लिया गया और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी।

उन्होंने बताया कि शोर शाराबा सुन कर पडोसी मौके पर इकट्ठा हो गये और बामुश्किल दबंगों के कब्जे से पीडित के भाई इस्लाम को छुडाया गया। वहीं पीडित द्वारा पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही से असंतुष्ट होकर जिला प्रशासन से दबंगों के विरूध सख्त कार्यवाही करने की गुहार लगाई हैं। आरोप हैं कि दबंगों द्वारा पीडितों को प्रतिदिन धमकियां दी जा रही हैं कि आप लोग कितने भी पुलिस दफ्तरों के चक्कर काट लो मगर आपकी एक नही सुनी जायेगी, क्योंकि थानों में हमारी चलती हैं। पीडितों ने बताया कि दबंगों द्वारा पीडितों में गांव में घुसने पर जाने से मारने का खुले आम ऐलान किया हुआ हैं जिस डर से पीडित अपने घर भी जाने से डर रहे हैं। आरोप हैं कि गांव में घर पर पालतू पशु गाय, भैंस आदि भी हैं, जो दो दिनों से भूखे प्यासे पालकों के कर्मो को कोस रहे हैं। आरोप हैं कि पीडितों को झूठे मुकदमें में फंसाने के लिए पांच दिन बाद दबंगों द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया हैं। पीडितों ने एसएसपी से इंसाफ की उम्मीद जताई हैं और दबंगों के विरूध सख्त कार्यवाही कर सजा दिलवाये जाने की मांग की हैं।

# डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्ष प्रेरणादायी: मीनाक्षी स्वरूप

## पालिका सभागार में मनाया गया डॉ. अम्बेडकर का जन्मदिवस, चेयरपर्सन ने सभासदों संग किया नमन

**मुजफ्फरनगर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती नगरपालिका परिषद् में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पालिका प्रशासन के द्वारा सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सभासदों और पालिका अधिकारियों के साथ मिलकर डॉ. अम्बेडकर को पुष्प अर्पित किए और उनके बलिदान को याद करते हुए सभी से उनके आदर्श अपनाने के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया। नगरपालिका परिषद् के सभागार में सोमवार को डॉ. अम्बेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, इसमें मुख्य अतिथि पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी और बोर्ड सदस्यों का ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने स्वागत किया। विचार गोष्ठी में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि



डॉ. भीमराव अम्बेडकर कावन सच्चे अर्थों में लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला रहे। उन्होंने समतामूलक एवं न्यायप्रिय समाज की स्थापना के लिए संघर्ष किया और वो सामाजिक समरसता के लिए उत्कृष्ट भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में उभरे। पूरे विश्व में ही भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अनुयायी उनकी 134वीं जयंती पर उनको नमन कर रहे हैं।

ऐसे महापुरुष हमें मिले, इसके लिए हमें गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि आज के दिन हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलते हुए एक समानता, समरसता और न्याय पर आधारित समाज के निर्माण में अपना योगदान देंगे। कहा कि उनके विचारों को आत्मसात कर, हम एक ऐसे भारत की कल्पना को साकार कर सकते हैं जहाँ सबको सम्मान और अवसर मिले। समतामूलक एवं न्यायप्रिय समाज की स्थापना के लिए उनका संघर्ष हम सभी को अनंत काल तक प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। गोष्ठी में चेयरपर्सन के साथ सभी सदस्यों व अधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके देश और समाज के लिए उनका बलिदान याद कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद कुसुमलता पाल, बॉबी सिंह, मनोज वर्मा, अर्जुन प्रजापति, देवेश कौशिक, अन्नू कुरैशी, अमित पाल, विजय कुमार चिंटू, शहजाद चीकू, सभासद पति ललित कुमार, सलेक चन्द के अलावा ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, जेई जलकल जितेन्द्र कुमार, सीएसएफआई योगेश कुमार, सीएफआई प्लाक्षा मैनवाल, डीपीएम एसबीएम सुशील कुमार व अन्य नगर पालिका अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।



# पुरा के मंदिर में गंदे पानी का नाला छोड़ने के विरोध में खतौली एसडीएम का घेराव होगा- तोमर

**मुजफ्फरनगर।** ब्लाक पुरकाजी भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक सभा गांव महरायपुर में विनीत त्यागी के आवास पर हुई, जहां भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर खतौली तहसील पर निशाना साधते हुए कहा है कि खतौली तहसील में बडे स्तर पर किसानों का शौषण किया जा रहा। उन्होंने कहा है कि गांव पुरा मे खतौली तहसील के अधिकारियों ने मन्दिर की जमीन की कटौती कर गन्दे पानी का नाला निकाल दिया गया है। हेरानी कि बात ये है कि सरकारी दस्तावेज में कही भी नाले का उल्लेख नही है। उसके बाद खतौली तहसील द्वारा जबरन नाला बनवाया गया नाले कि वजह से मन्दिर मे सीलन आ रही है और भविष्य मे मन्दिर को इस नाले कि वजह से बडा नुकसान भी उठाना पड सकता है और गन्दे पानी का नाला अंधूरा छोड दिया और नाला तालाब में ना छोडकर मन्दिर में ही छोड दिया गया और भाजपा सरकार का दावा कि मंदिर पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है, लेकिन खतौली एसडीएम ने पूर्ण से आखें बंद कर सभी चीजो को नजर अंदाज किया जा रहा है, जिसके चलते गांव वासियों की आस्था को ठेस पहुंच रहा है। चौधरी संजीव तोमर ने कहा है कि संगठन काफी समस्याओं को लेकर खतौली तहसील में धरना प्रदर्शन करेगा, अगर खतौली एसडीएम द्वारा समस्याओं का समाधान ना हुआ, तो संगठन रेलवे ट्रैक जाम करने से पीछे नहीं हटेगा। संगठन के चीफ चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि 22 अप्रैल को किसानों की समस्याओं को लेकर कोतवाली छपार में पंचायत करेगा। समाधान ना होने तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहैगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, विकास त्यागी, चंदन त्यागी, मुकेश गुर्जर, दीपक तोमर, अजय त्यागी, सोनू चौधरी, आशु, जगदीश, कालूराम त्यागी, राजीव शर्मा, दक्ष त्यागी, उदित त्यागी, मुनेश कश्यप आदि मौजूद रहे।




# जनता इंटर कॉलेज मुस्तफाबाद पचैंडा में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**मुजफ्फरनगर।** जनता इंटर कॉलेज मुस्तफाबाद पचेण्डा में विद्यालय में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर संविधान शिल्पकार होने के साथ एक महान अर्थशास्त्री,समाज सुधारक, कानूनविद, बैरिस्टर, राजनीतिज्ञ, दलितों के मसीहा, नारी मुक्ति दाता थे। प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि बीआर अम्बेडकर चैरिटेबल ट्रस्ट सरवट मुज़फ़्फ़रनगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया, वहां पर अम्बेडकर के बड़े चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा संबोधन के लिए आमंत्रित किए जाने पर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन संघर्ष और उपलब्धियों पर सूक्ष्म प्रकाश डाला, बाबा साहब ने बचपन से लेकर अंतिम समय तक सामाजिक बुराई को झेला। मंदिर में प्रवेश और सार्वजनिक तालाब से पानी पीने के लिए आन्दोलन किये, दबे-कुचले लोगों के लिए संसद,राज्य विधान सभाओं में सीट आरक्षित करायी और नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था करायी, विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए सफ़लता की बुलंदियों को छुआ, देश के पहले कानून मंत्री बने और देश को दुनिया का सबसे बड़ा ऐसा सुन्दर संविधान दिया, जिसमें सभी के लिए समान अवसर है, सबको वोट का समान अधिकार दिया, झोंपड़ी में रहने वाला गरीब व्यक्ति हो या अडानी, अम्बानी हो, प्रधानमंत्री हो या राष्ट्रपति सभी के वोट की समान क़ीमत है, आओ हम सब मिलकर बाबा साहब के सपनों के एक ऐसे भारत का निर्माण करें, जिसमें सामाजिक समरसता हो, जिसमें किसी प्रकार का भेदभाव न हो।

# शिक्षा को अपना हथियार बनाकर हम समानता और न्याय के लिये प्रयासरत रहेंगे: अनिल कुमार

**मुजफ्फरनगर।** सदर विकास खंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रथेडी में आज बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती अरूणा अरोरा ने कहा कि बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू नामक स्थान पर एक दलित परिवार में हुआ था। अम्बेडकर बचपन से ही सामाजिक भेदभाव और छुआछूत जैसी अमानवीय घटनाओं को झेलते आये, लेकिन कभी हार नहीं मानी। अनेक प्रकार की कठिनाईयों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने कोलम्बिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स अमेरिका और इंग्लैंड जैसे बडे संस्थानों से डाक्टरेट की उपाधियां प्राप्त की। वंशिका मांगलिक ने कहा कि डा. अम्बेडकर का जीवन सिर्फ शिक्षा या संविधान तक ही सीमित नहीं था, वह एक सामाजिक क्रांतिकारी भी थे। उन्होंने जीवन भर छुआछूत, जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ लडाई लडी। उन्होंने सामाजिक न्याय दिलाने के लिये महत्वपूर्ण कार्य किये। श्रीमती रचना ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर केवल दलितों के ही नेता नहीं थे, उन्होंने हर जाति एवं वर्ग के लिये कार्य किया। बाबा साहेब ने न केवल सामाजिक न्याय की लडाई लडी, बल्कि महिलाओं के अधिकारों के प्रति महत्वपूर्ण कदम उठाये। हिन्दू कोड बिल से लेकर शिक्षा और रोजगार में महिलाओ को बराबरी दिलाने के उनके




प्रयास अद्वितीय हैं। अनुच्छेद-19 में महिलाओं को स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है। इससे वह स्वतंत्र रूप से भारत के क्षेत्र में आवागमन, निवास व व्यवसाय कर सकती हैं। स्त्री होने के कारण किसी कार्य से वंचित करना मौलिक अधिकार का उल्लंघन माना जायेगा। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम सब एक महान व्यक्तित्व को याद करने के लिये इकट्ठा हुए हैं, जिनका नाम सुनते ही भारत के संविधान, सामाजिक न्याय और समानता की भावना हमारे मन में जाग उठती है, वो हैं डाक्टर भीमराव अम्बेडकर। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को उनका जन्मदिन एक तिथि नहीं, बल्कि यह तिथि एक विचार, एक क्रांति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज भी जब समाज में असमानता, भेदभाव और अन्याय की खबरें आती हैं, तब हमें डा. भीमराव अम्बेडकर की शिक्षाओं को याद करने की जरूरत है। उन्होंने कहा हम सभी को डा. भीमराव अम्बेडकर के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए तथा शपथ लेनी चाहिए कि हम शिक्षित होकर शिक्षा को अपना सबसे बडा हथियार बनायेंगे, हम समानता और न्याय के लिये हर स्तर पर प्रयासरत रहेंगे। हम जात-पात, ऊंची-नीच की सोच को खत्म करेंगे।

# पश्चिम बंगाल सरकार तत्काल भंग हो, राष्ट्रपति शासन लागू हो-ललित मोहन

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिम बंगाल में पलायन कर रहे हिंदुओं की रक्षा के लिए केंद्र सरकार को तुरंत कोई सख्त कदम उठाना चाहिए, पश्चिम बंगाल सरकार को तत्काल भंग किया जाए व राष्ट्रपति शासन लागू कर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए उक्त विचार क्रांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा व महामंत्री संजीव शंकर महाराज ने संयुक्त रूप से पार्टी कार्यालय पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के समक्ष प्रकट किये। प्रकाश चौक स्थित क्रांति सेना के राष्ट्रीय कार्यालय पर हिंदू परिवारों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री संजीव शंकर महाराज ने कहा कि यह देश में दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि अपने ही देश में एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में हिंदुओं को शरण लेनी पड़ रही है, बांग्लादेश जैसी स्थिति भारत में भी बन रही है, इसके लिए केंद्र सरकार को तुरंत कोई कार्यवाही करनी



चाहिए। शोकसभा पर मंडल अध्यक्ष शरद कपूर, संजीव वर्मा, ललित रोहेला, पं. उज्जवल शर्मा, शैलेंद्र विश्वकर्मा, भुवन मिश्रा, रोहित धीमन, आदित्य कश्यप, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम चौधरी श्रीमती अनीता शर्मा, शालू चौधरी, अंजू त्यागी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# वक्फ कानून से राजनीतिक टकराव बढ़ा

वक्फ संशोधन विधेयक बेशक अब कानून बन गया हो, पर इसके विरोध में आवाजें उठनी बंद नहीं हुई हैं। पश्चिम बंगाल में आगजनी और विरोध प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि वे इस कानून को अपने यहां लागू नहीं करेंगी। उन्होंने इस मुद्दे पर विरोध जता कर एक तरह से राजनीतिक टकराव की बुनियाद रख दी है। वक्फ के खिलाफ जिस तरह से सियासी और सामाजिक टकराव शुरू होता दिखा रहा है, वह लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है।संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाने से पहले आम सहमति बनाई जाती, तो यह बेहतर होता।

तब शायद न तो शीर्ष अदालत में याचिकाएं दायर होतीं और न ही कश्मीर से लेकर मणिपुर तक लोग सड़कों पर उतरते। मुर्शिदाबाद जिले से पथराव और आंसू गैस छोड़े जाने की जो तस्वीरें आईं, वे डराती हैं।यह दुखद है कि वक्फ कानून के समर्थन में बोलने वालों को पीटा गया। मणिपुर में एक नेता का घर जला दिया गया। जम्मू-कश्मीर में विरोध उस समय दिखा, जब विधानसभा में भारी हंगामे के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक आमने-सामने आ गए। सदन में विवाद इतना बढ़ा कि नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। दरअसल, विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक पर आपत्तियों का समुचित निराकरण नहीं किया गया। हालांकि सरकार ने इसके लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित की थी, पर उसमें भी संतोषजनक बदलाव नहीं किए गए। दोनों सदनों में बहस के दौरान आपत्तियां उठती रहीं। कानून लागू करने से पहले अगर उसके सभी पहलुओं पर विचार कर लिया जाता, तो शायद इतना विवाद न होता।कोई भी कानून पूरे देश और आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाया जाता है, मगर जब उसे सियासीहार-जीत का मुद्दा बना लिया जाता है, तो विवाद उठता ही है। इसीलिए इस कानून की संवैधानिकता पर सवाल उठाते हुए सर्वोच्च न्यायालय में गुहार भी लगाई गई है। किसी भी मसले पर सियासी मतभेद हो सकते हैं, लेकिन विचारधारा का ऐसा टकराव न हो, जिससे संघीय ढांचे पर चोट पहुंचे। इस समय वक्फ पर मचे घमासान में हमें इस तकाजे का ध्यान रखना जरूरी है।

# स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में असमानता और भारत की सेहत का आईना


**भारत का कुल स्वास्थ्य बजट 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का केवल 2.1 प्रतिशत है, जबकि डब्ल्यूएचओ का मानक न्यूनतम 5 प्रतिशत है। यह बजट अपेक्षाकृत कम है, खासकर तब जब हम देखते हैं कि भारत में एक बड़े हिस्से को अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। गांवों में तो सरकारी अस्पताल अक्सर डॉक्टर, दवा और उपकरणों के अभाव में सिर्फ इमारत बनकर रह जाते हैं। भारत में स्वास्थ्य और गरीबी का संबंध इतना गहरा है कि अक्सर ये दोनों एक-दूसरे को जन्म देते हैं। जो लोग गरीब हैं, उन्हें पौष्टिक भोजन नहीं मिलता, वे अस्वच्छ माहौल में रहते हैं और चिकित्सा सुविधाओं तक उनकी पहुंच सीमित रहती है। जब वे बीमार पड़ते हैं, तो उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा इलाज में चला जाता है, जिससे वे और गरीब हो जाते हैं। यह एक चक्रव्यूह है, जिससे निकलना आसान नहीं।**

**(जयसिंह रावत)**

भारत का कुल स्वास्थ्य बजट 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का केवल 2.1 प्रतिशत है, जबकि डब्ल्यूएचओ का मानक न्यूनतम 5 प्रतिशत है। यह बजट अपेक्षाकृत कम है, खासकर तब जब हम देखते हैं कि भारत में एक बड़े हिस्से को अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

हर वर्ष 7 अप्रैल को जब विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है, तो यह अवसर केवल औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि यह आत्ममंथन का दिन होना चाहिए। विशेष रूप से भारत जैसे देश के लिए जहां स्वास्थ्य सेवाएं आज भी बहुसंख्यक आबादी के लिए दुर्लभ और असमान हैं।

एक ओर चमकते शहरों में आधुनिक अस्पताल हैं, तो दूसरी ओर करोड़ों गरीब नागरिक ऐसे हैं जो बुनियादी चिकित्सा सुविधा तक नहीं पहुंच पाते। भारत में स्वास्थ्य आज भी एक सेवा नहीं, संघर्ष है- गरीबी, कुपोषण, असमानता और उपेक्षा से जूझते लोगों के लिए यह दिवस एक चेतावनी है कि विकास की दौड़ में पीछे छूट गए लोगों की सेहत की सुध लेना अब टालना संभव नहीं।



**स्वास्थ्य सेवाओं में भारत की स्थिति- उपलब्धि और विडंबना-** भारत ने पिछले कुछ दशकों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। पोलियो उन्मूलन, कोविड-19 के दौरान टीकाकरण अभियान और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के जरिए सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। लेकिन ये सफलता की कहानियां केवल कहानी बन कर न रह जाएं, इसके लिए जरूरी है कि हम आंकड़ों की तह में जाकर असलियत को देखें। भारत का कुल स्वास्थ्य बजट 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का केवल 2.1 प्रतिशत है, जबकि डब्ल्यूएचओ का मानक न्यूनतम 5 प्रतिशत है। यह बजट अपेक्षाकृत कम है, खासकर तब जब हम देखते हैं कि भारत में एक बड़े हिस्से को अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। गांवों में तो सरकारी अस्पताल अक्सर डॉक्टर, दवा और उपकरणों के अभाव में सिर्फ इमारत बनकर रह जाते हैं।

भारत में स्वास्थ्य और गरीबी का संबंध इतना गहरा है कि अक्सर ये दोनों एक-दूसरे को जन्म देते हैं। जो लोग गरीब हैं, उन्हें पौष्टिक भोजन नहीं मिलता, वे अस्वच्छ माहौल में रहते हैं और चिकित्सा सुविधाओं तक उनकी पहुंच सीमित रहती है। जब वे बीमार पड़ते हैं, तो उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा इलाज में चला जाता है, जिससे वे और गरीब हो जाते हैं। यह एक चक्रव्यूह है, जिससे निकलना आसान नहीं।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, भारत की लगभग 35 प्रतिशत जनसंख्या अब भी कुपोषण से ग्रस्त है और बालकों में स्टंटिंग (लंबाई कम होना) और वेस्टिंग (वजन कम होना) जैसी समस्याएं आम हैं। इस कुपोषण का सीधा संबंध गरीबी से है, जो स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के साथ मिलकर एक भयावह तस्वीर प्रस्तुत करता है।

**बाल और मातृ मृत्यु दर-** भारत ने बाल मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयास किए हैं, लेकिन अब भी यह दर कई विकसित देशों की तुलना में बहुत अधिक है। एलएफएचएस-5 के अनुसार, भारत में प्रति 1000 जीवित जन्मों पर 28 शिशुओं की मृत्यु हो जाती है। मातृ मृत्यु दर भी चिंताजनक है–हर 100,000 जन्मों पर 97 महिलाओं की मृत्यु होती है, जो बताता है कि गर्भावस्था और प्रसव भारत में अब भी जोखिमपूर्ण अनुभव है।

इसका मुख्य कारण है- स्वास्थ्य केंद्रों की कमी, प्रसव पूर्व देखभाल का अभाव, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता में कमी और समाज में महिला स्वास्थ्य के प्रति उपेक्षा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी भयावह है जहां महिलाएं अक्सर बिना किसी चिकित्सीय मदद के घर पर ही प्रसव करने को मजबूर होती हैं।

**स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच- शहर बनाम गांव-** भारत की स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे बड़ा अंतर शहरी और ग्रामीण इलाकों के बीच है। शहरों में निजी अस्पतालों की भरमार है, जो महंगे हैं, लेकिन आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। वहीं गांवों में सरकारी अस्पताल भी दूर-दराज हैं और वहां योग्य डॉक्टरों की भारी कमी है। ग्रामीण भारत की लगभग 70 प्रतिशत आबादी केवल 30 प्रतिशतडॉक्टरों पर निर्भर है। यही नहीं, भारत में प्रति 1000 लोगों पर केवल 0.8 डॉक्टर उपलब्ध हैं, जबकि डब्ल्यूएचओ का मानक 1.1000 है।

स्वास्थ्य सेवाएं कितनी सुलभ हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि भारत में केवल 30 प्रतिशत लोग ही किसी न किसी प्रकार के स्वास्थ्य बीमा से कवर हैं। बाकी लोग बीमारी की स्थिति में जेब से खर्च करने को मजबूर होते हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 6 करोड़ लोग सिर्फ इलाज पर खर्च के चलते गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। सरकार की आयुष्मान भारत योजना एक बड़ी पहल है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसके लाभार्थियों को लेकर पारदर्शिता, अस्पतालों की भागीदारी और धोखाधड़ी की शिकायतें भी देखने को मिलती हैं।

**क्या विश्व स्वास्थ्य दिवस केवल औपचारिकता है?-** यह सवाल हर भारतीय को खुद से पूछना चाहिए। अगर यह दिवस केवल भाषण, रंगोली प्रतियोगिता और सेमिनारों तक सीमित रह गया, तो यह एक खोखली परंपरा बनकर रह जाएगा। लेकिन अगर इस दिन को स्वास्थ्य नीति पर पुनर्विचार, बजट में वृद्धि, और गरीबों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी की दिशा में उठाया गया कदम बना दिया जाए- तो इसका असल महत्व सिद्ध होगा।

यह दिवस एक अवसर है याद दिलाने का कि स्वास्थ्य कोई विलासिता नहीं, बल्कि मौलिक अधिकार है। भारत जैसे देश के लिए यह अवसर है सामाजिक विषमता के खिलाफ आवाज उठाने का, और एक ऐसे तंत्र को विकसित करने का जहां स्वास्थ्य सुविधा जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के आधार पर नहीं, बल्कि मानवता के आधार पर उपलब्ध हो।

भारत एक युवा देश है, लेकिन अगर उसकी युवा शक्ति कुपोषण, मानसिक तनाव, और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझती रहेगी, तो यह जनसंख्या बोझ बन जाएगी। हमें याद रखना चाहिए कि केवल आर्थिक विकास, बुलेट ट्रेन या स्मार्ट सिटी नहीं, बल्कि एक स्वस्थ नागरिक ही किसी देश की असली ताकत होता है।

इस विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हमें सिर्फ जागरूक होने की नहीं, जवाबदेही तय करने की जरूरत है- सरकार, समाज और स्वयं अपनी भी। क्योंकि जब तक भारत का आखिरी नागरिक भी स्वस्थ नहीं होगा, तब तक हम सच्चे अर्थों में एक विकसित राष्ट नहीं बन सकते।

# मनोज कुमार की फिल्मी देशभक्ति ने तैयार की राष्ट्रवादी सत्ता की भावभूमि

(अजय बोकिल)

देशभक्ति की उनकी परिभाषा, सेल्युलाइड पर उसका चित्रण को भारत की बदलती राजनीतिक, सामाजिक चेतना के सदंर्भ में मनोज कुमार की भूमिका को हम किस रूप में याद करें? यह सवाल 87 वें साल में उनके निधन के बाद ज्यादा मौजूं हो गए हैं।

मनोज कुमार ने फिल्मों में अपनी आदर्शवादी, समावेशी देशभक्ति व राष्ट्रप्रेम के जरिए भविष्य में एक केन्द्रीय राजनीतिक विचार में तब्दील होने वाले प्रखर और काफी हद उग्र राष्टवाद की शुरुआती जमीन तैयार की। मनोज कुमार कितने महान और वर्सटाइल अभिनेता थे, इस पर प्रश्नचिन्ह हैं, लेकिन वो एक निष्णात, डायरेक्टर, निर्माता संपादक और संवाद लेखक निस्संदेह थे।

मनोज कुमार ने देश की स्वतंत्रता के एक दशक बाद नैतिक मूल्यों का आदर्श कायम रखते हुए देश के लिए जीने-मरने का ऐसा संदेश दिया, जो उस जमाने में हावी समाजवादी सोच और धर्मनिरपेक्ष आग्रहों से थोड़ा अलग हटकर था। इस अर्थ में मनोज कुमार को निर्मल देशभक्ति और प्रखर राष्टवाद के मिलन बिंदु पर खड़ा कलाकार कहा जा सकता है। जो रोमांस में भी राष्ट्रीय मूल्यों को सहेजता है और जो राष्ट्रीय मूल्यों में रोमांस को जीता है।

कुछ लोग मनोज कुमार की देशभक्ति को अति भावुकता से लबरेज और किसी हद तक अवास्तविकता से भरा मानते हैं। बावजूद इसके यह सचाई है कि मनोज कुमार ने यह फार्मूला व्यावसायिक तौर पर हिंदी फिल्मों में सफलता से अप्लाय किया और अपनी एक अलग छवि तैयार की।

फिल्म 'कांच की गुड़िया'(1961) से की शुरुआत

यूं मनोज कुमार ने अपना फिल्मी कॅरियर उनकी पहली फिल्म 'कांच की गुड़िया'(1961) से शुरू किया। लेकिन उस फिल्म के चाकलेटी चेहरे वाले हीरो मनोज कुमार का कोई खास नोटिस नहीं लिया गया। याद रहे कि मनोज कुमार का फिल्म इंडस्ट्री में आगमन उस जमाने में हुआ, जब एक तरफ देवदास तो दूसरी तरफ प्ले ब्वॉय या फिर समाजवादी विचार से प्रेरित फिल्मी नायकों का जोर था।

खुद मनोज कुमार जिनका असली नाम हरेकृष्ण गोस्वामी था, दिलीप कुमार के प्रशंसक थे। और दिलीप साहब की एक पुरानी फिल्म 'शबनम' में उनके किरदार 'मनोज कुमार' से प्रभावित होकर अपना फिल्मी नाम भी मनोज कुमार रख लिया था। फिल्मों में शुरूआती चार साल मनोज कुमार के संघर्ष के थे। हालांकि आंखें बंद कर डायलॉग बोलने की उनकी अदा जरूर नोटिस की गई थी।

1964 में आई राज खोसला की यादगार फिल्म 'वह कौन थी' में मनोज बतौर हीरो नमूदार हुए, लेकिन वह फिल्म चली हीरोइन साधना के अभिनय और मदन मोहन के अमर संगीत के कारण। आज भी इस फिल्म के लिए लताजी द्वारा गाया 'लग जा गले' लता दीदी के टॉप टेन सांग में शामिल करना ही पड़ता है।

लेकिन मनोज कुमार की फिल्मी कामयाबी और हिंदी फिल्म उद्योग में देशभक्ति को सफल व्यावसायिक फार्मूला बनाने की कहानी शहीद भगत सिंह पर बनी फिल्म 'शहीद' से शुरू होती है। इस फिल्म का संगीत आज भी लाजवाब है। इसी फिल्म को देखकर तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने मनोज कुमार को देशभक्ति और उनके अमर नारे ' जय जवान, जय किसान' पर केन्द्रित एक फिल्म बनाने का सुझाव दिया।



मनोज कुमार ने उस पर पूरी ईमानदारी से अमल किया और फिल्म 'उपकार' बनाई। मूलत- ये एक प्रचार फिल्म ही थी, लेकिन इसने रचनात्मकता, संवेदनशीलता, मैसेजिंग और बॉक्स आफिस पर कामयाबी का नया इतिहास रचा। इसीलिए देश में राजनीतिक एजेंडों पर जितनी भी फिल्में बनी हैं, उनमें 'उपकार' का मयार सबसे अलग और शाश्वत है। मनोज कुमार ने इसे दिल से बनाया था। यानी यह प्रचार फिल्म होकर भी देशप्रेम का सार्थक संदेश देने वाली अमर फिल्म बन गई।

शानदार पटकथा, कहानी, अभिनय, संवाद, पात्रों की संरचना, गीत और संगीत ने भी इस फिल्म को हिंदी की श्रेष्ठ फिल्मों में स्थापित कर दिया। इस फिल्म के निर्माण के दौरान हुए भारत-पाक युद्ध के दौरान उभरे राष्ट्रप्रेम, युद्ध के कुछ समय बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की असमय और रहस्यमय मौत ने इस फिल्म की प्रासंगिकता को और बढ़ा दिया।

# सिनौली उत्खनन ने सिद्ध किया, आर्य भारत के मूलनिवासी

**भारत की परतंत्रता व पुरातात्विक साक्ष्यों की कमी व अनदेखी ने इस मिथक को स्थापित कर दिया की आर्य नामक एक जाति भारत में मध्य एशिया से आई थी। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में हिंडन व यमुना नदी के मध्य में स्थित सिनौली नामक पुरास्थल से सन् 2018 -19 में मिले पुरावशेषों ने यूरोपीय इतिहासकारों व उनके अनुगामी भारतीय इतिहासकारों द्वारा रचित आर्य आगमन के मिथक को धराशाई करने का कार्य किया है।**

**(शुभम केवलिया)**

भारत की परतंत्रता व पुरातात्विक साक्ष्यों की कमी व अनदेखी ने इस मिथक को स्थापित कर दिया की आर्य नामक एक जाति भारत में मध्य एशिया से आई थी,कहा जाता था की 1500 ई. पू. में मध्य एशिया से आए तथाकथित आर्य भारत में रथ लेकर आए द्य परन्तु सिनौली से प्राप्त रथ तो 2000 ई.पू. के हैं तथा 1500 ई. पू. से अधिक प्राचीन हैं।

वैदिक काल और आर्य यह दो ऐसे शब्द हैं जो भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व के इतिहासकारों व आमजनमानस को 19वीं शताब्दी से आकर्षित किए हुए हैं द्य अंग्रेजों के भारत में स्थापित हो जाने के बाद उनके इतिहासकारों ने मजबूती से इस बात को स्थापित करने का प्रयास किया की आर्य नामक एक जातीय समूह 1500 ईसा पूर्व में मध्य एशिया से चलकर भारत आयाद्य उनके अनुसार ये वही लोग थे जो भारत में अपने साथ घोड़े व रथ लेकर आए।

भारत की परतंत्रता व पुरातात्विक साक्ष्यों की कमी व अनदेखी ने इस मिथक को स्थापित कर दिया की आर्य नामक एक जाति भारत में मध्य एशिया से आई थी । उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में हिंडन व यमुना नदी के मध्य में स्थित सिनौली नामक पुरास्थल से सन् 2018 -19 में मिले पुरावशेषों ने यूरोपीय इतिहासकारों व उनके अनुगामी भारतीय इतिहासकारों द्वारा रचित आर्य आगमन के मिथक को धराशाई करने का कार्य किया है।

कहा जाता था की 1500 ई. पू. में मध्य एशिया से आए तथाकथित आर्य भारत में रथ लेकर आए। परन्तु सिनौली से प्राप्त रथ तो 2000 ई.पू. के हैं तथा 1500 ई. पू. से अधिक प्राचीन हैं द्य इतना ही नहीं, भारत के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में रथों को सूर्य किरणों से आलोकित होने की चर्चा की गई है।


सिनौली से मिले काष्ठ निर्मित रथों के पहियों में ताम्बे से जो जड़ाई का कार्य किया गया है वह सूर्य के फैलते हुए प्रकाश जैसा ही है।इस प्रकार सिनौली से मिले रथ व ऋग्वेद में वर्णित रथों में साम्यता है।

हड़प्पा उत्खनन में भी मिलता है साक्ष्य

यहां यह बात भी उल्लेखनीय है की हड़प्पा उत्खनन की विवरणिका (1940) में भी ताम्र निर्मित रथ प्राप्त होने का विवरण उपलब्ध है । दुर्भाग्यवश इस रथ की बात इतिहास की किसी पुस्तक में नहीं की गई है। जहां तक बात घोड़े की है तो सिनौली के उत्खननकर्ता के अनुसार रथ के वजन व माप के अनुसार यह रथ घोड़े के द्वारा खींचना ही सम्भव था। इतना ही नहीं, घोड़े के अवशेष सरस्वती सिंधु सभ्यता के विभिन्न पुरास्थल जैसे सुरकोटदा, लोथल, रंगपुर, शिकारपुर आदि स्थानों से प्राप्त हुए हैं । घोड़े के इन अवशेषों का उल्लेख भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की उत्खनन विवर्णिकाओं में उपलब्ध है।

दुर्भाग्यवश रथ की तरह घोड़े के साक्ष्यों को भी इतिहास की पुस्तकों में स्थान नहीं दिया गया । पुरातात्विक साक्ष्यों व ऋग्वेद के वर्णन से यह स्पष्ट हो जाता है की रथ व घोड़े भारत में 2000 ई. पू. के पहले से विद्यमान थेद्य अतः रथ व घोड़े के आधार पर आर्य आगमन की बात करना तथ्यहीन है।

सिनौली में हुए उत्खनन से हमें योद्धाओं द्वारा पहने जाने वाले ताम्र निर्मित शिरस्त्राण भी मिले हैं । यह




शिरस्त्राण मृत शरीर के साथ ही दफनाए गए थे। भारत में इससे पूर्व इस काल के शिरस्त्राण प्राप्त नहीं हुए थे द्य ऋग्वेद के छठे मंडल में वैदिक देवता मरुतों के द्वारा युद्ध में जाते समय शिरस्त्राण पहने जाने के उल्लेख है द्य यह पुरावशेष भी सिनौली के लोगों में प्रचलित वैदिक परम्परा का ही द्योतक है।

सिनौली से ही मिले कई शवाधानों में एक शवाधान में स्थित काष्ठ निर्मित एक शवपेटिका ऐसी भी है जिसपर ताम्बे की नौ मुखाकृतियां बनाई गई हैं । इन मुखाकृतियों ने बैल के सींग युक्त मुकुट पहने हैं। निश्चित तौर पर शवपेटिकाओं पर बनी इन मुखाकृतियों का कोई धार्मिक प्रयोजन है ।

यहां इस बात का उल्लेख आवश्यक हो जाता है की ऋग्वेद में इंद्र व अग्नि को बैलों के सींग से युक्त मुकुट पहनाए जाने की चर्चा की गई है।पुरातत्वविदों का ऐसा मत है की यह मुखाकृतियां वैदिक देवता इन्द्र और अग्नि की हैं । भारतीय जनमानस में दीर्घकाल से यह भ्रम रहा है की उनके समाज में मृत्योपरांत शव को केवल जलाने की ही परम्परा रही है।

ऋग्वेद के दसवें मंडल में शवों को दफनाने के कई उल्लेख उपलब्ध हैं ।भारतीय समाज में आज भी शवों को जलाने व भू समाधी देने की परम्परा विद्यमान है ।

कई पाश्चात्य विद्वानों ने सिनौली के इन रथों को मध्य एशिया से आने वाले तथाकथित आर्यों से जोड़ने का प्रयत्न किया है द्य जिन आर्यों के आगमन का समय पूर्व में 1500 ई.पू. बताया जाता था उसे अब 2000 ई.पू. ले जाने के प्रयत्न किये जा रहे हैं द्य परन्तु ये इतिहासकार यह भूल जाते हैं की सिनौली के कंकालों का डीएनए व राखीगढ़ी से मिलने वाला 2500 ई.पू. का डीएनए समान है । ऐसे में सिनौली के लोगों को मध्य एशिया से आए आर्य बताना पूर्णतः तथ्यहीन है।

इसके साथ ही अमेरिकी मानव वैज्ञानिक लुकॉक्स व कैनेडी के शोध के अनुसार उत्तर पश्चिम भारत में 800 ई.पू. तक की जनसंख्या में कोई मध्य एशियन डीएनए उपलब्ध नहीं है। डीएनए पर कुछ ऐसा ही परिणाम हाल ही में हुए शोध कार्यों में भी प्राप्त हुआ है।साथ ही, यदि सिनौली के निवासी पश्चिम दिशा से आए थे तो सिनौली जैसे पुरावशेष उस क्षेत्र से भी प्राप्त होने चाहिए लेकिन ऐसे कोई पुरावशेष हमें आगमन के उस मार्ग पर दिखाई नहीं देते ।

ऋग्वेद में वर्णित शवों को दफनाने की परम्परा, सिनौली से मिलने वाले शवाधान व पुरावशेषों के ऋग्वेद में वर्णित श्लोकों से साम्यता इस बात की ओर इंगित करती हैं की सिनौली में आज से 4000 वर्ष पूर्व रहने वाले लोग वैदिक परम्परा के अनुयायी थे।इतना ही नहीं राखीगढ़ी व सिनौली से मिले कंकालों के डीएनए में साम्यता इस बात का अकाट्य प्रमाण है की 1500 ई.पू. में आर्य नामक कोई मानव समूह घोड़े युक्त रथों पर सवार हो मध्य एशिया से भारत में नहीं आया।

भारत में आज से 4000 वर्ष पूर्व के पहले से ही वैदिक मान्यताओं का अनुसरण करने वाले लोग रहा करते थे और वे इसी भूमि के मूलनिवासी थे । यह लेखक के निजी विचार हैं।

# विश्व दर्शन

## बंगलादेश में यूनुस सरकार के तहत मजबूत हुई कट्टरपंथी ताकतों पर जमकर बरसीं हसीना

**ढाका/नई दिल्ली।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने देशवासियों से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत 'मुक्ति-विरोधी और संस्कृति-विरोधी ताकतों को खदेड़ने' और वैश्विक मंच पर बंगलादेश का सिर ऊंचा करने का आग्रह किया है। बंगाली नववर्ष 'पोहेला बोइसाख' पर अपने संदेश में भारत में निर्वासन में रह रही सुश्री हसीना ने अंतरिम सरकार के इस्लामी कट्टरपंथी झुकाव के खिलाफ जमकर हमला बोला, जिसने इस्लामी कट्टरपंथी हिफाजत-ए-इस्लाम पार्टी के कहने पर 'मोंगोल शोभायात्रा' का नाम बदलकर 'अनोंदो शोभायात्रा' करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने नाम बदलने के लिए मजबूर करने वाली इस्लामी ताकतों को बंगलादेश का दुश्मन करार दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग मंगल शोभायात्रा का नाम बदलने की हिम्मत करते हैं, जो हमारी विरासत और संस्कृति के खिलाफ इस तरह की जघन्य साजिशों में शामिल हैं, वे देश के दुश्मन हैं, हमारी संस्कृति के दुश्मन हैं, बंगलादेश के दुश्मन हैं। इस देश के लोग उन्हें कभी सफल नहीं होने देंगे। पिछले साल पांच अगस्त को तथाकथित छात्र आंदोलन द्वारा उनकी अवामी लीग सरकार को हटाए जाने और सेना समर्थित अंतरिम सरकार की स्थापना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज, बंगलादेश में स्वतंत्रता विरोधी ताकतों ने अवैध रूप से सत्ता पर कब्जा कर लिया है। वे सक्रिय रूप से बंगाली संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। जब भी अतीत में स्वतंत्रता विरोधी ताकतों ने नियंत्रण हासिल किया, उन्होंने देश के इतिहास, विरासत और संस्कृति पर हमला किया। उन्होंने न केवल मंगल शोभायात्रा को रोकने की कोशिश की, बल्कि इसका नाम बदलने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस पोहेला बैशाख पर, राष्ट्र की भलाई के लिए हर नागरिक के भीतर छिपी देशभक्ति को जगाएं। संभावनाओं के नए द्वार खुलें। बंगाली नववर्ष के इस शुभ अवसर पर, आइए हम उन सभी चीजों को अस्वीकार करने का संकल्प लें जो अस्वस्थ, बदसूरत या विकृत संस्कृति का हिस्सा हैं और इसके बजाय, एक स्वस्थ, सुंदर और रचनात्मक जीवन शैली को अपनाएं। उन्होंने लिखा कि बंगाली नववर्ष के लिए यही हमारी आशा है। जय बांग्ला। जय बंगबंधु। अंधकार मिट जाए और प्रकाश हो। यूनुस शासन के तहत बंगलादेश ने शेख मुजीबुर रहमान और 1971 के मुक्ति संग्राम से जुड़े अपने इतिहास को मिटाने का सक्रिय प्रयास देखा है और भारत ने मुक्ति बलों को मदद की है, जिसने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से बंगलादेश के निर्माण में मदद की। यूनुस शासन के तहत बंगलादेश भर में इस्लामी भीड़ ने मुजीब की भित्तिचित्र, मूर्तियाँ और तस्वीरें ध्वस्त कर दीं साथ ही उनके स्मारक और जिस घर में वे रहते थे, जो एक संग्रहालय था, उसे भी नष्ट कर दिया। कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में वैज्ञानिकों या विचारकों से जुड़े नाम जो हिंदू नाम थे, बदल दिए गए हैं। श्री यूनुस के शासन में बंगलादेश ने अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों के खिलाफ हिंसा और अपराध की घटनाओं में वृद्धि देखी है, जिसमें उनकी भूमि और संपत्तियों को हड़पने का प्रयास किया गया है, जिस पर भारत ने बार-बार चिंता व्यक्त की है। कानून और व्यवस्था की स्थिति में गिरावट के अलावा बंगलादेश की अर्थव्यवस्था भी गिरावट देख रही है क्योंकि नए निवेशक निवेश करने के लिए तैयार नहीं हैं। देश में अपना पैसा लगाने वाले कई उद्योग बंद हो गए हैं। इससे पहले अपने संदेश में सुश्री हसीना ने लिखा था कि 1971 के युद्ध और बंगलादेश के गठन के बाद, नए साल के जश्न ने एक नई भावना हासिल कर ली। बंगाली नव वर्ष बंगाली राष्ट्र की धर्मनिरपेक्ष चेतना का प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा कि हालांकि, 1975 में, जब राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की उनके परिवार के साथ बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, तब बंगाली सांस्कृतिक पहचान को मिटाने और पाकिस्तानी विचारधारा को वापस लाने का प्रयास किया गया था। संस्कृति के क्षेत्र में राजनीतिक जहर को कपटपूर्ण तरीके से डाला गया। लेकिन बंगाली लोग चुप नहीं रहे- उन्होंने एक अडिग सांस्कृतिक प्रतिरोध को आगे बढ़ाया। ढाका विश्वविद्यालय में ललित कला संकाय हर साल मंगल शोभायात्रा का आयोजन करता है, जिसे 30 नवंबर, 2016 को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में गर्व से मान्यता दी गई थी। यह अवामी लीग सरकार ही थी जिसने इस त्योहार को मनाने के एक हिस्से के रूप में सरकारी कर्मचारियों के लिए ईद और पूजा बोनस की तरह ही बोइशाखी भत्ता शुरू किया था। गौरतलब है कि इस वर्ष 'अनोंदो शोभायात्रा' में सुश्री हसीना के चेहरे पर 'फासीवाद की दुष्ट शक्ति' का एक विचित्र चित्रण दिखाया गया था।

## ईरान, अमेरिका के बीच ओमान में बातचीत परमाणु कार्यक्रम अमेरिकी प्रतिबंध हटाने पर केंद्रित रही

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि ओमान में अमेरिका के साथ उसकी वार्ता केवल ईरानी परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने पर केन्द्रित रही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने रविवार को सरकारी टेलीविजन से कहा कि वार्ता में ईरान का रुख अपरिवर्तित रहा तथा अपने परमाणु अधिकारों को संरक्षित करने और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने पर केन्द्रित रहा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची और मध्य पूर्व में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच शनिवार को हुई मध्यस्थों के जरिए वार्ता आयोजित की गई। श्री बाघई ने कहा कि ईरान अपने परमाणु बुनियादी ढांचे और उपलब्धियों को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अपनी परमाणु गतिविधियों की शांतिपूर्ण प्रकृति के बारे में आश्वस्त करने के लिए बातचीत में शामिल होने की अपनी इच्छा भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि ईरान परमाणु अप्रसार संधि के सदस्य और आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) सुरक्षा समझौतों पर हस्ताक्षरकर्ता के रूप में अपने वैध अधिकारों की रक्षा के लिए सभी कानूनी और कूटनीतिक साधनों का उपयोग करने के लिए खुद को बाध्य मानता है। बैठक के बाद मस्कट में पत्रकारों से बात करते हुए श्री अराघची ने वार्ता के पहले दौर को रचनात्मक बताया और इसे शांत और सम्मानजनक माहौल में आयोजित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनुचित भाषा का इस्तेमाल नहीं किया गया और दोनों पक्षों ने समान स्तर पर बातचीत को आगे बढ़ाकर पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते की दिशा में प्रतिबद्धता दिखाई। उन्होंने कहा कि अगले शनिवार को वार्ता का दूसरा दौर निर्धारित किया गया है, संभवतः किसी अन्य स्थान पर। मस्कट चर्चा मार्च में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा के बाद हुई थी कि उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के माध्यम से ईरानी नेताओं को परमाणु वार्ता का प्रस्ताव देते हुए एक पत्र भेजा है। ईरान ने बाद में पत्र प्राप्त करने की पुष्टि की और अप्रत्यक्ष जुड़ाव के लिए खुलापन व्यक्त किया। ईरान ने छह विश्व शक्तियों, अर्थात् संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के साथ 2015 संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) पर हस्ताक्षर किए, जिसमें प्रतिबंधों में राहत के बदले में अपने परमाणु कार्यक्रम को रोकने पर सहमति व्यक्त की गई। अमेरिका ने 2018 में एकतरफा रूप से समझौते से वापस ले लिया और प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया, जिससे तेहरान को अपनी परमाणु प्रतिबद्धताओं को कम करना पड़ा।

# भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया





**शामली।** संविधान निर्माता व भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी मोहित बेनीवाल, विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली, एडीएम संतोष कुमार सिंह ने डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कहा कि उनका जीवन बड़े संघर्ष में बीता और उस समय क्या परिस्थिति थी। उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर जिनको भारत रत्न की उपाधि प्राप्त है वह कोई साधारण व्यक्ति नहीं थे वे एक महान व्यक्तित्व के धनी होने के साथ-साथ एक महान समाज सुधारक भी थे। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों को संविधान की पुस्तक भेंट की गई। एमएलसी मोहित बेनीवाल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी को संविधान की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। वंश मलिक देवी उमराकौर विद्यालय के छात्र को बाबा साहब अम्बेडकर पर सुनाई गई सुंदर कविता पाठ के लिए उसको संविधान की पुस्तक भी उपलब्ध कराई। एडीएम संतोष कुमार सिंह ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द ने किया। मौके पर जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव, अमित मलिक, नमन जैन, वेदपाल गहलोत आदि मौजूद रहे।

# अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया



**शामली।** शहर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी संविधान के निर्माता विश्व रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्मोत्सव पर शहर के अंबेडकर चौक निकट रोडवेज बस स्टैंड के पास अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

सोमवार को शहर के अंबेडकर चौक से डा. बीआर अंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी कुशांक चौहान, चेयरमैन अरविन्द संगल, रालोद प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने संयुक्त रूप से किया। पहले भंडारो का आयोजन हुआ, जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। भव्य शोभायात्रा अंबेडकर प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर विजय चौक, नौकुआ, बरखंडी, नंदू प्रसाद, छात्रावास, बड़ी माता मंदिर, बीच की आल, बड़ीआल, बेंड मार्केट, भिक्की मोड, शिव चौक, गांधी चौक, बड़ा बाजार, कबाडी बाजार, वीवी इंटर कॉलेज रोड, हनुमान रोड, बुढ़ाना रोड से होते हुए अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर संपन्न हुई।

शोभायात्रा में प्रमुख रूप से झांकी डॉ भीमराव अंबेडकर, भगवान वाल्मीकि, भगवान रविदास, मीराबाई रविदास, कबीर दास, अंबेडकर के माता-पिता, अंबेडकर और रमाबाई, बौद्ध भिक्षु, एक प्रमुख रथ, बैंड बाजे ढोल नगाड़ों शामिल रहे। शोभायात्रा का शहर के बडी माता मंदिर रोड पर सभासद संदीप कुमार द्वारा स्वागत किया गया और लोगों को गर्मी से बचाव को मीठा शर्बत वितरित किया गया। इस अवसर पर मौहम्मद अनीस, प्रमोद सैनी, सागर कुमार, अरूण कुमार, राजेश कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

# दलितों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करेगी समाजवादी पार्टी: सुधीर पंवार




**शामली।** बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की 134वी जयन्ती के अवसर पर समाजवादी पार्टी अनुसूचित प्रकोष्ठ ने स्वाभिमान-स्वमान कार्यक्रम हरदेव नगर शामली में आयोजित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि उनके संघर्ष व दिए गए संविधान से सदियों से अपमान एवं गुलामी झेल रहे दलितों एवं पिछड़ों को आजादी मिली लेकिन भाजपा और संघ परिवार सनातन और हिंदुत्व के नाम पर उन्हें मिले अधिकार छीनना चाहता है। सरकारी नौकरियों में दलितों को मिलने वाली नौकरियों को आउटसोर्सिंग से भरकर उनका आरक्षण छीना जा रहा है। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि माजवादी पार्टी दलितों के स्वाभिमान व स्वमान की रक्षा करने के लिए कृतसंकल्प है तथा हर हाल में बाबा साहब के संविधान पर कोई आँच नहीं आने देगी। समाजवादी पार्टी अनुसूचित प्रकोष्ठ के ज़िलाध्यक्ष सलेक चंद ने कहा कि दलित सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर हुए हमले ने भाजपा व उनके सहयोगी संगठनों की असलियत को दलितों के सामने उजागर कर दिया है। प्रदेश में दलितों एवं दलित महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएँ बढ़ रही है। इस अवसर पर अर्चना चौधरी, सतीश जलालपुर, विकास गोगर, खुशनूद आदि मौजूद रहे।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली।** भारतीय एवं विश्व के इतिहास में 15 अप्रैल की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न है:-1469: सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक का जन्म। 1563: सिखों के पांचवें गुरु गुरु अर्जन देव का जन्म। 1658: धरमत की लड़ाई में औरंगजेब ने राजा जसवत सिंह को हराया। सिंह को दारा शिकोह और शाहजहां ने औरंगजेब से लड़ाई करने के लिए भेजा था। 1689: फ्रांस ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1923: डाइबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए इन्सुलिन बाजार में उपलब्ध हुआ। 1940: भारत के प्रसिद्ध सारंगी वादक और शास्त्रीय गायक सुल्तान खान का जन्म। 1948: हिमाचल प्रदेश का गठन। 1976: भारत ने 15 साल में पहली बार बीजिंग में अपना दूत भेजने की घोषणा की। 1980: छह गैर-सरकारी बैंक राष्ट्रीयकृत किए गए। इससे पहले भी कुछ बैंक इसी तरह राष्ट्रीयकृत किए गए थे। 1981: पाकिस्तान एयरवेज के अगवा बोईंग 720 विमान को दो सप्ताह की कोशिशों के बाद सीरिया में छुड़ा लिया गया। इस विमान और इसमें सवार 147 लोगों को छुड़ाने के लिए पाकिस्तान सरकार को जेल में बंद 54 लोगों को छोड़ना पड़ा। 1990: मिखाइल गोर्बाच्योव सोवियत संघ के पहले और अंतिम राष्ट्रपति बने। 1994: भारत ने 124 अन्य देशों के साथ जनरल एग्रीमेंट ऑफ ट्रेड एंड टैरिफ (जीएटीटी) पर हस्ताक्षर किए। 2004: फ्रांस के राष्ट्रपति जॉक शिराक ने उस कानून पर हस्ताक्षर किए, जिसके माध्यम से सरकारी स्कूलों में किसी भी तरह के धार्मिक चिह्न पहनने पर पाबंदी लगा दी गई। 2010: भारत में निर्मित पहले क्रायोजेनिक रॉकेट जीएसएलवी-डी3 का प्रक्षेपण नाकाम। 2019: फ्रांस की राजधानी पेरिस के ऐतिहासिक गिरजाघर नोट्रे-डैम कैथेड्रल में आग लग गई। यूनेस्को ने 1991 में इसे वैश्विक धरोहर घोषित किया था। 2020: देश में कोविड-19 से संक्रमित लोगों की संख्या 11,933 पर पहुंची। कुल 392 लोगों ने महामारी में जान गंवाई।

# अम्बेड़कर के संविधान से मिला सबको 'समानता का अधिकार'



**शामली।** शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेड़कर की जयंती अत्यन्त धूमधाम और उल्लासपूर्वक मनायी गयी। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेड़कर के चित्र पर फूल माला अर्पित की। कहा कि भारत की स्वतंत्रता के समय सभी लोगो को यह चिन्ता थी कि विभिन्न धर्मो के लोग भारत में एक साथ कैसे रहे पायेंगे, लेकिन डॉ. अम्बेड़कर ने अपनी विदृत्ता से ऐसे संविधान का निर्माण किया जो सभी धर्मो के लोगो के समान रूप से भारत देश में रहने का अधिकार प्रदान करता है। इस अवसर पर घनश्याम सारस्वत, मनोज शर्मा, सारिका गर्ग, सीमा शर्मा, मोहित मित्तल, लोकेश वर्मा, विनोद कुमार, कविता मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# रंग संसार

## मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' में काम करेंगी करीना कपूर




बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करीना कपूर खान, फिल्मकार मेघना गुलजार की आने वाली फिल्म दायरा में काम करती नजर आयेंगी। फिल्म दायरा में करीना कपूर, पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ काम करती नजर आयेंगी। करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म दायरा में काम करने की घोषणा की है। करीना कपूर ने कैप्शन में लिखा कि मेरा मानना है कि मैं एक निर्देशक की कलाकार हूं और इस बार मैं हमारे सबसे बेहतरीन निर्देशकों में से एक, मेघना गुलजार और शानदार पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। मैं इनके काम की प्रशंसक हूं। अपनी ड्रीम टीम दायरा से बस यही कहूंगी आइए मिलकर आगे बढ़ते हैं। करीना कपूर ने कहा, हिंदी सिनेमा में 25 साल पूरे होने के मौके पर मैं अपनी अगली फिल्म दायरा की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं, जिसकी निर्देशक मेघना गुलजार हैं। तलवार से लेकर राजी तक, मैं उनके काम की प्रशंसक रही हूं और उनके प्रोजेक्ट में काम करना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है।

## नवाजउद्दीन सिद्दिकी की फिल्म 'कोस्टाओ' का टीजर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता नवाजउद्दीन सिद्दिकी की आने वाली फिल्म 'कोस्टाओ' का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन जल्द ही फिल्म 'कोस्टाओ' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन सेजल शाह ने किया है। निर्माताओं ने 'कोस्टाओ' का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें नवाजउद्दीन का धाकड़ अवतार दिख रहा है। फिल्म 'कोस्टाओ' एक हाई-ऑक्टेन क्राइम ड्रामा है, जो गोवा के सबसे बड़े तस्कर से लोहा लेने वाले कस्टम अधिकारी के जीवन से प्रेरित है।

# राज काज

## मेक इन इंडिया से सुदृढ़ हुआ भारतीय औषधि विज्ञान



आज दुनिया में भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र (औषधि विज्ञान) की छवि तेजी से बदल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के आह्वान से यह इंडस्ट्री पहले से कई गुना सुदृढ़ हुई है। यही नहीं भारत पिछले छह-सात वर्षों से यूनिसेफ का सबसे बड़ा वैक्सीन आपूर्तिकर्ता रहा है। भारत ने इस अवधि में यूनिसेफ की कुल खरीद में 55 प्रतिशत से 60 प्रतिशत योगदान दिया। आज का नया भारत क्रमशः डीपीटी, बीसीजी और खसरे के टीकों के लिए डब्ल्यूएचओ की मांग का 99 प्रतिशत, 52 प्रतिशत और 45 प्रतिशत पूरा करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के अनुरूप रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का औषध विभाग सस्ती दवाओं की कीमत, उपलब्धता, अनुसंधान, विकास और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करता है। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीबीआई) की वेबसाइट में 13 अप्रैल को इस आशय के आंकड़े साझा किए गए हैं। इनमें कहा गया है कि भारत को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाओं का विश्व का सबसे बड़ा प्रदाता बनाने का प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण शामिल है। सबसे बड़ा जोर मेक इन इंडिया पर है। भारतीय दवा उद्योग घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली, कम लागत वाली प्रभावी दवाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और स्वदेशी ब्रांडों के मजबूत नेटवर्क में इसके प्रभुत्व को दर्शाता है। इसमें चिकित्सा उपकरण उद्योग के कई क्षेत्र अत्यधिक पूंजी-प्रधान हैं। वह इसलिए कि इस क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों का निरंतर समावेशन किया जाता है। इसमें मदद के लिए औषध विभाग सरकारी अनुमोदन के माध्यम से एफडीआई प्रस्तावों पर एफडीआई नीति के अनुसार अनुमोदन या अस्वीकृति के लिए विचार करता है।

# दैनिक राशिफल..... 15 अप्रैल, 2025, मंगलवार

**मेष :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मनः स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-3-4-7

**मिथुन:** पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क:** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह:** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या:** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला:** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक:** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु:** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर:** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुम्भ :** हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

**मीन :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

**प्रणपाल सिंह राणा**
**गांधी कालोनी, मुजफ्फरनगर**

## दैनिक पंचांग

**15 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.40 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृष | 07.20 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.18 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.31 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.48 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.59 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.10 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.25 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.41 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मकर | 00.46 बजे से |
| | | कुंभ | 02.33 बजे से |
| | | मीन | 04.05 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 105 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 10.56 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 03.11 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 23.33 बजे को समाप्त। **करण** गर 10.56 बजे तदनन्तर वणिज 00.08 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 47' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872315 **जूलियन दिन** 2460780.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 16 **विशेष** पहेला वैशाख।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# सरियों से भरे ट्रक के नीचे दबकर मां-बेटे की मौत





**शामली।** शहर के मेरठ-करनाल बाईपास हाईवे पर लोहे के सरिये से भरा एक अनियंत्रित ट्रक पलट जाने से मां बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद बेटे को ट्रक के नीचे निकाल लिया गया, जबकि सरियों के नीचे दबी मां के शव को करीब एक घंटे की कडी मशक्कत कर जेसीबी मशीनों की मदद से निकाला गया। मां बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

थाना गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव मालैंडी निवासी 26 वर्षीय उमंग पुत्र मुकेश वशिष्ठ अपनी 48 वर्षीय मां रेखा वशिष्ठ को बाईक से लेकर सोमवार को शहर के एक निजी अस्पताल में दवा दिलाने के लिए आया था। बताया जाता है कि जब वह दवा लेने के बाद वापस अपने गांव लौट रहा था तो मेरठ-करनाल बाईपास हाईवे पर एक ठेले पर गन्ने का रस पीने के लिए दोनों मां बेटे रूक गए। इसी दौरान मेरठ की ओर से आ रहे लोहे के सरिये से भरे ओवरलोड ट्रक चालक का एक कार सवार को बचाने के प्रयास में संतुलन बिगड गया। जिसके बाद ट्रक ने गन्ने के रस के ठेले में टक्कर मारते हुए सडके किनारे खडे मां बेटे को चपेट में ले लिया और पलट गया, जबकि गांव सिलावर निवासी गन्ने के रस के ठेला चालक साहब सिंह बाल बाल बच गया। दुर्घटना की सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत गंभीर रूप से घायल उमंग को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया, जबकि सरिये से भरे ट्रक के नीचे दबी मां रेखा वशिष्ठ को निकालने का प्रयास शुरू कराया गया। घंटों की मशक्कत के बाद दो क्रेन और एक जेसीबी मशीन की मदद से रेखा को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों मां बेटे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## संसद में हुआ बाबा साहब का अपमान: इकरा हसन



**थानाभवन।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हम सबके लिए एक त्यौहार की तरह है। आज के दिन समाजिक योद्धा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की सामाजिक न्याय वह भाईचारे कि सीख को आगे बढ़ाना है। अंबेडकर जयंती के अवसर पर थानाभवन क्षेत्र के गांव रसीदगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में सांसद इकरा हसन ने कहा कि बाबा साहब की जयंती हम सभी के लिए एक त्यौहार की तरह है। आज के दिन हम सभी को समानता व भाईचारा बढ़ाने के लिए संकल्प लेना चाहिए, लेकिन कुछ लोग संविधान को तार-तार कर रहे हैं। संसद में भीमराव अंबेडकर का अपमान किया गया। बाबा साहब कहते थे कि संविधान कितना भी अच्छा हो, लेकिन उसके चलाने वाले अगर सही नहीं है तो संविधान को सही तरह से लागू नहीं किया जा सकता। आज देश चलाने वाले साफ़ मन के नहीं है। देश चलाने के लिए मन का साफ होना बहुत जरूरी है। उन्होंने अंबेडकर जयंती पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग समानता व भाईचारा बढ़ाने के लिए अपने-अपने प्रयास जारी रखें। इकरा हसन ने अंबेडकर पार्क स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर भावपूर्ण स्मरण किया। गांव में पहुंचने पर सपा नेता वतन सिंह सैनी के नेतृत्व में ढोल धमाके के साथ इकरा हसन का जोरदार स्वागत किया, इससे पूर्व आयोजित समारोह में सपा के वरिष्ठ नेता वतन सिंह सैनी ने कहा कि बाबा साहब ने जातिवाद व भेदभाव के विरोध में जीवन भर संघर्ष किया। संविधान के माध्यम से अधिकार दिलाने का कार्य किया।

बाबा साहब ऐसे व्यक्ति थे, जो रात को भी पूरी रात जागकर 24 घंटे गरीबों, पिछडों, दलितों के उत्थान के लिए कार्य करते थे और अपनी वकालत के माध्यम लोगों को न्याय दिलाने का कार्य भी करते थे। वतन सैनी ने लोगों से आह्वान किया कि सभी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाए और समाज में समरसता व भाईचारा बढ़ाने के लिए सकारात्मक प्रयास करें। आज के समय युवा शक्ति शिक्षा को अपना हथियार बनाएं ताकि शिक्षित होकर समाज में सुधार के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संजय कुमार व अध्यक्षता सत्येंद्र ने की कार्यक्रम में ग्राम प्रधान चुन्नीलाल, रजनीश सैनी, ओमपाल सैनी, यशपाल, नेत्रपाल, भुट्टो प्रधान आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वतन सैनी ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में जबर सिंह, सुभाष, सेठपाल, अजब सिंह, सुशील सैनी, रिजवान, अर्चना पवार, यशपाल, सुनील कुमार, नेत्रपाल, राशिद मलिक, इकराम, प्रमोद सैनी, संजय कुमार, सुशील कुमार, चिंटू सैनी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## फायर विभाग ने 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के रूप में मनाया




**शामली।** फायर विभाग द्वारा 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। स्मृति परेड का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात फायर सर्विस टीम द्वारा एक जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। सोमवार को शहर के फायर बिग्रेड कार्यालय में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया। स्टेशन प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने शोक परेड सलामी ली और बताया कि स्मृति दिवस सर्विस के उन 66 कर्मियों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। जिन्होंने 1944 को मुंबई डॉक यार्ड में लगभग 600 टन बारूद, रुई की गांठे, तेल के ड्रम से भरे फोर्ट स्टाईकाईन जहाज में भीषण अग्नि दुर्घटना घटित होने पर अग्निशमन कार्य करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था। इसके बाद शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। जिसके 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया और जागरूकता रैली को रवाना किया। यह रैली फायर स्टेशन परिसर से प्रारम्भ होकर फव्वारा चौक, विजय चौक, अजंता चौक, बुढाना फाटक, रेलपार, गुरूद्वारा तिराहा आदि स्थानों से निकालते हुए संपन्न हुई।इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा नागरिकों को जागरूक पैम्पलेट भी वितरित किए गए। फायर स्टेशन प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने बताया कि इस साप्ताहिक अभियान में अग्निशमन अधिकारी एवं फायर सर्विस की टीम द्वारा जनपद की समस्त तहसील क्षेत्रों में पडने वाले विभिन्न स्कूलों, औद्योगिक संस्थान, होटलों, सरकारी भवन में जाकर अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## अम्बेडकर की जयती पर साईकिल रैली निकाली



**शामली।** शहर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में डा. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के पर नगर के निवासियों को पर्यावरण बचाने का संदेश देने के लिए नगर के मुख्य मार्गो पर एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली का शुभारंभ चेयरमैन अरविन्द संगल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित करके रैली को रवाना किया।

कहा कि स्कूल द्वारा साइकिल रैली आयोजित करने का उद्देश्य शामली नगर निवासियों को पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक करना है। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए हम सबको स्थानीय क्षेत्र में वाहनों का प्रयोग न कर साइकिल का प्रयोग करना चाहिए। जिससे वायु प्रदूषण को रोकथाम करने में सफलता मिलेगी व साइकिल चलाने से हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा। इसके साथ साथ हम सबको पेड़-पौधे अवश्य लगाने चाहिए। जिससे चारों ओर हरियाली हो और हमें स्वस्थ वायु की प्राप्ति हो। क्योंकि पेड़ पौधों के अत्याधिक कटान के कारण वातावरण में हानिकारक जहरीली गैस फैल रही है व ऑक्सीजन कम हो रही है जिसके कारण मानव शरीर बीमारियों से ग्रसित हो रहा है।

इन सबके हम स्वयं जिम्मेदार हैं क्योंकि वाहनों का प्रयोग व वृक्षो का कटान अत्याधिक बढ़ गया है। अत: इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हम सबको मिलकर पर्यावरण को बचाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। रैली स्कूल से आरंभ होकर नई मण्डी स्थल पुलिस लाईन से होते हुए, शिव मूर्ति, बड़ा बाजार, हनुमान धाम एवम् अन्य स्थानों से होते हुए रैली जब अंबेडकर चौक पर पहुंची। इस अवसर पर प्रधानाचार्या उज्मा जैदी, अनुपम मित्तल, मनीष मित्तल, आकाश संगल, कविता संगल, आरिफ हुसैन, अभिषेक, शिवांश, अरुण, प्रशांत, राज, सिद्धार्थ, ललित, कुशाग्र अग्रवाल, अंजुल चौधरी, रवि हुड्डा, दीपा रानी, प्रिया शर्मा, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास से मनाई गई बाबा साहब की जयंती




### कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने शोभायात्रा का किया शुभारंभ

**थानाभवन।** नगर में डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। नगर में तीन स्थानों से बाबा साहब की झांकियों, बैंड बाजो, ढोल नगाड़ों, डीजे से सुसज्जित शोभायात्रा निकाली गई। अनेक स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण के साथ नगर की जनता ने स्वागत किया। अम्बेडकर जयंती के शुभवसर पर सुबह से ही मोहल्ला नबीपुरा, माजरी, रेती सराय, अनेक स्थानों पर चहल पहल शुरू हो गयी। अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कार्यकर्मो में बाबा साहब का भावपूर्ण स्मरण किया। दोपहर पश्चात मोहल्ला रेती सराय नबीपुरा से तीन शोभायात्राएं निकाली गई। मोहल्ला रेती से निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश अनिल कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा आज लोगों को जो मौलिक अधिकार मिले हैं। वे बाबा साहब के कारण मिले है। समाज में सद्भाव भाईचारा बढ़ाते हुए। उनके आदर्शो को जीवन में अपनाना चाहिए। आज प्रदेश व केंद्र सरकार बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मोहल्ला नबीपुरा में रैदास मन्दिर से निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ चेयरमैन पति हाजी राव जमशेद ने फीता काटकर किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा भीम राव अम्बेडकर ने जीवनभर अशिक्षा, भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष किया। संविधान के माध्यम से लोगों को उनके बुनयादी अधिकार दिलाये। आज पूरा देश उनको नमन करता है। शोभायात्राओं का घासमण्डी, चौक बाज़ार, मेनरोड, मोहल्ला हकीमान, पलटू राम की चक्की, टंकी चौक खेल में पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण के साथ भव्य स्वागत किया। जोशीले युवाओं ने अनुशासित होकर डीजे की धुनों पर नृत्य कर जय भीम के नारे लगाए। शोभायात्रा की पूरी व्यवस्था स्वयंसेवकों ने पूरी तरह संभाले रखी। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखी। शोभायात्रा में विधायक अशरफ अली खां, पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस, पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा, ऋषिपाल विकसित, राकेश कुमार, धर्मसिंह, जयभगवान, भागमल, अनिल बर्मन, अंजुल, सुनील कुमार, ठेकेदार सुरेंद्र कश्यप, संजय कश्यप, राकेश मित्तल, संदीप, अनिल कुमार, मा0 अमन, कवंरपाल सभासद, दिनेश कुमार, राजवीर सिंह, रविन्द्र जाटव, विनोद सैनी, जगमाल सैनी, सुरेश सैनी सहित महिलाएं भी मौजूद रहे।

## भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई



**शामली।** सोमवार को जिलेभर में विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा संविधान रचयिता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनको याद किया गया। अनेकों स्थानों से बाबा साहेब की जयंती पर भव्य शोभायात्राऐं भी निकाली गई, जिनका अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। सोमवार को शहर के अजंता चौक स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के लिए विभिन्न राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के लोग पहुंचे। जहां बसपा जिलाध्यक्ष सुनील जाटव के नेतृत्व में दर्जनों बसपा नेताओं ने डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कहा कि बाबा साहब लोकप्रिय, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बोध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों के लिए सामाजिक भेदभाव विरुद्ध अभियान चलाया था। इस अवसर पर हरपाल कश्यप, सतपाल निर्वाल, नंदकुमार आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष वाजिद अली व महासचिव अरविन्द झाल के नेतृत्व में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, लोकेंद्र खेडीकरमू आदि ने माल्यार्पण करते हुए बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उमरदीन मंसूरी, विजय शर्मा, आदि मौजूद रहे। इसके अलावा डा. भीमराव अम्बेडकर से जुडी समितियों के पदाधिकारियों द्वारा भी माल्यार्पण किया गया। वही दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी पश्चिम युवा मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री नीरज जाटव ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर मलायापार्पण किया।मुख्य अतिथि हरबीर मलिक ने सभी को एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बाबा सहाब के जन्म जायंती की खुशियाँ मनाई गयी। इस मौके पर सचिन जैन भगतजी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विपिन कौशिक आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में डा. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती का कार्यक्रम आयोजित हुआ




**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर में डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के निर्माता, नारी समाज के मुक्तिदाता, कमजोर व उपेक्षित वर्गों के मसीहा, अर्थशास्त्री, राजनीतिक व समाज सुधारक थे। उन्होंने लगभग 60 देशों के संविधानों का अध्ययन किया। अम्बेडकर को संविधान के पिता के रूप में मान्यता प्राप्त है। इनके द्वारा निर्मित भारतीय संविधान हमे अनेक मौलिक अधिकार प्रदान करता है।

भारतीय संविधान की मूल प्रस्तावना में सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्षता लोक - तन्त्रात्मक गणराज्य बनाने की सोच को प्रबलता प्रदान की गई। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द, अरविन्द कुमार, कविन्द्र कुमार, नीटू कुमार, सोमदत्त, अशोक सोम, परितोष, मधुबन, नितिन कुमार, धीरज कुमार, भानु कुमार, सुखदेव, सचिन कुमार, अंकुर कुमार आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी थाना बहसुमा पुलिस ने गिरफ्तार किए

**मेरठ।** थाना बहसूमा पुलिस ने जानलेवा हमला के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं।

बहसूमा थाना में महक सिंह पुत्र जगदीश, गौरव पुत्र महक सिंह व रितिक पुत्र महक सिंह नि0गण ग्राम-झुनझुनी थाना बहसूमा मेरठ ने सुभाष पुत्र दयाचन्द, सोनू पुत्र सुभाष, रजत पुत्र सुभाष, संजय पुत्र अगरे, सागर पुत्र संजय, राजकुमार पुत्र अगरे, आँसू पुत्र राजकुमार, अंशुल पुत्र राजकुमार और सौरभ पुत्र नामालूम के खिलाफ धारदार हथियार लाठी डण्डों, सरिया, बलकटी आदि से हमला करने और गाली-गलौच की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मारपीट में पीड़ित को गम्भीट चोटें आयीं थी। आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे गए थे। मुकदमा में विवेचनात्मक कार्यवाही एवं साक्ष्य संकलन के आधार पर धाराओं की वृद्धि की गई थी। थाना बहसूमा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त मुकदमा में फरार चल रहे आरोपी संजय पुत्र अगरे उर्फ अगर सिंह को ग्राम गणेशपुर से ग्राम-भण्डौरा की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित शराब के ठेके के पास से गिरफ्तार किया। इसके अलावा गुरमीत उर्फ रजत पुत्र सुभाष को ग्राम झुनझुनी के रास्ते से गिरफ्तार किया गया।


संजय


गुरमीत उर्फ रजत

## स्वच्छता अभियान चलाया

**शामली।** शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान के के नेतृत्व में भारत रत्न, बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को सभी नगरीय निकायों, विभिन्न वार्डों, ग्राम पंचायतों आदि में स्थापित अम्बेडकर पार्कों तथा अम्बेडकर जी की प्रतिमाओं पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई। स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर 14 से 28 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है।


## ब्रहमपुरी पुलिस ने शातिर स्मैक तस्कर गिरफ्तार किया



**मेरठ।** थाना ब्रहमपुरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान शातिर स्मैक तस्कर गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से स्मैक बरामद की गई है। एसएसपी मेरठ के आदेशानुसार मेरठ में एसपी सिटी के निर्देशन में सीओ ब्रहमपुरी के पर्यवेक्षण व थाना ब्रहमपुरी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक शातिर स्मैक तस्कर अजय उर्फ अज्जू निवासी ईश्वरपुरी थाना देहलीगेट जनपद मेरठ को शास्त्री की कोठी के पास जिया शूज की तरफ से गिरफ्तार किया गया है। स्मैक तस्कर की तलाशी लेने पर उसके पास से नौ ग्राम 20 मिलीग्राम स्मैक बरामद हुआ। स्मैक तस्कर के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में आवश्यक कार्यावाही की जा रही है।

# सपाइयों ने मनाई अम्बेडकर जयंती

## सामाजिक समानता के प्रबल पक्षधर रहे है डॉ. अम्बेडकर, सांसद हरेन्द्र मलिक व जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने किया माल्यार्पण



**मुजफ्फरनगर।** सपा कार्यालय पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर जयंती मनाई। इसी बीच पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद हरेन्द्र मलिक व जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. अम्बेडकर स्मारक कचहरी गेट पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। इसके बाद ग्राम सांवली में पार्टी के सभासद सुंदर कुमार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का सांसद हरेंद्र मलिक के साथ आवरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वो सामाजिक समानता के प्रबल पक्षधर रहे। भेदभाव के खिलाफ हमेशा ही उन्होंने आवाज उठाई और संघर्ष किया। उनके द्वारा रचित संविधान ही आज आम जनता की आवाज बना हुआ है, उसको मिटाने का काम कुछ लोग कर रहे हैं, लेकिन बाबा साहेब के संविधान ने ही भारतीय को सामाजिक और धार्मिक स्वतंत्रता और अधिकार देने का काम किया है। ये मिटाया नहीं जा सकता है।

जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने न्याय व्यवस्था और भेदभाव को मिटाने के लिए किए गए संघर्ष को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्श अपनाकर शिक्षा का मार्ग ही अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान सांसद हरेंद्र मलिक, जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी, प्रदेश सचिव विलंब सिंह, जिला उपाध्यक्ष सोमपाल भाटी, धर्मेंद्र सिंह नीटू आमिर कासिम, विधानसभा अध्यक्ष सत्यवीर त्यागी, सत्यदेव शर्मा, अकरम खान, सत्येंद्र कुमार, अनेश कुमार, सरदार तरनजीत सिंह, मेहंदी हसन, हुसैन राणा, नेपाल सिंह प्रधान, मीरपुर नगर अध्यक्ष मोहम्मद मेवाती, जिला सचिव अजय कुमार, रजनीश यादव, जिला सचिव पंकज सैनी, नवाब इम्तियाज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ अविनाश, कपिल, जिला महासचिव गोल्डी अहलावत, पूर्व प्रत्याशी लोकसभा जसवीर वाल्मीकि, इमलाक प्रधान, प्रदेश सचिव विनय पाल, जिला सचिव रमेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम लाल सैनी, रामशरण कश्यप, डॉक्टर इसरार अल्वी नावेद रंगरेज नदीम मलिक सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर डा. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयन्ती मनाई

**मुजफ्फरनगर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की ओर से भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर के 134वें जन्मदिवस पर हांडा हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा उनके जीवन पर अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के हांडा हॉल में आयोजित भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह एडवोकेट ने की तथा कार्यक्रम का संचालन डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल एडवोकेट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव ने डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया तथा अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल एडवोकेट ने डा. भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र व संविधान निर्माण में उनके योगदान तथा गरीबों, शोषितों-वंचितों के उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों के विषय में बताया।



## सरकारी तालाब पर अवैध कब्जा, मत्स्य समिति ने जताई चिंता

### प्रशासन से अतिक्रमण हटवाने और कार्रवाई की मांग

**मीरापुर।** ग्राम सम्भलहेड़ा स्थित सरकारी तालाब पर अवैध कब्जे को लेकर मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड ने गंभीर चिंता जताई है। समिति के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार और सचिव हसन असगर ने एक शिकायती पत्र के माध्यम से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया कि ग्राम पंचायत सम्भलहेड़ा के खसरा नंबर 95०, रकबा 2.99० हेक्टेयर में दर्ज तालाब पर कुछ लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया है। बताया गया कि उक्त तालाब उत्तर प्रदेश सरकार की मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा ग्राम सम्भलहेड़ा की समिति को 1० वर्षों के लिए पट्टे पर दिया गया है। समिति का आरोप है कि ग्रामवासियों और कमेटी सदस्यों ने कई बार संबंधित लोगों को समझाने का प्रयास किया, परंतु वे पंचायत और समाज की सलाह को अनदेखा करते हुए झगड़े और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। समिति ने चेताया कि इस रवैए से न केवल गांव का सामाजिक माहौल खराब हो रहा है, बल्कि सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तालाब को तत्काल अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि जनहित में तालाब का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर पलटी ई रिक्शा, आधा दर्जन सवारी घायल

**मोरना।** भोकरहेडी बसेड़ा मार्ग पर सवारी से भरी ई-रिक्शा पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई जिससे कई मीटर दूर घिसटने के बाद ई रिक्शा सड़क किनारे खाई में पलट गयी, जिससे लगभग आधा दर्जन सवारी घायल हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को देखकर मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस द्वारा घायलों को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए लाया गया जहां से गंभीर हालत के चलते तीन सवारियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। छपार थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा निवासी प्रवीण पुत्र प्रीतम सिंह बसेड़ा भोकरहेड़ी मार्ग पर ई-रिक्शा का संचालन करता है। सोमवार दोपहर प्रवीण अपनी ई रिक्शा में अनुज भोकरहेड़ी, आस मोहम्मद बसेड़ा, मेहरुन्निसा सीकरी , रमेश जमालपुर और प्रदीप बिहारीगढ़ को बैठाकर भोकरहेड़ी की और आ रहा था तभी छपार और भोपा थाने की सीमा पर हेरिटेज पब्लिक स्कूल के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके कारण ई रिक्शा लगभग बीस मीटर तक घिसटती चली गई और सड़क किनारे खाई में पलट गई, जिससे ई रिक्शा में बैठी सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके से फरार हो गया। मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी, जिस पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां से गंभीर रूप से घायल आस मोहम्मद, मेहरुन्निसा और अनुज को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। पुलिस द्वारा फरार ट्रैक्टर ट्रॉली चालक की तलाश की जा रही है।




## युवक की कार रोककर मारपीट, नकदी छीनने के आरोप

**बुढ़ाना।** मेरठ-करनाल हाइवे पर गांव बिटावदा के पास कार सवार को रोककर उत्पाती युवको ने मारपीट की। आरोप है कि आरोपी उसके जेब से नकदी छीनकर भाग निकले। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। शामली के गांव खेड़ीकरमू निवासी कमल कुमार ने तहरीर देते हुए बताया कि रविवार की रात्रि को वह कार में मेरठ से लौट रहा था। वह कार में अकेला था और स्वयं चला रहा था। मेरठ-करनाल हाइवे पर सफेद ब्रेजा गाड़ी सवार युवको ने उसे रुकने का इशारा किया, तो उसने कार नही रोकी। इसपर आरोपियों ने चलती गाड़ी पर बोतल फेंकी और कार का पीछा करने लगे। गांव बिटावदा व बायवाला के बीच उत्पाती युवकों ने ओवरटेक कर उसे रोक लिया। आरोप है कि उसके साथ मारपीट की गई और उसकी जेब मे रखी 18 हजार की नकदी छीन ले गए। आरोपियो ने उसका मोबाइल भी जंगल मे फेंक दिया। कमल ने रात्रि में घर पहुंच स्वजन को घटना की जानकारी दी। सोमवार को ग्रामीणों व स्वजन के साथ पीड़ित ने कोतवाली पहुंच घटना की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




## शहर आर्य समाज पर जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की मासिक बैठक आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** शहर आर्य समाज पर जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की मासिक मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान हरिओम त्यागी ने की और संचालन अनूप सिंह आर्य ने किया। प्रधान हरिओम त्यागी ने लखनऊ चुनाव के बारे मे बताया कि बहुत जल्दी प्रदेश का चुनाव होना है, जिसमे सबको बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है और भी बहुत से सामाजिक मुद्दों पर बाते हुई। सभा में मुकेश आर्य, बृजेश आर्य, तेजपाल आर्य, आनंदपाल आर्य, सतीश आर्य, शांता प्रकाश, ओमप्रकाश आर्य, मंजू आर्य, मिलन आर्य, पंकज आर्य, शोभित आर्य, मेनपाल आर्य, संजीव आर्य, राजपाल आर्य, धर्मेंद्र आर्य सहित पूरे जिले से सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाकियू तोमर की खामपुर में हुई पंचायत

**मुजफ्फरनगर।** किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार, 15 अप्रैल को भारतीय किसान यूनियन तोमर खतौली तहसील परिसर में पंचायत करेगा। इसकी घोषणा भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो भाकियू तोमर रेलवे ट्रैक पर कूच करेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने सभी किसानों से पंचायत में पहुंचने का आह्वान किया है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए रिहान चौधरी को भारतीय किसान यूनियन तोमर में पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है और साथ ही साथ मोहम्मद सुहेल को तहसील महासचिव, मोहम्मद शमीम को ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। थाना छपार क्षेत्र में गांव खामपुर में भारतीय किसान यूनियन तोमर की एक जनसभा का आयोजन हुआ, जिसका संचालन भाकियू तोमर के प्रदेश प्रवक्ता चंदन त्यागी ने किया। सभा में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर का किसान ने जोरदार स्वागत किया।

किसानों को संबोधित करते हुए चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन तोमर 36 बिरादरी का संगठन है, पिछले कई वर्षों से भारतीय किसान यूनियन तोमर किसानों व आमजन की निस्वार्थ सेवा करता आ रहा है, आज के इस दौर में किसान त्रस्त है, सरकारी दफ्तरों में बैठे अधिकारी किसानों का खून चूसने का काम कर रहे है, भ्रष्टाचार चरमसीमा पर है, किसानों का कोई भी बिना सुविधा शुल्क नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तहसीलों में बैठे अधिकारी भ्रष्टाचार के अड्डे बने हुए है, ऐसी अनेक समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन तोमर 15 अप्रैल को खतौली तहसील में एक पंचायत कर किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।



## बाबा साहब ने ताउम्र वँचितों, शोषित और पीड़ितों की आवाज को बुलंद किया: उंटवाल

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई, पुरकाजी विधानसभा के निवर्तमान विधायक प्रमोद उटवाल ने अपनी विधानसभा में कई जगह पहुँचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। निवर्तमान विधायक प्रमोद उटवाल ने बाबा साहब की जयंती के अवसर के अवसर पर पिनन्ना मंडल के ग्राम रुकमपुर, रामपुर तिराहे पर अम्बेडकर पार्क मे गोष्ठी, सरवट सहित आधा दर्जन जगह पर पहुँचकर बाबा साहब को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने हमें केवल सविंधान ही नहीं दिया, बल्कि एक ऐसा विचार दिया है जों हर भारतीय को अपने अधिकारों और कर्तव्य के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने ताउम्र वँचितों, शोषित और पीड़ितों की आवाज को बुलंद किया और समाजिक समरसता की एक नई दिशा दी निवर्तमान विधायक ने कहा की हमें गर्व है की हम उस राष्ट्र मे है जहा बाबा साहब जैसे महान चिंतक और समाज सुधारक पैदा हुए। इस दौरान काफ़ी जिम्मेदार नागरिक मौजूद रहे।

## डा. भीमराव अम्बेडकर के बताये रास्ते पर चलकर ही देश और समाज का विकास संभव-स्वामी श्रीभगवान

**मुजफ्फरनगर।** जिला पंचायत सदस्य स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज ने कहा कि भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जिसमें सभी को बराबरी का अधिकार तो मिला ही है, साथ ही सभी के लिये सामाजिक न्याय की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि हम आज डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिन मना रहे हैं और हम सभी को इस मौके पर डा. अम्बेडकर द्वारा बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज आज भारत रत्न डा. बी.आर. अम्बेडकर चैरिटेबल ट्रस्ट रजि. सरवट मुजफ्फरनगर की ओर से बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर मौहल्ला राधिकापुरम् में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यक्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश चंद व महासचिव गोपाल सिंह समेत अन्य आयोजकों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामीजी ने



कहा कि बाबा साहब ने हमें एक ऐसा सशक्त संविधान दिया है, जिसकी दुनिया में कहीं भी बराबरी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढी को महापुरूषों के संघर्षो एवं उनके बलिदान से अवगत कराना हम सभी का कर्त्तव्य है। इस अवसर पर ट्रस्ट के भारत रत्न डा. बी.आर. अम्बेडकर चैरिटेबल ट्रस्ट रजि. सरवट, मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष सुरेश चंद, महासचिव एडवोकेट गोपाल सिंह, रमेश चंद, डा. वीरेन्द्र कुमार आर्य, अन्तराम, देवेन्द्र मास्टर जी, अरूण कुमार, सुशील कुमार, दुर्गेश गोपी ठेकेदार एवं आत्माराम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में नागरिकों ने भोजन के रूप में प्रसाद ग्रहण किया।

## अम्बेडकर केवल नाम नही एक विचारधारा है - दीपक गम्भीर



**मुजफ्फरनगर** - बहुजन क्रान्ति दल ने कचहरी गेट पर डाक्टर भीमराव अम्बेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी का आयोजन कर मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर बहुजन क्रान्ति दल के सुप्रीमो दीपक गम्भीर ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 अप्रैल 1891 मे एक महापुरुष डाक्टर भीमराव अम्बेडकर का जन्म हुआ आज के दिन एक व्यक्ति का जन्म नही हुआ अपितु नारी शक्ति व दलितों के साथ छूआ छूत भेदभाव की भावना के खिलाफ एक क्रांतिकारी विचार धारा का उदय हुआ। बाबा साहेब कहते थे कि व्यक्ति जीता है मर जाता, लेकिन विचारधारा हमेशा जिन्दा रहती है। भारत का संविधान ही बाबा साहेब की विचारधारा है जो भारत के हर नागरिक को उसका मौलिक व स्वतंत्रता का हक अधिकार देता है। बैठक को सम्बोधित करते हुए अमित अग्रवाल ( बंटी ) ने बताया कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी को भारत ही नही पूरी दुनिया अपना आईडल मानती है और 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती बडे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। बाबा साहेब जी यूनिवर्सिटी से पढ़ कर आये थे, आज वहां कोलंबिया यूनिवर्सिटी मे बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगी हुई है, बाबा साहेब को संविधान रचिता के नाम के साथ साथ नोलिज ओफ सिंबल के नाम से भी विश्वविख्यात है बाबा साहेब। सभा मे उपस्थित दीपक गम्भीर, अमित अग्रवाल, गौतम राम, अशोक पप्पू, दीपक टांक, गोपाल सुधाकर आदि लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, शोभायात्रा ने मोहा मन









**मीरापुर।** संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मीरापुर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। थाने के समीप स्थित अंबेडकर स्मारक स्थल पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. अंबेडकर जागरण मंच के तत्वावधान में स्मारक स्थल से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी, सामाजिक कार्यकर्ता और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। यात्रा में गौतम बुद्ध, भारत माता, भारत का संविधान, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सहित अन्य महान व्यक्तित्वों से संबंधित आकर्षक झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई जनसंपर्क व सामाजिक समरसता का संदेश देती रही। नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और जलपान की व्यवस्था कर यात्रा का स्वागत किया। जामा मस्जिद के पास यात्रा का पूर्व सभासद नईम मंसूरी, सभासद धर्मेंद्र, शाहनवाज तोमर, शहजाद खान, आरजू जैदी, महताब खान, सरफराज तोमर व जनरल कुरैशी सहित कई लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंबेडकर जागरण मंच के सक्रिय सदस्यों किशन लाल अमीन, वेद प्रकाश, सचिन कुमार, रवि कुमार, मुकेश, महेश, सुबोध कुमार, सुरेंद्र कुमार व भूषण कुमार आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर सभी ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए उनके बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया।

**मोरना।** गंगा पब्लिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोरना में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के प्रबंधक श्री बिजेंद्र उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में बाबा साहब के जीवन, उनके सामाजिक सुधारों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को बाबा साहब के दिखाए समता, शिक्षा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। शिक्षा ही वह हथियार है, जो हमें हर प्रकार के भेदभाव से मुक्त कर सकती है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विनीत कुमार उपाध्याय, सुशील कुमार, योगेश कुमार, अविनाश कुमार, श्रीमती सन्तोष उपाध्याय, कु.मिनाक्षी, कु. मोनिका, कु. सोनिया, कु. शालू, कु. शिखा, कु. वर्तिका सहरावत, श्रीमती जूली आदि ने अपने विचार रखे।

**खतौली।** तहसील खतौली सभागार में बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। एसडीएम मोनालिसा जौहरी व तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात प्रारंभ हुए कार्यक्रम में स्कूली बच्चों दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। एसडीएम मोनालीसा जौहरी ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र हित में कार्य करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना है। एसडीएम मोनालीसा जौहरी ने युवाओं से बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर देश एवं समाज की उन्नति में अपना योगदान देने का आव्हान करते हुए कहा कि यह नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया जाए। अभिनव भारत के निर्माता ने हम सभी को एक विकसित राष्ट्र और



एक समृद्ध समाज की स्थापना की प्रेरणा दी। तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने विचार व्यक्त करके डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को एसडीएम मोनालीसा जौहरी ने पुरुस्कृत करके इनका उत्साहवर्धन किया। तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, नायब तहसीलदार अमित रस्तौगी, नायब तहसीलदार मंसूरपुर के अलावा तहसील क्षेत्र के लेखपाल, अमीन, राजस्व निरीक्षक आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ अवनीश कुमार सिंह ने बाबा साहेब डॉ भीम राव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करके पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अस्पताल में मौजूद मरीजों और तीमारदारो को मिठाई व फल वितरण किए गए। दूसरी और जवाहरलाल नेहरू स्मृति इण्टर कॉलेज रवापुरी सठेड़ी में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य डॉ चन्द्रमोहन शर्मा ने बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालकर विद्यार्थियों से उनके आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। शिक्षक रविंद्र शर्मा तथा शिक्षिका श्रीमती मनुराधा ने संविधान सभा में संविधान निर्माण की भूमिका निभाने वाले सदस्यों के विषय में जानकारी दी। शाम के समय कस्बे में बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होकर निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में बाबा साहेब के अनुयाइयों ने भाग लिया। जानसठ तिराहे पर शोभायात्रा का सदभावना मंच के मुकेश शर्मा, अमरीश गुप्ता, सुनील अडवाणी, गौरी शंकर गौरी, स जितेंद्र सिंह एडवोकेट, संजय भार्गव, आसिफ कैफ़ी, विनोद शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, नीरज शर्मा, सतीश वर्मा, काजी मोहम्मद फाजिल, कमल कुमार, मोहमद काजिम, फुरकान आदि ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।



# क्यों खराब हो जाता है आपका फ्रिज

**क्या आपका भी फ्रिज बार- बार खराब हो जाता है? कई लोग को पता भी नही होता कि उनका फ्रिज किन गलतियों के कारण खराब हो गया है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे आप अपने फ्रिज को खराब होने से बचा सकती है।**

कई बार हमारी छोटी गलती के कारण हमारा काफी बड़ा नुकसान हो जाता है। क्या आपका भी फ्रिज बार– बार खराब हो जाता है? कई लोग को पता भी नही होता कि उनका फ्रिज किन गलतियों के कारण खराब हो गया है। ऐसे में आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि कैसे आप अपने फ्रिज को खराब होने से बचा सकती है। साथ ही यह भी बताने वाले हैं कि फ्रिज कैसे खराब हो जाता है।

### सफाई सही से करें

कई बार फ्रिज में कोई सामान गिर जाता है और हम इसकी सफाई सही तरीके से नहीं करते हैं। फ्रिज की सफाई सही तरीके से करना काफी ज्यादा जरूरी हैं। ऐसे में फ्रिज में फंगस लग जाता है और मिनटों में हमारा महंगा फ्रिज खराब होने लगता है और हमें पता भी नहीं चलता। कई बार हम इसके लिए कपंनी में शिकायत करते हैं। इस दौरान गलती किसी और की नहीं बल्कि हमारी ही होती हैं। कई बार हम फ्रिज में जरूरत से ज्यादा सामान रख देते हैं। ऐसे में भी हमारा फ्रिज खराब हो जाता है। फ्रिज की सही तरीके से केयर करने के लिए आपको इन बातों का ध्यान रखना होगा। अगर आप ज्यादा सामान रखती हैं तब भी आपका फ्रिज खराब हो सकता है।

### फ्रिज को लंबे समय तक खुला ना छोड़े

कई बार हम फ्रिज को लंबे समय तक खुला छोड़ देते हैं। इसके कारण भी हमारा फ्रिज खराब हो जाता है। अगर आप भी अपने पैसे फ्रिज के रिपेयरिंग में बर्बाद नहीं करना चाहती हैं तो आपको इन बातों का खास ख्याल रखना होगा।

### बाहर जाते वक्त फ्रिज बंद ना करें

अगर आप बाहर जानें का प्लान बना रही है तो आपको अपने फ्रिज को पूरे तरीके से बंद नही करना चाहिए। कई बार इसके कारण भी फ्रिज खराब हो जाता है। आगे से आपको इस बाता का खास ख्याल रखना होगा। थोड़ी सी बिजली बचाने के चक्कर में हमारा काफी ज्यादा नुकसान हो जाता है।



# ना करें पैसों से जुड़ी ये गलतियां

**अक्सर महिलाओं की ये समस्या होती है कि घर का खर्च ज्यादा हो रहा है और पैसों से जुड़ी बचत नहीं हो पा रही है। यहां निवेश और बचत की नहीं खर्च की बात हो रही है। घरों में आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल कुछ ऐसी हो गई है कि लोगों को ये समझ ही नहीं आता कि उनका इतना खर्च आखिर कैसे बढ़ गया है। ये सब कुछ पैसे से जुड़ी कुछ गलतियों के कारण होता है।**

आम तौर पर यही देखा जाता है कि पति और पत्नी एक दूसरे से इसके बारे में बात नहीं करते। पत्नी घर संभाल रही हो या फिर बाहर काम कर रही हो तो भी इसके बारे में बातें नहीं की जातीं। बच्चे अगर पढ़ने की उम्र में हैं या टीनएज हो गए हैं तो उन्हें भी अक्सर घर पर ये नहीं बताया जाता है कि निवेश और बचत की जरूरत क्या है। हफ्ते में कम से कम एक बार सभी को बैठकर घर और पैसे के खर्च से जुड़ी बातें करनी चाहिए। इससे वो खर्च भी सामने आ जाता है जिसका शायद अंदाजा भी नहीं होता। ये घर का बजट बनाने में भी मददगार साबित हो सकता है।

### पहले खर्च फिर जो बचा वो निवेश

हमारी भारतीय संस्कृति में एक आम कहावत है कि 'जितनी चादर है उतना ही पैर पसारो'। ये बहुत अच्छा कथन है, लेकिन इसे हमें थोड़ा सा बदलना होगा क्योंकि हम हमेशा जितना खर्च है उतना कर लो और उसके बाद जो बचा वो बचत। इससे समस्या ये होती है कि जरूरत से अधिक खर्च भी हो जाता है और बचत कम रह जाती है। इसे थोड़ा सा बदलने की जरूरत है और कमाई के बाद एक निश्चित बचत और उसके बाद जितना बचा उसे खर्च करना चाहिए। ये बजट आसानी से बन सकता है कि महीने में कितनी बचत की जा सकती है।

### बचत और निवेश का अंतर न समझना

मान लीजिए आप हर महीने की आय में से कुछ पैसे बचा लेते हैं, लेकिन क्या इन पैसों को बचाने से सिर्फ काम हो जाता है? जी नहीं, बचत और निवेश में काफी अंतर है जिसे समझने की जरूरत है। पैसे ड्रॉअर में पड़े रहें या फिर वो बैंक के सेविंग्स अकाउंट में रखा है तो उससे हमारे भविष्य के लिए कोई फायदा हो रहा है? बिलकुल नहीं। तन्वी जी का कहना है कि उनके पास बहुत से लोग आते हैं और वो यहीं मात खा जाते हैं। उन्हें निवेश इस बारे में सोचकर करना चाहिए कि भविष्य में ये कितना रिटर्न देगा।

### अपनी बचत और निवेश को ऑटोमैटिक मोड पर नहीं डालना

बैंक की आरडी या एफडी जिसका ऑटोमैटिक पैसा कटता है वो ज्यादा सही है। भले ही बचत और निवेश का कोई भी मोड हो पैसा ऑटोमैटिक हर महीने कटना चाहिए। कारण ये है कि अगर बचत हर वक्त नहीं होगी तो हम उस कमाई को खर्च करने के लिए उत्सुक रहेंगे। अकाउंट में या जेब में ज्यादा पैसा होने का मतलब है कि उसे खर्च करने का लालच भी बढ़ जाएगा। अगर सैलरी आते ही एक अच्छे फाइनेंशियल एक्सपर्ट की मदद से पैसे निवेश कर देंगे तो हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।



### अपने पैसे को अलग-अलग जगह न निवेश करना

पैसा है आपके पास तो क्या हर बार वो एक ही तरह से निवेश किया जाएगा? कई लोग सिर्फ FD बनाते रहते हैं, कुछ को पोस्ट ऑफिस की NSC अच्छी लगती है, लेकिन इसका सीधा सा मतलब ये होता है कि पैसे के साथ कोई एक्सपेरिमेंट नहीं किया जाता। कारण ये है कि अगर एक ही तरह से पैसा निवेश होगा तो खतरे की स्थिति में एक ही साथ उसके खर्च होने या फिर डूब जाने की गुंजाइश भी होती है।

### फाइनेंशियल भाषा से डरना और रिस्क न लेना

इंसान का दिमाग जो चीज समझ नहीं पाता वो उससे हमेशा डरता रहता है और ये बहुत आम घटना है कि लोग खुद को फाइनेंशियल भाषा सिखा नहीं पाते। ऐसे में उन्हें जानकारी न के बराबर रहती है। होता ये है कि ऐसी स्थिति में निवेश के समय हम बहुत ज्यादा सोच विचार में लग जाते हैं और कई बार डर के कारण रिस्क नहीं ले पाते। इससे बाद में नुकसान होने की गुंजाइश है।

### कर्ज को न समझना

बहुत से लोगों के पास होम लोन होता है, कार का लोन होता है, क्रेडिट कार्ड से खर्च होता है। अर्थव्यवस्था में कर्ज की दरें लगातार बढ़ती और घटती रहती है। ऐसे में हमारे कर्ज पर भी असर पड़ता है। किसी भी तरह के लोन को हमेशा फाइनेंशियल एक्सपर्ट से हर साल रिव्यू करवाना चाहिए। क्या पता ब्याज की दर इससे कम हो सके। इसी तरह से क्रेडिट कार्ड सबसे महंगा तरीका है ऐसे में कई बार वो बहुत महंगा पड़ जाता है। कोशिश करें कि हर वक्त क्रेडिट कार्ड निकालने से बचें।



# अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीदें ट्रैंडी जींस

**जींस एक ऐसी कॉमन ड्रैस है, जो हर लड़की के वार्डरोब में जरूर मौजूद होती है। बाजार में कई स्टाइलिश जींस आ चुकी हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीद सकती हैं। जींस खरीदने से पहले आपको यह जानना जरूरी हैं कि आजकल किस पैटर्न की जींस का चलन ज्यादा है। आज हम आपको जींस की इन्हीं वैरायटी के बारे में बता रहे हैं जिनके बारे में जानकर आपको अपनी पसंद की जींस खरीदने में आसानी होगी.**

### रिप्ड जींस

रिप्ड जींस एक दशक से फैशन ट्रैंड में बनी हुई है। कॉमन यंग गर्ल्स से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रैस सभी में इसका क्रेज है। शायद ही कोई लड़की होगी जिसके वार्डरोब में रिप्ड जींस न हो। एक दशक पहले ट्रैंड में आई ये जींस आज भी लड़कियों की पहली पसंद बनी हुई है। इसमें जींस के कई हिस्से में कुछ स्लिट्स या कट्स बने होते हैं। कॉमन लैंग्वेज में इसे फटी जींस भी कहते हैं। अगर आपके पास कोई पुरानी जींस है, जिसे आप नहीं पहनतीं तो उसे ब्लेड से कट करके रिप्ड जींस का लुक दें सकती हैं। रिप्ड जींस को आप लॉन्ग कुर्ती या फिर किसी भी टॉप के साथ वियर कर सकती हैं। ये आपको कूल और स्टाइलिश लुक देगी।

### बैगी जींस

बैगी जींस अपने लूज साइज की वजह से काफी कंफर्टेबल होती है। दो से तीन दशक पहले इस पैटर्न की जींस का काफी चलन था। एक बार फिर से इसका ट्रैंड लौट आया है। यही वजह है कि सैलेब्स में भी ये जींस काफी पॉपुलर है। ट्रैवलिंग के दौरान या कहीं आने-जाने के लिए एक्ट्रैस इसे कैरी किए नजर आती रही हैं।

### पैच वर्क जींस

इन दिनों पैच वर्क जींस भी काफी पॉपुलर हैं। यंग गर्ल्स से लेकर सैलेब्स इसे पहने नजर आती रहती हैं। ये जींस अलग-अलग रंग के जींस के चौकोर टुकड़ों को एक साथ पैच करके बनाई जाती है, जो देखने में काफी युनीक और कूल लगती हैं।

### बेल बॉटम जींस

पुराने जमाने में आपने हीरो-हीरोइन को फिल्मों में नीचे से खुली पैंट या जींस पहने देखा होगा। इस स्टाइल को बेल बॉटम स्टाइल कहते हैं। आजकल बेल बॉटम जींस का फैशन फिर से लौट आया है। ये जींस काफी कंफर्टेबल होती हैं। यंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वुमन बेल बॉटम जींस पहनना पसंद कर रही हैं।

### स्किन फिट जींस

इसके नाम से ही क्लियर है कि ये जींस कैसी होगा। ये पूरी तरह स्किन टाइट होती है। ज्यादातर लड़कियां स्किन फिट जींस पहनना पसंद करती हैं, लेकिन अगर कंफर्ट की बात करें तो ये उतनी आरामदायक नहीं होती। तब भी इस जींस का क्रेज लड़कियों में बना हुआ है। इसे आप अपनी मनपसंद कुर्ती या फिर टॉप के साथ कैरी कर सकती हैं।






# व्यक्तिगत रिश्ते बनाएं ताकि काम एवं जीवन में सहजता आए

**आज आप जितना कर सकती हैं, उससे अधिक करने की कोशिश न करें। अपनी गतिविधियों की छंटनी शुरू कर दीजिए और फिर अपनी कार्य-सूची पर पुनर्विचार कीजिए। जो चीजें बेकार एवं महत्वहीन हैं, उन्हें बाहर कर दीजिए। आप जो भी कर सकती हैं या करना चाहती हैं, उन तमाम चीजों को एक ही दिन में करने का प्रयास न करें। सबसे जरूरी चीज पर नजर रखें एवं प्राथमिकता के आधार पर उन्हें करें।**

### एक समय में एक ही काम

अपना समय केवल उन्हीं चीजों पर खर्च करें, जो आपके लिए महत्वपूर्ण हो। दो या उससे अधिक काम एक साथ करने से तौबा करें, तब भी जब चीजें आसान लगती हों या लगता हो कि आप कर लेंगी। जब आप एक से अधिक काम एक ही बार में करती हैं तो आपका ध्यान बंट जाता है। आप एकाग्रता खो देती हैं, जो कि बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है।

### कुछ उदाहरण

यदि आप एक साथ खाती एवं पढ़ती हैं तो आपका कुछ ध्यान पढ़ने पर और कुछ खाने पर होता है। आप कोई भी चीज ढंग से नहीं कर पाती हैं। जब आप टहलती हैं तो टहलें, जब आप बैठती हैं तो बैठें। भटकें नहीं। जब ड्राइव करें तो पूरा ध्यान रोप पर रखें। काफी ऊंची आवाज में संगीत सुनना या चालक एवं यात्री के बीच की बातचीत कई सड़क हादसों का कारण होती है। यदि आप यात्री हैं तो चालक को गाड़ी चलानें दें न कि उससे बातचीत करें।

### पांच गुण होना महत्वपूर्ण

किसी भी स्त्री या पुरुष में पांच गुण होना चाहिए। वे हैं- शिष्टाचार, उदारता, लगन, संकल्प एवं दया भाव। शिष्टाचार से आप बेइज्जती को अनदेखा कर सकती हैं, उदारता से सबको जीत सकती हैं। लगन से लोग आप पर विश्वास करेंगे और संकल्प एवं दया भाव से सफलता प्राप्त कर सकती हैं।अच्छी संगत, अच्छी किताबें एवं प्रार्थना- ये तीन चीजें किसी मनुष्य को तीनों लोकों का सम्राट बनाती हैं।

### सफलता नैसर्गिक नहीं होती

सफलता प्राप्त करने की प्रक्रिया नैसर्गिक नहीं है। सफलता हमें विरासत में नहीं मिलती। इसे हम अपने प्रयासों से पैदा करते हैं। यह हमारे कठिन परिश्रम एवं क्रियाओं की पुनरावृत्ति का काल होता है। संघर्ष जीवन है और जीवन की क्रियाएं ही इसे कर सकती हैं। हमें केवल सपने देखने वाला नहीं बल्कि आगे बढ़कर उसे करने वाला बनना चाहिए।

### सेमिनारों में कुछ नहीं

हम समय-समय पर प्रेरित करने वाले लोगों से मिलते रहते हैं या सेमिनारों में ऐसे भाषण सुनते रहते हैं। इस प्रकार के पारस्परिक क्रिया से हमें अपने तरीकों को सुधारने एवं काम करने की शैली की और बेहतर करने के उपाय मिलते हैं। हम उनको अपनाते हैं और महसूस करते हैं कि अपने आप को और बेहतर करें एवं जीवन में बदलाव लाने का रहस्य पा लिया है। यह पूरी गहमागहमी दो-चार दिनों में खत्म हो जाती है और हम फिर वहीं होते हैं जहां हम थे।

### ऊर्जा, समय व पैसे बचायें

याद रखिये सेमिनार एवं कार्यशाला में भाग लेना समय, ऊर्जा और पैसे की बर्बादी है, यदि हम उन चीजों को नहीं अपनाते, जो वे हम तक पहुंचाना चाहते हैं। यदि आपको कोई बेहतरीन आइडिया मिलता है तो आप अपने आप से पूछिए कि आप इससे क्या करने जा रहे हैं और आप इसे कैसे करेंगे। सभी बातों को लिखिए और फिर निर्णय लीजिए कि आप क्या करने जा रहे हैं। किन उपायों को लागू करना है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए और सब कुछ करने के लिए समय सीमा तय करनी चाहिए।

# डॉ भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों से धर्म, जाति, संप्रदाय, अमीरी पर गरीबों के भेदभाव को मिटाकर एक साथ चलने मिलती हैं प्रेरणाः डीएम



**गौतमबुद्धनगर।** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज आंबेडकर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर जिला अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी भू0आ0 एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों तथा कलेक्ट्रेट के स्टाफ द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जयंती अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के महापुरुष हैं। उन्होंने भारत के संविधान निर्मित होने में जो योगदान दिया है वह अनुकरणीय है। साथ ही उनका जीवन चरित्र हम सभी को सब के साथ एक जैसा व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सिद्धांतों से हमें धर्म, जाति, संप्रदाय अमीरी, गरीबी के भेदभाव को मिटाकर एक साथ रहने की प्रेरणा मिलती है। आज हम सभी को उनके आदर्शों का अनुकरण करने का संकल्प लेते हुए अपनी कार्यप्रणाली में उन्हें अनुकरण करना चाहिए ताकि भारत देश एवं समाज का ओर अधिक विकास तेजी से आगे बढ़ सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू0आ0 बच्चू सिंह एवं सूचना विभाग के लेखाकार अरुण कुमार तथा अन्य वक्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन चरित्र पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी ओमहरि उपाध्याय, अननेचुरल स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इसी प्रकार मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, विकास भवन के अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा बाबा साहब की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन चरित्र पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद के अन्य शासकीय कार्यालयों में भी भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जी की जयंती को धूमधाम से मनाते हुए उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# गुरुकुल से निकले छात्रः राष्ट्र भक्त होते हैंः राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य




**दिल्ली।** दिल्ली देहात में स्थित वैदिक शिक्षा का केंद्र गुरुकुल खेड़ा खुर्द का वार्षिक उत्सव सोल्लास संपन्न हुआ।यहां 125 विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि गुरुकुल भारतीय संस्कृति की रक्षा का केंद्र है यहा शिक्षा पाया व्यक्ति राष्ट्र भक्त होता है व आत्म हत्या नहीं करता क्योंकि आत्म विश्वास मजबूत होता है साथ ही यहां राष्ट्र भक्ति की भावना भरी जाती है। देश की आजादी के आंदोलन में सबसे अधिक योगदान आर्य समाज का रहा।उस समय आर्य समाज को विद्रोही संस्था माना जाता था।सादा जीवन उच्च विचार गुरुकुल की विशेषता है जहां अमीर गरीब में कोई पक्ष पात नहीं होता।हमें ऐसी संस्थाओ का सहयोग करना चाहिए जिससे संस्कारित युवा तैयार हो।

गुरुकुल के प्रधान चौधरी ब्रह्म प्रकाश मान ने कहा कि यहां 170 गाय की गौशाला है जिनकी यहां सेवा की जाती है।उन्होंने सभी आर्य जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

आचार्य राजकुमार शास्त्री ने यज्ञ करवाया। कुशल संचालन आचार्य सुधांशु ने किया।प्रमुख रूप से सोहन लाल मुखी, राजीव आर्य, रामानंद आर्य ,आर्य तपस्वी सुखदेव,एसीपी दिनेश कुमार, अंगद सिंह आर्य, भोपाल सिंह आर्य, प्रणवीर आर्य आदि उपस्थित थे।

# लिव इन पार्टनर और उसके साथी के उत्पीड़न के चलते होटल में इंजीनियर ने की थी आत्महत्या

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 27 में स्थित एक होटल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर द्वारा आत्महत्या करने के मामले में उसके भाई ने इंजीनियर की लिव इन पार्टनर बीबीए की छात्रा और एक अन्य युवक को नामित करते हुए उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धारा में मुकदमा दर्ज करवाया है। उनका आरोप है कि इन लोगों ने मृतक का शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से उत्पीड़न किया, जिसकी वजह से उसने आत्महत्या किया है।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि मृतक उमेश कुमार सिंह के भाई कृषिकांत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके भाई को संतोष तरेटिया पुत्र निहाल सिंह निवासी जनपद हाथरस तथा इरम खान पुत्री बबलू खान निवासी जनपद मथुरा ने आर्थिक, मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। जिसकी वजह से उसने 10 अप्रैल को सेक्टर 27 के एक होटल में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक उमेश कुमार सिंह और कुमारी इरम खान करीब 2 वर्षों से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। घटना वाले दिन ये लोग अपने कुत्ते का उपचार करने के लिए हाथरस जनपद से नोएडा आए थे। कुत्ते के उपचार को लेकर दोनों के बीच में विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस का कहना है कि उमेश शादीशुदा था। पत्नी से विवाद चल रहा था। दोनों अलग-अलग रह रहे थे। दो वर्ष पहले मथुरा की युवती से उसकी नजदीकी बढ़ी और दोनों में प्रेम संबंध हो गए।

वह बीबीए की छात्रा है। दोनों डेटिंग ऐप के जरिए मिले थे। प्रेमिका ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि दोनों के साथ उनका कुत्ता भी होटल आया था। कुत्ते के इलाज को लेकर उमेश और उसके बीच कहासुनी हुई। कुछ ही समय बाद उमेश ने खुदकुशी कर ली। प्रेमिका का दावा है कि कुत्ता उमेश और उसने मिलकर खरीदा था। उमेश पूर्व में भी कई बार आत्महत्या करने की धमकी दे चुका था।

# बाबासाहेब की जयंती पर भारतीय किसान संगठन ने बाबा साहब को किया नमन



**नोएडा।** आज दिनांक 14अप्रैल को भारत के संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय कार्यालय सेक्टर 52 पर मनाई। इस मौके पर राजेन्द्र यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था।

वह वकील होने के साथ-साथ अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और महान समाज सुधारक भी थे। डॉ. भीमराव अंबेडकर को बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने छुआछूत और जातीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का वास्तुकार भी माना जाता है। वह भारत के संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष भी थे। उन्होंने समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय पर आधारित संविधान की नींव रखी। बीआर अंबेडकर जयंती के मौके पर आप उनसे प्रेरणा लेकर समाज में समानता स्थापित करे ।

इस मौके पर अशोक, योगेश, शमशुद्दीन, हर्ष,आशीष, अंशुल विष्णु, विकास, दीपक आदि लोग मौजूद रहे।

## आग से 6 किसानों की 20 बीघा फसल जली

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दादूपुर गांव में सोमवार सुबह खेतों में आग लग गई। इस हादसे में 6 किसानों की 20 बीघा फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए।

ग्रामीण इंद्रराज नागर के अनुसार, सुबह खेतों से धुआं उठता देख वे अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन दमकल की गाड़ी समय पर नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों का कहना है कि फायर ब्रिगेड का कार्यालय ग्रामीण क्षेत्र से दूर होने के कारण ऐसी घटनाओं में भारी नुकसान होता है। ग्रेटर नोएडा से दमकल की गाड़ियों को पहुंचने में काफी समय लगता है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अभी तक आग का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# नोएडा एयरपोर्ट से प्रभावित वन्य जीवों के लिए बनेगा बचाव एवं पुनर्वास केंद्र, 341 लाख रुपये की आएगी लागत



**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रभावित वन्य जीवों के संरक्षण के लिए यीडा ने बचाव एवं पुनर्वास केंद्र विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुनर्वास केंद्र के लिए विकासकर्ता कंपनी चयन को प्रस्ताव मांगे गए हैं। निविदा 23 अप्रैल को खोली जाएगी। बचाव एवं पुनर्वास केंद्र के निर्माण पर 341.93 लाख रुपये लागत का अनुमान है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 1334 हे. जमीन अधिग्रहण से पहले भारतीय वन्य जीव संस्थान से सर्वे कराया गया था। एयरपोर्ट प्रभावित क्षेत्र के 10 से 25 किमी के दायरे में हुए सर्वे में कई वन्य जीवों की इलाके में मौजूदगी पाई गई थी। इसमें 258 काले हिरण, 29 हिरण, सारस, नील गाय, चिंकारा, बंदर, जंगली बिल्ली आदि शामिल हैं। संस्थान ने इनके संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए दीर्घकालिक योजना बनाने का सुझाव दिया था।

**पुनर्वास केंद्र तीस साल तक संचालित होगाः** संस्थान के सुझाव पर धनौरी वैटलैंड के नजदीक 10 हे. में बचाव एवं पुनर्वास केंद्र विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इसमें पांच हे. जमीन यमुना प्राधिकरण व पांच हे. वन विभाग की है। पुनर्वास केंद्र तीस साल तक संचालित होगा। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अनुमति के बाद बचाव एवं पुनर्वास केंद्र के लिए यीडा ने विकासकर्ता कंपनी के चयन के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। कंपनियों को 21 अप्रैल तक निविदा अपलोड करनी होगी। 23 अप्रैल को निविदा खोली जाएगी।

**कंपनी चयन होने ही केंद्र के विकास कार्य शुरू हो जाएगाः** यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि बचाव एवं पुनर्वास केंद्र के लिए विकासकर्ता का चयन किया जा रहा है। कंपनी चयन होने ही केंद्र के विकास कार्य शुरू हो जाएगा। इसके निर्माण पर 341.93 लाख रुपये लागत आने का अनुमान है। पुनर्वास केंद्र में काले हिरण, बंदर, नील गाय आदि के लिए क्वारंटीन केंद्र, पशु अस्पताल आदि की सुविधा होगी।

# जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने डॉ भीमराव अंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि




**ग्रेटर नोएडा।** जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने जेवर विधानसभा की न्याय पंचायत शमशमनगर के ग्राम श्यामनगर में स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वंचितों का उत्थान अब केवल नारा नहीं है, बल्कि बाबा साहेब का सपना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। आधुनिक भारत के निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ज्ञान और कर्म का संगम थे।

वह सभी देशवासियों की श्रद्धा के केंद्र हैं।

इसके बाद जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने कस्बा रबूपुरा स्थित मौहल्ला अम्बेडकर नगर में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर झाकियों का फीता काट कर शुभारंभ किया।

# नोएडा के स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल के द रोसिया पहुंची अभिनेत्री तनुश्री दत्ता



**नोएडा।** द रोसिया ने अपने ग्राहकों के लिए वेलनेस से जुड़े विभिन्न प्रोडक्ट्स को बाजार में लॉन्च कर दिया है।पूर्व फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स 2004, तनुश्री दत्ता ने सेक्टर 75 स्थित स्पेक्ट्रम मॉल के स्टोर पर पहुंच कर इन प्रोडक्ट्स को लॉन्च किया। कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए सुश्री दत्ता ने कहा कि आज के तनाव भरे जीवन में स्वास्थ्य और त्वचा से जुड़ी समस्याओं के लिए द रोसिया के असाधारण प्रोडक्ट्स काफी मददगार साबित होगा। कार्यक्रम के आयोजक अक्षय चौहान ने बताया कि नोएडा में ग्राहकों और मीडिया को तनुश्री दत्ता के साथ बातचीत करने और द रोसिया की पेशकशों को प्रदर्शित करने का एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज लोग हेल्थ और फिटनेस को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। द रोसिया अपने ग्राहकों के लिए आगामी दिनों में भी कई अन्य प्रोडक्ट्स को भी लॉन्च करेगा।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़



**नोएडा।** सूरजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक बदमाश फरार हो गया। सोमवार सुबह सूरजपुर पुलिस 130 मीटर रोड पर पुलिस चेकिंग कर रही थी।

तिलपता गोल चक्कर की तरफ से बिना नंबर की स्पलेंडर बाइक पर तीन संदिग्ध आए। पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान मेरठ के अरमान उर्फ गब्बर और संभल के विशाल के रूप में हुई है। फरार बदमाश बुलंदशहर का विपिन है। दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस ने बदमाशों से दो तमंचे 315 बोर, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की है।इनके पास से लूट के 6 मोबाइल फोन भी मिले हैं। दोनों बदमाश थाना सूरजपुर के मुकदमा संख्या 210/2025 और 214/2025 धारा 304 में वांछित थे। इनके खिलाफ सूरजपुर और बीटा-2 थाने में कुल 8 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है।सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि यह बदमाश बड़े ही शातिर किस्म के हैं। इन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा में काफी वारदातों को अंजाम दिया है। फिलहाल दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए हैं ,दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है । इन बदमाशों पर आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। बाकी इनकी आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने रॉयल बुलेटिन को मै. साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6, नोएडा- 201301 से मुद्रित कराकर 318-द्वितीय तल, जयपुरिया प्लाजा, डीपीएस के सामने, सैक्टर-26, नोएडा (गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः अनिल रॉयल
फोनः (0120) 4545477
मो. 9910779911
e-mail Address :
royalnoida@gmail.com

# शहीदों को नमन कर अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ, जागरूकता रैली निकाली

**नोएडा।** 14 अप्रैल 1994 को मुंबई बंदरगाह में एक मालवाहक समुद्री जहाज में भयंकर विस्फोट के साथ भीषण अग्निकांड हुआ था। जिसने संपूर्ण बंदरगाह को हिला दिया था। उस आग में 144 लोग अकाल मौत के शिकार हो गए थे, जिसमें से अग्निशमन सेवा के 66 अधिकारी एवं कर्मचारी भी अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हो गए थे।

शहीद हुए फायर कर्मियों की याद में हर वर्ष मनाएं जाने वाले अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर नोएडा के सेक्टर-2 स्थित फायर स्टेशन परिसर में आज श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था शिवहरि मीणा सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने शामिल होकर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा





गया व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद में लोगों को आग के प्रति जागरूक करने के लिए पैदल मार्च और रैली शहर में निकाली गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने पंपलेट वितरित कर लोगों को अग्निशमन के प्रति सचेत किया। रैली नोएडा के विभिन्न जगहों से होते हुए फेस-वन फायर कार्यालय पर आकर समाप्त हुई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि वर्ष 1994 में 14 अप्रैल को मुंबई बंदरगाह पर माल वाहक जहाज में हुई आगजनी में शहीद हुए 66 फायर कर्मियों की याद में हर वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा सप्ताह की भी शुरुआत होती है। 14 अप्रैल से प्रारंभ होकर 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य अग्निकांडों में संपत्ति और जनजीवन को होने वाली क्षति को कम करने के उपायों से जनसाधारण को अवगत कराना होता है।

## धूमधाम के साथ मनाया गया बाबा साहब का जन्म दिवस



**नोएडा।** सोमवार को परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंम्बेडकर जी की 134 वें जन्मदिवस दलित उत्थान सेवा समिति डॉक्टर भीमराव अंम्बेडकर पुस्तकालय नोएडा के तत्वावधान में राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल गेट नंबर 3 सैक्टर 95 नोएडा पर बड़े धूमधाम के साथ बाबा साहब का जन्म दिवस मनाया गया जन्मोत्सव कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी और हजारों की संख्या में परिवारों ने शिरकत की दलित उत्थान सेवा समिति के संरक्षक गणेश जाटव ने बताया कि बाबा साहब का जन्म दिवस ना केवल हमारा समाज बल्कि पूरा देश बड़े धूमधाम के साथ मनाता है हमारी समिति दलित उत्थान सेवा समिति एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय एवं संघ सहयोगी संगठन गेट नंबर 3 पर प्रातः 9ः00 से सांस्कृतिक कार्यक्रमों भंडारा वितरण और शरबत की व्यवस्था करती है हमारा हर संभव प्रयास रहता है की दलित प्रेरणा स्थल गेट नंबर 3 पर आए हुए।

सभी श्रद्धालुओं को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े आज के आयोजन में प्रातः अंम्बेडकर विहार सेक्टर 37 बाबा साहब की प्रतिमा पर प्रातः 9 बजे पुष्प अर्पण कर कार्यक्रमों का शुभारंभ करती है इस मौके पर दलित समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा शोभायात्रा को झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया जाता है शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गेट नंबर 3 दलित प्रेरणा स्थल पहुची वहां पर समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बाबा साहब के जीवन से संबंधित रचनाओं का वर्णन किया गया।

## नोएडा एयरपोर्ट से प्रभावित वन्य जीवों के लिए बनेगा बचाव एवं पुनर्वास केंद्र, 341 लाख रुपये की आएगी लागत

**नोएडा।** पुनर्वास केंद्र के लिए यीडा ने कंपनियों ने मांगे प्रस्ताव काले हिरण, नील गाय, सारस समेत अन्य जीवों को होगा पुनर्वास नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रभावित वन्य जीवों के संरक्षण के लिए यीडा ने बचाव एवं पुनर्वास केंद्र विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुनर्वास केंद्र के लिए विकासकर्ता कंपनी चयन को प्रस्ताव मांगे गए हैं। निविदा 23 अप्रैल को खोली जाएगी। बचाव एवं पुनर्वास केंद्र के निर्माण पर 341.93 लाख रुपये लागत का अनुमान है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 1334 हे. जमीन अधिग्रहण से पहले भारतीय वन्य जीव संस्थान से सर्वे कराया गया था। एयरपोर्ट प्रभावित क्षेत्र के 10 से 25 किमी के दायरे में हुए सर्वे में कई वन्य जीवों की इलाके में मौजूदगी पाई गई थी। इसमें 258 काले हिरण, 29 हिरण, सारस, नील गाय, चिंकारा, बंदर, जंगली बिल्ली आदि शामिल हैं। संस्थान ने इनके संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए दीर्घकालिक योजना बनाने का सुझाव दिया था।

**पुनर्वास केंद्र तीस साल तक संचालित होगा:** संस्थान के सुझाव पर धनौरी वैटलैंड के नजदीक 10 हे. में बचाव एवं पुनर्वास केंद्र विकसित करने की योजना तैयार की गई है। इसमें पांच हे. जमीन यमुना प्राधिकरण व पांच हे. वन विभाग की है। पुनर्वास केंद्र तीस साल तक संचालित होगा। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अनुमति के बाद बचाव एवं पुनर्वास केंद्र के लिए यीडा ने विकासकर्ता कंपनी के चयन के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। कंपनियों को 21 अप्रैल तक निविदा अपलोड करनी होगी। 23 अप्रैल को निविदा खोली जाएगी।

**कंपनी चयन होने ही केंद्र के विकास कार्य शुरू हो जाएगा:** यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि बचाव एवं पुनर्वास केंद्र के लिए विकासकर्ता का चयन किया जा रहा है। कंपनी चयन होने ही केंद्र के विकास कार्य शुरू हो जाएगा।

## उड़ीसा से गांजा लाकर एनसीआर में बेचने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार, 40 लाख का माल बरामद

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना बादलपुर पुलिस ने एक सूचना के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 149 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। ये लोग एक आईसर कैंटर में यह गांजा भरकर उड़ीसा प्रांत से एनसीआर में बेचने के लिए लेकर आ रहे थे। बरामद गांजे की कीमत 40 लाख रुपये बताई जा रही है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बताया कि सीआरटी टीम व थाना बादलपुर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांजा की तस्करी करने वाले एक गिरोह के इनामुलहक पुत्र जीमल, शहनवाज पुत्र इसराइल तथा नोमान पुत्र फकरे आलम को अम्बुजा कम्पनी के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकेश चहल अपनी टीम के साथ गस्त पर थे। इसी दौरान उन्हें अंबुजा सीमेंट कंपनी के पास एक कैंटर संदिग्ध अवस्था में



खड़ा मिला। वहां पर एक व्यक्ति एक थैला लेकर नीचे खड़ा था। शक होने पर पुलिस ने उसे रोक कर तलाशी ली। उसके हाथ में रखे थैले में गांजा मिला। उसने बताया कि उसके दो अन्य साथी गाड़ी के अंदर बैठे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई तीनों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आईसर कैंटर की जब तलाशी ली गई तो उसमें से कुल 148 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा मिला है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया कि ये लोग उड़ीसा प्रांत से सस्ते दाम पर गांजा खरीद कर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेचने के लिए लेकर आ रहे थे। उन्होंने बताया कि इन बदमाशों ने पूछताछ के दौरान अपने गैंग के कई साथियों के बारे में जानकारी दी है। अभियुक्तगणों द्वारा यह भी बताया गया है कि विशेष गांजे की विशेष मादकता के कारण इसकी कीमत करीब 25-30 हजार रूपये प्रति किलोग्राम है। उन्होंने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की एक विशेष टीम बनाकर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक की मौत

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बल्लूखेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ली टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को परिवार के लोगों ने कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की है। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के चक्र बीरमपुर गांव निवासी जीतू रविवार रात बाइक पर सवार होकर दनकौर कस्बे से अपने गांव को लौट रहे थे बताया जाता है कि जब वह बल्लूखेड़ा गांव के पास पहुंचे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।साथ ही वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को मामले की सूचना दी गई। घायल अवस्था में उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि इस संबंध में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई जाएगी।

### टोल प्लाजा के इंजीनियर ने कर्मचारी पर मारपीट करने का आरोप लगाया

**नोएडा।** जेवर टोल प्लाजा पर कार्यरत वरिष्ठ प्रोजेक्ट इंजीनियर ने एक कर्मचारी पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ड्यूटी लगाने पर आरोपी कर्मचारी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर पहुंच कर घटना को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। यमुना एक्सप्रेसवे के जेवर टोल प्लाजा पर सुनील कुमार गुप्ता बतौर वरिष्ठ प्रोजेक्ट इंजीनियर कार्यरत हैं। सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि वह कस्बे में किराये के मकान में रहते हैं। वह शनिवार को अपने कमरे में थे। इसी बीच टोल प्लाजा पर काम करने वाला कर्मचारी मनोज कुमार अपनी दो साथियों के साथ वहां पहुंचा और बिना वजह तीनों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर सुनकर पड़ोस के लोग वहां पहुंच गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी कर्मचारी ने ड्यूटी लगाने पर मारपीट की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी कर्मचारी और उसके दो साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मोमबत्ती कारखाने में लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर-6 स्थित एक फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री में मोमबत्ती बनाने का काम होता है। आग कंपनी के ग्राउंड फ्लोर में लगी। आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। दमकल की एक-एक करके दो गाड़ियां भेजी गई।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर-6 में ई-47 के ग्राउंड फ्लोर पर मोमबत्ती बनाने का कारखाना है। यहां काम चल रहा था। ऐसे में किसी ज्वलनशील पदार्थ या शॉट सर्किट की वजह से आग लगी। प्राथमिक जांच में ये बात सामने आई। हालांकि स्पष्ट कारणों का पता लगाया जा रहा है। आग लगते ही फैक्ट्री और आसपास के लोग बाहर आ गए।मौके पर पुलिस को दमकल विभाग को जानकारी दी गई। आग को बुझाने में करीब आधा घंटा लगा। इसमें कोई फंसा नहीं है। सीएफओ ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ आग की घटना बढ़ रही है। इसलिए इलेक्ट्रानिक उपकरणों की मेनटेनेंस ज़रुर कराए।

### आंबेडकर जयंती पर कड़ी सुरक्षा में 66 स्थानों पर शोभायात्रा निकलीं

**गाजियाबाद।** आंबेडकर जयंती को लेकर कमिश्नरेट में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। तीनों में 66 शोभायात्राएं निकलीं, जिनमें पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों का कहना है कि आयोजन को सकुशल संपन्न कराने के लिए तथा राहगीरों को परेशानी से बचाने के लिए शोभायात्रा जहां-जहां से गुजरी, वहां वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया था। सुरक्षा व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी संबंधित थाना प्रभारी और एसीपी को सौंपी गई, जबकि पर्यवेक्षण संबंधित डीसीपी ने किया। पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र ने बताया कि डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस तरह शोभायात्रा में पर्याप्त संख्या में पुलिसबल मुहैया कराया गया। पुलिस की टीम शोभायात्रा के आगे-आगे रही, जबकि बीच में और शोभायात्रा के अंतिम छोर पर भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। पुलिस आयुक्त ने बताया कि कमिश्नरेट तीनों जोन में कुल 66 शोभायात्राएं निकलीं। इनमें से सर्वाधिक 37 शोभायात्रा ग्रामीण जोन में निकलीं। ग्रामीण जोन के भोजपुर थानाक्षेत्र में सात, वेव सिटी और मोदीनगर थानाक्षेत्र में पांच-पांच, निवाड़ी और मसूरी थानाक्षेत्र में चार-चार, लोनी बॉर्डर, अंकुर विहार और ट्रोनिका सिटी थानाक्षेत्र में दो-दो तथा मुरादनगर थानाक्षेत्र में एक शोभायात्रा निकली। दूसरे नंबर पर सिटी जोन में 19 शोभायात्राएं निकलीं, जिनमें विजयनगर और नंदग्राम थानाक्षेत्र में पांच-पांच, मधुबन बापूधाम क्षेत्र में तीन तथा नगर कोतवाली, सिहानी गेट और कविनगर थानाक्षेत्र में दो-दो शोभायात्रा निकाली गईं। इसी क्रम में ट्रांस हिंडन जोन में दस शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें साहिबाबाद थानाक्षेत्र में चार, टीला मोड़ क्षेत्र में तीन तथा इंदिरापुरम, कौशांबी और लिंकरोड थानाक्षेत्र में एक-एक शोभायात्रा निकली। पुलिस आयुक्त का कहना है कि कमिश्नरेट के तीनों जोन में मेला, विचार गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा, माल्यार्पण जैसे 100 आयोजन हुए। पुलिस ने सभी कार्यक्रम स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा के इंतजाम किए थे।

**वाहनों का रूट डायवर्जन करना पड़ा:** पुलिस अधिकारियों के मुताबिक 66 में 35 से अधिक शोभायात्राएं बड़े जनसमूह के साथ निकलीं। जिसजहां-जहां से शोभायात्रा गुजरी, वहां सड़क की एक लेन शोभायात्रा के लिए आरक्षित कर दी गई थी। इसके अलावा जिन चौराहों-तिराहों से शोभायात्रा निकली, वहां वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट कर दिया गया था। शोभायात्रा निकलने के बाद ट्रैफिक चालू करा दिया गया। पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र ने बताया कि शांतिपूर्ण शोभायात्रा संपन्न कराने के लिए यातायात विभाग के अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। आंबेडकर जयंती पर किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## पंजाबी एकता समिति ने धूमधाम से मनाया बैसाखी उत्सव

**नोएडा।** 13 अप्रैल 2025 को नोएडा के सेक्टर-12 स्थित गुरुद्वारा साहिब में नोएडा पंजाबी एकता समिति द्वारा बैसाखी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सायं 7 बजे चरणजीत सिंह के मधुर शब्द-कीर्तन से हुई, जो रात 8:30 बजे तक चला। इसके उपरांत सरबजीत सिंह जी ने 10 बजे तक श्रद्धालु संगत को गुरु-बाणी के दिव्य शब्दों से भाव-विभोर किया। इस अवसर पर उन्होंने संगत को संबोधित करते हुए बताया कि बैसाखी के दिन वर्ष 1699 में दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जो सिख इतिहास का एक ऐतिहासिक क्षण है। शब्द-कीर्तन और अरदास के उपरांत लंगर प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 1100-1200 श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गुरुप्रसाद का लाभ उठाया।

इस अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथियों ने अपनी गरिमामयी



उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जिनमें लोकप्रिय सांसद डॉ. महेश शर्मा, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती बिमला बाथम,भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, डिम्पल आनंद, रवि मिश्रा, त्रिलोक शर्मा, श्रीमती पूनम सिंह, समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल भैया,.धर्मेंद्र चौहान, फोनरवा अध्यक्ष योगिंदर शर्मा तथा डी. डी. आर. डब्लू. ए. के अध्यक्ष एन. पी. सिंह, टी. एन. गोविल, सचिन अम्बवात प्रमुख रूप से शामिल रहे।

समिति के वरिष्ठ संरक्षकगण सतीश मेहता, राजन ठुकराल, संजय बाली, जसविंदर खोकर, एस.पी. आनंद, सतपाल सचदेवा, अश्वनी छाबड़ा सहित प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, प्रदेश महासचिव नरेंद्र चोपड़ा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत मेहता, प्रदेश कोषाध्यक्ष गौरव चाचरा, प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन सोनी, अतुल सहगल, सुनील मेहता, मनोज बवेजा, अजय मेहता, अतुल मल्होत्रा,अतुल नागपाल, अनिल खन्ना, अश्वनी सदाना जी, पुनीत कपूर जी समेत समिति के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के लिए 14 डॉक्टर नियुक्त

**नोएडा।** ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी के लिए 14 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। इसमें प्रोफेसर, सहायक और एसोसिएट प्रोफेसर शामिल हैं। इसी सत्र से मेडिकल कॉलेज में छात्रों का दाखिला होगा। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं। अस्पताल में सुविधाओं का जायजा लेने इसी महीने राष्ट्रीय मेडिकल आयोग की टीम आएगी। टीम के दौरे के बाद एमबीबीएस कोर्स शुरू करने की अनुमति मिलेगी। भविष्य में एमबीबीएस कोर्स पढ़ाने वाले शिक्षकों की संख्या बढ़ेगी। लिहाजा डॉक्टरों की नियुक्ति जारी रहेगी। अस्पताल में मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए क्लास रूम, हॉस्टल, कॉमन रूम, शिक्षकों के कमरे, प्रैक्टिकल रूम आदि के स्थान निर्धारित कर लिए गए हैं। ईएसआईसी अस्पताल परिसर में बनाए गए रिहायशी टावर में कई फ्लैट खाली हैं। यहां छात्रों के हॉटल बनाए जाएंगे। यहां पहले से ही पांच चिकित्सकीय विभाग में डीएनबी का कोर्स भी चल रहा है।

सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में 350 बेड की सुविधा है। भविष्य में अस्पताल में बेड की संख्या बढ़ाई जा सकती है। प्रतिदिन की ओपीडी दो हजार से अधिक है। पहले साल के साथ ही प्रत्येक साल मेडिकल कॉलेज में 50 सीट पर दाखिले होंगे। ईएसआईसी अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मेडिकल कॉलेज की संबद्धता अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय से है। मेडिकल कॉलेज शुरू करने की तैयारी तेजी से चल रही। नीट के माध्यम से छात्रों का दाखिला होगा।

**प्रायोगिक ज्ञान के लिए स्वास्थ्य विभाग से समझौता होगा:** ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज प्रायोगिक ज्ञान के लिए स्वास्थ्य विभाग से समझौता करेगा। पोस्टमार्टम हाउस में जाकर छात्र प्रायोगिक शिक्षा ले सकेंगे।

## नोएडा में डियर पार्क को मिली केंद्र से अनुमतिः अफ्रीका से आएंगे हिरण, 30 एकड़ में 40 करोड़ रुपए होंगे खर्च

**नोएडा।** सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क में प्रस्तावित डियर पार्क सनसेट सफारी को केंद्र सरकार से हरी झंडी मिल गई है। अब सिर्फ मंजूरी से सम्बन्धित पत्र आना बाकी है। प्राधिकरण अब डिजाइन तैयार करवाने का काम शुरू करेगा। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करवाने के लिए नोएडा प्राधिकरण जल्द ही सलाहकार का चयन करेगा।इसकी तैयारी शुरू हो गई है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के लिए राज्य व केंद्र स्तर से मंजूरी की औपचारिकता पूरी कर ली गई है। अब आगे काम शुरू करवाने के लिए डीपीआर तैयार करवाई जानी है।

अधिकारियों ने बताया कि 30 एकड़ में मिनी जू की तर्ज पर इस डियर पार्क को बनाने में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह शहर की पहली सनसेट सफारी होगी। इसमें रात करीब 10 बजे तक लोग स्पेक्ट्रम लाइट की रोशनी में हिरण व जलीय पक्षियों को देख सकेंगे।अधिकारियों ने बताया कि स्पेक्ट्रम लाइट में वहां पर मौजूद जानवरों को अंधेरा ही लगेगा। वहीं जो लोग सनसेट सफरी में पहुंचेंगे उनको स्पष्ट दिखाई देगा। इसमें 10 प्रजातियों के 132 हिरण लाए जाएंगे।

**नोएडा में अफ्रीका से लाए जाएंगे:** हिरण नोएडा में 10 प्रजातियों के हिरण को लाया जाएगा। इसमें तीन प्रजातीय अफ्रीका से एक्सपोर्ट की जाएंगी। इसके अलावा कानपुर, हैदराबाद और लखनऊ के चिड़ियाघर से यहां हिरण लाए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा, गाजियाबाद और आसपास में ऐसा डियर पार्क नहीं है। इसलिए यहां डियर पार्क बनाया जा रहा है। इसके लिए प्राणी विशेषज्ञों से बातचीत भी की गई है। ताकि विदेश से लाए जाने वाले हिरण के लिए यहां का पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

## समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर ने डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर ने महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जयंती सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय सेक्टर 53 कंचनजंगा मार्केट में धूमधाम से मनाई।

सपा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब ने संसार में समरसता, एकता का काम किया। डॉ भीमराव आंबेडकर ने संविधान में अमीर-गरीब, छोटे-बड़े सभी के लिए एक वोट का प्रावधान किया था। गरीबों, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने की व्यवस्था के लिए उनके प्रयासों को भुलाया नहीं जा सकता।समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव जयकरण चौधरी व विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अहम



भूमिका निभाई। बाबा साहब ने घोर अन्याय, अपमान को सहकर हम सभी को न्याय, सम्मान संविधान के माध्यम से दिया। वरिष्ठ नेता देवेंद्र गुर्जर ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक गैर बराबरी को बाबा साहब खत्म करना चाहते थे, लेकिन उसे पूरा नहीं कर पाए। उपाध्यक्ष मोहम्मद नौशाद व महिला सभा की अध्यक्ष शालिनी खारी ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि राजनैतिक सत्ता वह चाभी है, जिससे हर सामाजिक ताले खोले जा सकते है। महासचिव विकास यादव ने कहा कि बाबा साहब ने एक सुंदर संविधान दिया। इससे हम सबको समानता के रूप में जीने का हक है। भाजपा शासन में दलितो को नौकरियों से वंचित किया जा रहा है। बाबा साहब ने हमें विपरीत परिस्थितियों में एक पवित्र संविधान दिया। इस कार्यक्रम के उपरांत नोएडा महानगर संगठन की टीम नोएडा में बाबा साहब के लिए हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में भाग लिया।

आज के इस कार्यक्रम में मौजूद मुख्य लोगों में मोहम्मद तसलीम,रामवीर यादव, वीरपाल प्रधान, महकार तंवर ,बबली शर्मा, राम सहेली, कमल सिंह गौतम,बाबा जयवीर ,सौरभ चौहान , बिल्लू सैफी, राणा मुखर्जी, उदय सिंह,देवेंद्र खारी , तनवीर हुसैन, लोकेश यादव, शेखर यादव, गौरव,अच्छे मियां, रेणुका मेथी, लक्ष्मी दास, मोहम्मद चांद, गुलजार अल्वी, अमित ,विमला, मनोज यादव ,रूप सिंह,साहिल शेख ,अमित यादव, सिकंदर पासवान, साहिल चौधरी, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### न दिल में जगह, न दीवारों पर; फिर उठा अंबेडकर जयंती पर तस्वीर वाला मुद्दा, आप का निशाना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री पद के रूप में कमान संभालते ही बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर वाले मुद्दे ने खूब जोर पकड़ा था। आम आदमी पार्टी का आरोप था कि बीजेपी सरकार बनते ही सीएम के पीछे लगी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर हटा दी गई। मामला दिल्ली विधानसभा तक पहुंचा था। बाद में बीजेपी ने खुद वीडियो बनाकर बताया था कि कोई तस्वीर नहीं हटी है, बस जगह बदल गई है। आज अंबेडकर जयंती के मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने फिर तस्वीर वाला मुद्दा उठाया। कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर बीजेपी वालों के न दिल में जगह है और न ही दीवारों पर। यह दुख और शर्म की बात है। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने तय किया था कि आप दफ्तर में, सीएम आवास में, मंत्रियों के आवास में और हर सरकारी कार्यलाय में भीमराव अंबेडकर की फोटो होगी। केजरीवाल की हर प्रेस कॉन्फ्रेंस में आपन देखा होगा कि उनके पीछ्थे बाबा साहब की तस्वीर होती थी। सब जगह संदेश जाता था कि यह सरकार बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने वाली है। दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनते ही उन तस्वीरों को हटा दिया गया। सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा कि हम यह उम्मीद करते थे कि बीजेपी बाकी राज्यों में अंबेडकर साहब की फोटो नहीं लगाएगी, लेकिन उन्होंने तो दिल्ली में सभी जगहों से उनकी तस्वीर हटा दी। अब आप देख सकते हैं कि जब रेखा गुप्ता सीएम हाउस से प्रेस कॉन्फ्रेंस करती हैं तो उनके पीछे बाबा साहेब की तस्वीर नहीं होती। कुर्सी वही है, दीवार और उसके रंग वही हैं,बाबा साहेब की तस्वीर गायब हो गई है। न तो बीजेपी वालों के दिल में अंबेडकर के लिए जगह है और न ही दीवारों पर।

### एक बच्चे की कीमत 10 लाख, दिल्ली में मासूमों की तस्करी करता था गिरोह, पुलिस ने किया पर्दाफाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पलिस ने बच्चा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह गुजरात,राजस्थान और दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था। पुलिस ने सिंडिकेट के तीन लोगों को अपने कब्जे में लिया है। इस कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों -यास्मीन (30),अंजलि (36) और जितेंद्र (47) को गिरफ्तार किया गया और एक नवजात लड़के को आरोपियों के चंगुल से बचाया गया है। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुएदिल्ली पुलिस की एक टीम ने एक ऑपरेशन शुरू किया जो 20 दिनों से अधिक चला। इसमें संदिग्धों से जुड़े 20 से अधिक फोन नंबरों का विश्लेषण शामिल था। गिरफ्तार आरोपियों को 8 अप्रैल को उत्तम नगर इलाके से तब पकड़ा गया जब वे एक बंद कार में बच्चे को छोड़कर चले गए थे। यह गिरोह गुजरात और राजस्थान के गरीब परिवारों को अपना निशाना बनाता था और दिल्ली-एनसीआर के अमीर और बेऔलाद जोड़ों को बच्चों की तस्करी करता था। इसके लिए वे एक बच्चे के बदले 5 से 10 लाख रुपये तक लेते थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी सरोज नाम की एक संदिग्ध महिला के कहने पर काम करते थे, जो अभी फरार है। द्वारका के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने एक बयान में कहा,अंजलि पहले भी ऐसे अपराधों में शामिल रही है। उसे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मानव तस्करी के एक मामले में गिरफ्तार किया था। बचाए गए बच्चे की देखभाल की जा रही है और उसके असली माता-पिता का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस इस गिरोह के बाकी सदस्यों और उनके पूरे नेटवर्क को भी ढूंढने में लगी है,जिसके कई राज्यों में फैले होने का शक है। माना जा रहा है कि इस गिरोह ने 35 से ज्यादा बच्चों की तस्करी

# नई फिल्म सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक लाइट रेल चलाने की तैयारी

### 14.6 किमी का बनेगा ट्रैक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में सेक्टर-21 स्थित नई फिल्म सिटी से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पब्लिक रैपिड ट्रांजिट (पीआरटी) चलाने की तैयारी है। पहले चरण में इसके लिए सिर्फ 14.6 किलोमीटर का ट्रैक बनेगा, यह ट्रैक एलिवेटेड होगा या सतह पर बनेगा इसका फैसला डीपीआर पर शासन की मुहर लगने के बाद होगा। फिलहाल सीमेंस कंपनी ने फिजिब्लिटी रिपोर्ट तैयार कर ली है।

प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि फिल्म सिटी से एयरपोर्ट की सीधी और आसान कनेक्टिविटी के लिए 14.6 किलोमीटर के नए रूट पर पहले पॉड टैक्सी चलाने का प्लान था, लेकिन ग्लोबल टेंडर निकाले जाने के बाद भी इस परियोजना में मानकों के अनुसार कंपनियों ने रुचि नहीं दिखाई। इसके बाद गाजियाबाद से एयरपोर्ट तक बनने वाले 72.4 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड ट्रैक पर ही नमो भारत ट्रेन और मेट्रो के साथ ही लाइट रेल ट्रांजिट (एलआरटी) चलाने पर सहमति बनी। इसकी डीपीआर को तैयार कर उत्तर प्रदेश सरकार और बाद में केंद्र सरकार के पास भेजी गई, लेकिन केंद्र सरकार ने नमो भारत व मेट्रो के साथ उसी ट्रैक पर एलआरटी चलाने के प्रस्ताव को नामंजूर करते हुए डीपीआर को लौटा दिया। अब एक बार फिर पीआरटी चलाने की तैयारी हो रही है। नए रूट पर पीआरटी चलाने के लिए प्राधिकरण ने सीमेंस कंपनी को संभावना तलाशने की जिम्मेदारी दी। कंपनी ने इसकी फिजिब्लिटी रिपोर्ट अब तैयार कर ली है। वहीं, लंदन की कंपनी अल्ट्रा पीआरटी लिमिटेड से भी फिजिब्लिटी रिपोर्ट को तैयार कराया गया है। अब इस पर अधिकारी मंथन करेंगे और शासन स्तर पर गठित पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप बिल्ड इवेलुएशन कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। अंतिम निर्णय कमेटी के माध्यम से ही लिया जाएगा।

**तीसरे चरण में आगरा तक चलेगी :** लाइट रेल को पहले चरण में फिल्म सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक चलाने की योजना है, जबकि दूसरे चरण में जेवर से वृंदावन तक और तीसरे चरण में वृंदावन से न्यू आगरा तक चलाने की योजना भी तैयार की गई है। इससे एयरपोर्ट की आगरा तक कनेक्टिविटी हो जाएगी, हालांकि यह कितना संभव हो जाता है इसका निर्णय कमेटी व तैयार होने वाली डीपीआर के बाद ही लिया जा सकेगा। फिलहाल इसके लिए सिर्फ संभावना तलाशने का काम चल रहा है। अधिकारियों ने दावा किया है कि पॉड टैक्सी के मुकाबले लाइट ट्रेन ज्यादा कारगर है। वर्तमान में पॉड टैक्सी को कुछ ही देशों की कंपनियां बनाती हैं। ये 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं। वहीं, बात की जाए लाइट ट्रेन की तो इसे दुनिया में 100 कंपनियां बनाती हैं। कम लागत होने के साथ ही ये 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं। यमुना विकास प्राधिकरण सेक्टर-9 में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर और हेबिटेट सेंटर बनाने की भी तैयारी है। शहर में आंतरिक ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल करने के लिए हल्की स्पीड वाला यह ऐसा पब्लिक ट्रांसपोर्ट है, जिसमें दो-तीन बोगी होती हैं। लगभग पॉड टैक्सी की स्पीड या उससे थोड़ा सा ज्यादा स्पीड से यह चलती है। यह एक प्रकार से बैटरीचालित अर्बन लाइट ट्रांसपोर्ट सिस्टम है।

## नोएडा के रियल एस्टेट कंपनी पर ईडी की छापेमारी, लाखों की नकदी जब्त; बैंक खाते फ्रीज




**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने नोएडा के एक रियल एस्टेट कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ छापेमारी की। मामला मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने कहा कि कंपनी निवेशकों को कब्जा देने में विफल रही और निवेश की गई राशि हड़प ली। ईडी ने रविवार को कहा कि उसने नोएडा स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ छापेमारी के बाद 30 लाख रुपए नकद जब्त किए और कुछ बैंक खातों को फ्रीज कर दिया। कंपनी और उनके प्रमोटरों पर एक कमर्शियल प्रोजेक्ट के निवेशकों को धोखा देने का आरोप है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि भसीन इन्फोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, ग्रैंड वेनेजिया कमर्शियल टावर्स प्राइवेट लिमिटेड और उनके प्रमुख कर्मियों के परिसरों में 10 अप्रैल को तलाशी ली गई। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई कार्रवाई के तहत नोएडा (उत्तर प्रदेश), दिल्ली और गोवा में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। धन शोधन का यह मामला नोएडा पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी सतिंदर सिंह भसीन, भसीन इन्फोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई कई एफआईआर से जुड़ा है। ईडी ने कहा कि कंपनी ने ग्रैंड वेनेजिया कमर्शियल कॉम्प्लेक्स नाम से एक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट शुरू किया। इस प्रोजेक्ट में फैंसी विज्ञापन और झूठे आश्वासनों के जरिए निवेशकों को लुभाया। ईडी ने आरोप लगाया कि वे निवेशकों को कब्जा देने में विफल रहे और निवेश की गई राशि हड़प ली। ईडी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया के लिए कंपनी या उसके प्रमोटरों से संपर्क नहीं किया जा सका। एजेंसी ने कहा कि तलाशी के दौरान कुछ आपराधिक जानकारी, दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंक लॉकर की चाबियां और 30 लाख रुपए नकद जब्त किए गए और कुछ संदिग्ध बैंक खाते फ्रीज किए गए।

## दिल्ली को मिलेगा नया पिकनिक स्पॉट, डीडीए 900 एकड़ में बनाएगा मयूर पार्क

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवालों के लिए अच्छी खबर है। राजधानी के लोगों को जल्द ही एक और नया पिकनिक स्पॉट मिलने जा रहा है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) यमुना डूब क्षेत्र में 371 हेक्टेयर ( 916.7 एकड़) में मयूर प्रकृति पार्क को विकसित करेगा। इस क्षेत्र के संरक्षण को लेकर चल रहीं दस परियोजनाओं में से यह यह सबसे बड़ी है।

डीडीए के अधिकारियों के अनुसार, मयूर पार्क नदी के 22 किलोमीटर के डूब क्षेत्र में तैयार किया जा रहा है। इससे पहले यमुना डूब क्षेत्र में यमुना वाटिका पार्क और अमृत पार्क को भी प्राधिकरण ने शुरू किया है। मयूर प्रकृति पार्क परियोजना पर 136.8 करोड़ रुपये की लागत आएगी। अक्टूबर-2026 तक इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस प्रोजेक्ट के जरिये मयूर प्रकृति पार्क को बारापुला फेज-3 फ्लाईओवर निर्माण और दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन से जोड़ा जाएगा। पार्क की योजना आठ-नौ विशिष्ट क्षेत्रों में बनाई गई हैं, जो विभिन्न आयु समूहों के लिए विशिष्ट सुविधाओं के साथ तैयार होगी बहुउद्देशीय खुले क्षेत्र, मूर्तिकला कोर्ट, जलाशय, साइकिल चलाने की सुविधाएं विशेष रूप से तैयार किए गए योग और ध्यान क्षेत्र, गतिविधि लॉन, बाहरी व्यायाम क्षेत्र और अवलोकन मंच शामिल होंगे पार्क में पर्यावरण से जुड़े और अन्य कई समारोह के भी आयोजन किए जाएंगे विभिन्न प्रतिमा व कलाकृतियों की भी स्थापना पार्क में की जाएंगी लोगों के लिए परिसर में घूमने के लिए साइकिल के स्टेशन भी बनाए जाएंगे पक्षियों को देखने के लिए भी पथ सहित कई अन्य सुविधाएं मिलेंगी

## दिल्ली में बुधवार से फिर लू का अलर्ट, 42 के पार पहुंचेगा पारा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते भले ही दिल्ली को झुलसाने वाली गर्मी से दो दिन की राहत मिली हो, लेकिन दिल्ली पर लू की दूसरी लहर का खतरा मंडराने लगा है। मौसम विभाग ने बुधवार से फिर लू का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार के बाद दिल्ली में फिर से लू की स्थिति बन सकती है। विभाग ने बुधवार और गुरुवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान जताया है।

इस मौसम में अभी तक 8 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो इस सीजन का सबसे ज्यादा तापमान है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में रविवार की सुबह से ही तेज चमकदार सूरज निकला रहा। दिन चढ़ने के साथ ही धूप भी तीखी और तेज हो गई। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में रविवार दिन का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जोकि सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस रहा जोकि सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस कम है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 66 से 29 फीसदी तक रहा।

राजधानी में अप्रैल के अभी तक के दिनों का औसत अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस है। अप्रैल में सफदरजंग में औसत अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस रहता है। ऐसे में अप्रैल औसत अधिकतम तापमान से एक डिग्री ज्यादा गर्म है। वर्ष 2022 में अप्रैल खासा गर्म था। तब औसत अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा था।

पिछले दिनों हुई मौसम की गतिविधियों के चलते दिल्ली की हवा साफ-सुथरी बनी हुई है। रविवार को राजधानी की हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 178 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण मिली राहत राजधानी दिल्ली में इस बार जनवरी महीने से ही मौसम असामान्य तौर पर गर्म है। जनवरी, फरवरी और मार्च का महीना सामान्य से ज्यादा गर्म रहा है। हालांकि, सामान्य से ज्यादा होने के बावजूद इन महीनों में अधिकतम तापमान असहनीय नहीं हुआ था। लेकिन, अप्रैल का सप्ताह बीतते-बीतते दिल्ली झुलसाने वाली लू की चपेट में आ गई। तेज धूप और गर्व हवा के थपेड़ों के चलते दिल्ली के लोगों का घरों से बाहर निकलना मुहाल हो गया। तीन दिन की लू के बाद पश्चिमी विक्षोभ से दिल्ली के लोगों को राहत मिली।

## 15 दिन में 445 क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का करें समाधान; रेखा सरकार का आदेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में जलभराव से निपटने के लिए विभागों पर सख्ती शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अगले 15 दिनों के भीतर उन 445 क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया है जिनकी पहचान की जा चुकी है। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री और दिल्ली प्रदेश ॠॠके उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि संबंधित विभागों को तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा- दिल्ली को जलभराव से राहत मिलेगी! मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 15 दिनों के भीतर दिल्ली के 445 चिन्हित क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए पीडब्ल्यूडी, आईएंडएफसी और एमसीडी के अधिकारी मिलकर काम करेंगे। सरकार पूरी शिद्दत से अगले मानसून तक दिल्ली को जलभराव से मुक्त करने की योजना बना रही है। इस बीच मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली को हेल्थ टूरिज्म (स्वास्थ्य पर्यटन) बनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जो जरूरी कदम होंगे, हमारी सरकार उसे उठाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को सर गंगा राम अस्पताल के 70वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाएं इतनी सशक्त होनी चाहिए कि विश्वभर के लोग इलाज कराने के लिए यहां आएं। दिल्ली सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक को समय पर, सुलभ और गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। स्वस्थ दिल्ली, आत्मनिर्भर भारत की नींव है। हम इसी दिशा में कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मैराथन को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में बोलते हुए सीएम गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार बाबासाहेब के दिखाए मार्ग पर चलने, उनके बताए सिद्धांतों का पालन करने और लोगों को उचित शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## भूखे भेड़िए बन रहे प्राइवेट स्कूल, शर्म से डूब मरना चाहिए; केजरीवाल का भाजपा पर बड़ा हमला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अंबेडकर जयंती के मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और भाजपा पर जोरदार निशाना साधा। उन्हेंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार आते ही कुछ प्राइवेट स्कूल भूखे भेड़िए बन गए हैं और माता-पिताओं का शोषण करवाने में भाजपा का हाथ है। बाबा साहेब अंबेडकर ने सबसे ज्यादा जोर शिक्षा पर दिया। अगर हम बच्चों को पढ़ाएंगे नहीं तो देख तरक्की नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा, जब हमारी सरकार बनी तो और कुछ हो ना हो हमने शिक्षा व्यवस्था अच्छी कर दी। प्राइवेट स्कूलों को 10 साल तक फीस नहीं बढ़ाने दी। लेकिन भाजपा की सरकार बने अभी दो महीने भी नहीं हुए हैं और लूट जैसी मच गई है। कुछ प्राइवेट स्कूल भूखे भेड़िए की तरह पेरेंट्स पर झपट्टे मार रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा, किसी भी जिम्मेदार सरकार की जिम्मेदारी होती है कि शोषण से लोगों को बजाएं और यही लोग शोषण करवाने में शामिल हैं। उन्होंने कहा, कल गुजरात की एक स्टोरी आई थी जिसमें गुजरात में 157 सरकारी स्कूलों में 10वीं की बोर्ड परीक्षा में एक भी छात्र पास नहीं हुआ। ये 30 साल से सरकार में है। इनकी पार्टी को शर्म से डूब मरना चाहिए अगर शिक्षा व्यवस्था का ये हाल है। उन्होंने कहा, बाबा साहब ने कहा था, शिक्षा पर जोर दो, ये लोग शिक्षा का कबाड़ा करने में लगे हैं।

## डीयू की प्रिंसिपल ने क्लासरूम की दीवारों पर लगाया गाय के गोबर का लेप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कॉलेज की प्रिंसिपल क्लासरूम की दीवारों पर गाय के गोबर का लेप लगा रही थीं। ऐसा करते हुए उनका एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वह अपने स्टाफ की मदद से दीवारों पर गोबर लगाती नजर आ रही हैं।

दिल्ली यूनिवर्सिटी के लक्ष्मीबाई कॉलेज की प्रिंसिपल को कक्षा की दीवारों पर गाय के गोबर का लेप लगाते हुए एक वीडियो सामने आया है। प्रिंसिपल प्रत्युष वत्सला ने बताया कि यह काम एक संकाय सदस्य द्वारा किए जा रहे शोध का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का नाम पारंपरिक भारतीय ज्ञान का उपयोग करके ताप तनाव नियंत्रण (हीट स्ट्रेस कंट्रोल) का अध्ययन है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रियाधीन है। मैं एक सप्ताह के बाद पूरे शोध का विवरण साझा कर पाऊंगी। शोध पोर्टा केबिन में किया जा रहा है। मैंने उनमें से एक को खुद ही लेपा है क्योंकि प्राकृतिक मिट्टी को छूने से कोई नुकसान नहीं है। कुछ लोग पूरी जानकारी जाने बिना गलत सूचना फैला रहे हैं। वीडियो में वत्सला स्टाफ की मदद से दीवारों पर गोबर लगाती नजर आ रही हैं। कथित तौर पर उन्होंने खुद ही कॉलेज के शिक्षकों के समूह में वीडियो शेयर किया। इसमें बताया गया कि सी ब्लॉक में क्लासरूम को ठंडा रखने के लिए देसी तरीके अपनाए जा रहे हैं।

## लंच खाया और फिर सोता ही रह गया, फरीदाबाद के प्ले स्कूल में मासूम की संदिग्ध मौत



**नईदिल्ली, फरीदाबाद , एजेंसी।** फरीदाबाद की सरस्वती कॉलोनी स्थित एक प्ले स्कूल एवं क्रैच में दलिया खाने के बाद सो रहे दो वर्षीय एक बच्चे की शनिवार दोपहर को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसकी पहचान नीतिश के रूप में हुई है। पल्ला थाना की पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार मृत बच्चे नीतिश के पिता नरेंद्र ने पल्ला थाना में स्कूल संचालक के खिलाफ रविवार दोपहर शिकायत दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, पीड़ित नरेंद्र ने शिकायत में पुलिस को बताया है कि वह इस्माइलपुर स्थित दीपावली एंक्लेव में परिवार के साथ रहते हैं। वह सेक्टर-37 स्थित कपड़े बनाने वाली एक कंपनी में मशीन ऑपरेटर काम करते हैं। वहां उनकी पत्नी नीतू भी ऑपरेटर का काम करती है। उनके दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी शालू की उम्र पांच साल है, जबकि छोटे बेटे नीतिश की उम्र दो साल थी। दंपती के कामकाजी होने के चलते उन्होंने दोनों बच्चों का दाखिला सरस्वती कॉलोनी स्थित प्ले स्कूल एवं क्रैच में कराया था। दो दिन से तबीयत खराब होने के चलते बड़ी बेटी शालू स्कूल नहीं जा रही थी। वह केवल नीतिश को ही स्कूल में छोड़ रहे थे। वह वहां दिनभर रहता था। शाम के समय कंपनी से छुट्टी होने के बाद वह नीतिश को लेकर घर आते थे। पीड़ित परिजन के अनुसार रविवार को बीके अस्पताल में नीतिश के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। आरोप है कि जब बच्चे के शव का पोस्टमॉर्टम किया जा रहा था, उस दौरान स्कूल प्रबंधक बीके अस्पताल पहुंचकर सहानुभूति जताने के बजाय माता-पिता से स्कूल की फीस मांगने लगे। इसको लेकर उन दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने स्कूल प्रबंधक को फटकार लगाई। इसके बाद वह बीके अस्पताल के शवगृह से वापस चला गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित का कहना है कि शनिवार सुबह दोपहर करीब 2 बजे उन्हें स्कूल की ओर से मोबाइल फोन पर कॉल आया कि उनके बच्चे की तबीयत खराब है और उसे एक नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह सुनकर उनके होश उड़ गए। वह कंपनी से छुट्टी लेकर जैसे ही अस्पताल के लिए निकले तो स्कूल प्रबंधन ने दोबारा कॉल कर बीके अस्पताल आने को कहा। बीके अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने अपने बच्चे नीतिश को मृत पाया।

आईपीएल 2025

# यॉर्कर किंग बुमराह भी पड़े फीके



# कमबैक हो तो ऐसा! मैच हारी दिल्ली, पर दिल जीत गए नायर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** करुण नायर... टीम इंडिया को वो क्रिकेटर जिसने कभी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक जड़कर सुर्खियां बटोरी थीं. करुण हालांकि उस तिहरे शतक के बाद अपनी चमक खो बैठे और इंटरनेशनल क्रिकेट से आउट हो गए. बाद में खराब फॉर्म की वजह से करुण को कर्नाटक की रणजी टीम और इंडियन प्रीमियर लीग से भी बाहर का रास्ता दिखाया गया. कहते हैं कि सब दिन एक समान नहीं होता है.... करुण नायर एक बार फिर अपने पुराने दिनों में लौट आए हैं और बल्ले से धमाल मचा रहे... करुण ने पहले हालिया घरेलू सीजन में रनों का अंबार लगाया और अब इंडियन प्रीमियर में लीग में जबरदस्त वापसी की है. ऐसी वापसी, जिसे देखकर फैन्स भी दंग रहे.

करुण नायर लगभग 3 साल बाद बाद आईपीएल मैच खेलने उतरे, वो भी दिल्ली कैपिटल्सकी ओर से मुंबई इंडियंस के विरुद्ध. करुण को शुरुआती इलेवन में मौका नहीं मिला था, लेकिन जब दिल्ली ने रनचेज के दौरान पहली ही गेंद पर विकेट खो दिया, तो करुण को बतौर इम्पैक्ट सब बैटिंग के लिए भेजा गया. दिल्ली टीम मैनेजमेंट का ये फैसला सही साबित हुआ. करुण आते ही ताबड़तोड़ शॉट्स लगाकर रनों की बौछार करने लगे. करुण नायर ने देखते ही देखते सिर्फ 22 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली. ये फिफ्टी उन्होंने पावरप्ले में ही पूरी कर ली. यह आईपीएल में लगभग सात साल बाद उनकी पहली फिफ्टी रही. करुण ने इस दौरान यॉर्कर किंग जसप्रीत बुमराह को भी नहीं बख्शा. छठे ओवर में तो करुण ने बुमराह के खिलाफ 18 रन बटोरे.

करुण नायर जब तक क्रीज पर थे, तब तक दिल्ली की टीम रनचेज में काफी आगे थी. उसका स्कोर एक समय 11.3 ओवर में दो विकेट पर 135 रन था. ऐसा लग रहा था कि करुण अपने आईपीएल करियर का पहला शतक भी बना सकते हैं. लेकिन मिचेल सेंटनर के उस ओवर की अगली गेंद पर ही करुण बोल्ड हो गए. करुण ने सिर्फ 40 गेंदों का सामना किया और 89 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 5 छक्के जड़े. करुण का ये आईपीएल में सबसे बड़ा स्कोर भी रहा.

करुण नायर के आउट होने के बाद दिल्ली की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई. दिल्ली 206 रनों के टारगेट को चेज करने से थोड़ी दूर रह गई और उसका स्कोर 193 तक ही जा पाया. 19वें ओवर में लगातार तीन रन आउट के चलते भी दिल्ली का गेम बिगड़ा. दिल्ली मैच हार गई. लेकिन करुण की ये इनिंग्स लंबे समय तक याद रखी जाएगी. देखा जाए तो अरसे बाद आईपीएल में बुमराह की किसी बल्लेबाज ने इतनी धुनाई की. बुमराह के खिलाफ करुण नायर ने 9 गेंदें खेलीं और 26 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और तीन चौके शामिल रहे. आईपीएल के किसी एक मैच में बुमराह के विरुद्ध किसी भारतीय खिलाड़ी के ये दूसरे सर्वाधिक रन रहे. इस मामले में शिखर धवन पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने 2016 के सीजन में इस गेंदबाज के खिलाफ 16 बॉल पर 27 रन बनाए थे.

| आईपीएल में एक ओवर में बुमराह के खिलाफ सबसे ज्यादा रन |
|---|
| 26- पैट कमिंस (कोलकाता नाइट राइडर्स), 2022 |
| 20- ड्वेन ब्रावो (चेन्नई सुपर किंग्स), 2018 |
| 18- करुण नायर (दिल्ली कैपिटल्स), 2025* |
| 17- फाफ डु प्लेसिस (चेन्नई सुपर किंग्स), 2021 |

| पावरप्ले में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सर्वाधिक रन |
|---|
| 78 (24)- जेक फ्रेजर-मैकगर्क- मुंबई इंडियंस, 2024 |
| 50 (20)- जेक फ्रेजर-मैकगर्क - राजस्थान रॉयल्स, 2024 |
| 50 (22)- करुण नायर -मुंबई इंडियंस, 2025* |

### 1077 दिनों के बाद कोई आईपीएल मैच खेलने उतरे

33 वर्षीय करुण नायर 1077 दिनों के बाद कोई आईपीएल मैच खेलने उतरे थे. करुण ने इससे पहले 2022 सीजन के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया था. फिर वो 2023 और 2024 के सीजन से नदारद रहे. फिर दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में करुण को केवल 50 लाख रुपये में खरीदा. करुण ने यदि घरेलू क्रिकेट में रन नहीं बनाए होते तो शायद इस मेगा नीलामी में अनसोल्ड रहते. बता दें कि करुण नायर ने पिछले घरेलू सीजन में विदर्भ के लिए खेलते हुए कुल 9 शतक जड़े. करुण ने इस दौरान विजय हजार ट्रॉफी 2024-25 में बेहद धांसू प्रदर्शन किया था. करुण ने 8 पारियों में 389.50 के एवरेज से 779 रन बनाए थे. इसमें पांच शतक और 1 अर्धशतक शामिल रहे. करुण ने 112*, 44*, 163*, 111*, 112, 122*, 88* और 27 के स्कोर बनाए. यानी वो सिर्फ दो पारियों में आउट हुए. करुण नायर की कप्तानी में विदर्भ की टीम फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे कर्नाटक के हाथों हार का सामना करना पड़ा था. रणजी ट्रॉफी 2024-25 की बात करें, तो करुण ने कुल 9 मैचों में 53.93 की औसत से 863 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक निकले. करुण के दमदार प्रदर्शन के दम पर विदर्भ तीसरी बार रणजी चैम्पियन बनने में कामयाब रहा था.

### तिहरा शतक जड़कर छा गए थे

करुण नायर दिसंबर 2016 में टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक जड़कर छा गए थे. तब नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ मोहाली में 303* रनों की पारी खेली थी. हालांकि उस तिहरे शतक के बाद करुण कुछ टेस्ट मैचों में फ्लॉप रहे, जिसके बाद उन्हें टीम से ड्रॉप कर दिया गया. करुण ने अपना आखिरी टेस्ट मैच मार्च 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था. उसके बाद वो टीम से बाहर हैं. करुण ने भारत की ओर से 6 टेस्ट मैचों में 62.33 की औसत से 374 रन बनाए हैं. करुण भारत के लिए दो वनडे मैच ही खेल पाए हैं, जिसमें उन्होंने कुल 46 बनाए. करुण नायर को भारतीय टीम से बाहर किए जाने का दर्द अब भी है. 10 दिसंबर 2022 को करुण नायर ने एक ऐसा ट्वीट किया था, जिसका चर्चा खूब होती है. इस ट्वीट में उन्होनें लिखा था, डियर क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो. करुण का ये ट्वीट बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट टीम की घोषणा के बाद आया था. तब उन्हें कर्नाटक की रणजी टीम में भी मौका नहीं मिला था.



## धीमी ओवर रेट के लिए कप्तान अक्षर पटेल पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के एक मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ धीमे ओवर रेट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह मुकाबला अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया, जहां दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मुकाबले में 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार, अक्षर पटेल को आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। इस अनुच्छेद के अंतर्गत धीमी ओवर गति बनाए रखने पर पहली बार अपराध के लिए कप्तान पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। आईपीएल के बयान में कहा गया, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अंतर्गत उनकी टीम का इस सत्र में पहला अपराध था, इसलिए पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर पटेल इस सत्र में धीमी ओवर गति के लिए दंडित होने वाले एकमात्र कप्तान नहीं हैं। मुंबई इंडियंस के हार्दिक पांड्या, लखनऊ सुपरजायंट्स के ऋषभ पंत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार पर भी इसी तरह के अपराध के लिए जुर्माना लगाया जा चुका है। मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 19 ओवर में 193 रन पर ऑलआउट हो गई। करुण नायर ने 40 गेंदों पर शानदार 89 रनों की पारी खेली, लेकिन उनके प्रयास को बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। मुंबई इंडियंस के कर्ण शर्मा ने अहम समय पर तीन विकेट चटकाए और मैच का रुख पलट दिया। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की पारी में एक ओवर में तीन रन आउट भी देखने को मिले, जिसने मुकाबले को और रोमांचक बना दिया।

## हिमाचल के चंद ने 59 किलोग्राम वर्ग में जीता स्वर्ण



**शिमला, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्तरीय बीच ग्रैपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के चंद ने 59 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा के कुलदीप को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हैनॉल्ट स्कूल में चल रही राष्ट्रीय स्तरीय बीच ग्रैपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने दमदार प्रदर्शन किया। कुल 16 विजेता खिलाड़ियों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने विभिन्न वजन वर्गों में पदक जीते। हिमाचल प्रदेश के चंद ने 59 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा के कुलदीप को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 130 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के सचिन ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि उत्तर प्रदेश के अजयवीर को दूसरा स्थान मिला। 77.7 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली के सुजीत ने स्वर्ण पदक जीता और हरियाणा के मोहम्मद अमन ने रजत पदक हासिल किया। 92 किलोग्राम वजन वर्ग में हरियाणा के दीप ने पहला और मिस्देस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 81 किलोग्राम वर्ग में राजस्थान की पिंकी ने स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली के गौरव कुमार ने 84 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। 71 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के यशेन ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि 97 किलोग्राम वर्ग में राजस्थान के दारा सिंह को दूसरा स्थान मिला। उत्तर प्रदेश के दिग्विजय ने 66 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक और छत्तीसगढ़ के सलीम ने रजत पदक हासिल किया।

# ड्रेसिंग रूम में गायब हुआ विराट का बल्ला




**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मैच में विराट कोहली काफी छाए रहे. राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वह अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए एक बड़े मैच विनर साबित हुए. हालांकि, मुकाबले के बाद विराट के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ड्रेसिंग रूम में ऐसा कुछ हुआ, जिसे वह चौंक गए. दरअसल, मुकाबले के बाद कोहली को अपना किट पैक करते समय पता चला कि उनका एक बल्ला गायब हो गया है. इस घटना का वीडियो आरसीबी की टीम ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है.

दरअसल, विराट कोहली अपने साथ 7 बल्ले लेकर जयपुर आए थे. लेकिन मुकाबले के बाद किट पैक करते समय उनके पास 6 बल्ले ही थे. हालांकि, उनका ये बल्ला चोरी नहीं हुआ था. बल्कि विराट के साथी खिलाड़ी टिम डेविड ने उनके साथ एक प्रैंक किया. टिम डेविड ने पहले ही विराट का एक बल्ला खुद के किटबैग में छिपा लिया था. आरसीबी ने सोशल मीडिया पर जो वीडियो शेयर किया है उसमें कोहली किट पैक करते हुए परेशान नजर आए. वीडियो में वह करते है कि उनका सातवां बल्ला कहीं दिख नहीं रहा. बाद में एक साथी खिलाड़ी की मदद से विराट कोहली को पता चलता है कि उनका बल्ला टिम डेविड के बैग में है.

जिसके बाद कोहली मजाकिया अंदाज में अपने साथियों को गाली देते हुए कहते हैं कि तुम सबको इसके बारे में पता था और वह टिम डेविड के बैग में से अपना बल्ला वापस ले लेते हैं. इस प्रैंक के बाद टिम डेविड ने कहा, 'विराट बहुत अच्छा बल्लेबाजी कर रहे थे. तो हमने सोचा कि देखें उन्हें पता चलने में कितना वक्त लगता है कि उसका एक बल्ला गायब है. उन्हें पता ही नहीं चला, क्योंकि वह अपने खेल से बहुत खुश थे. तो मैंने उन्हें बल्ला वापस दे दिया.'

विराट के लिए ये मुकाबला काफी यादगार रहा. उन्होंने नाबाद 62 रन की पारी खेलकर आरसीबी को 9 विकेट से जीत दिलाई. ये टी20 में उनका 100 अर्धशतक भी था. वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले दुनिया के दूसरे और भारत के पहले खिलाड़ी बने. इसके अलावा आईपीएल 2025 में अब उनके 248 रन हो गए हैं और वह ऑरेंज कैप की रेस में 5वें नंबर पर आ गए हैं.

## रोबॉट वाला कुत्ता करेगा आईपीएल में नौकरी! दो टांगों पर खड़ा होकर करता है इंसानों जैसा बर्ताव



इंडियन प्रीमियर लीग लगातार टेक्नोलॉजी में उन्नति कर रही है. अब आईपीएल की ब्रॉडकास्ट टीम में एक नया सदस्य जुड़ गया है. आईपीएल के सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से यह जानकारी दी गई है कि अब एक रोबॉटिक कुत्ता भी ब्रॉडकास्ट टीम का हिस्सा होगा. सामने आए वीडियो में न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और अब अपनी कमेंट्री के लिए मशहूर डैनी मॉरिसन ने पुष्टि करके बताया कि यह रोबॉटिक डॉग अब आईपीएल की ब्रॉडकास्ट टीम के लिए मैच को रिकॉर्ड करेगा. यह रोबॉटिक डॉग कई स्पेशल फीचरों से लैस है और ब्रॉडकास्टिंग के लिए कैमरा फिट किए गए हैं. इस रोबॉट को डैनी मॉरिसन की बात मानते हुए भी देखा गया. इस डॉग को खिलाड़ियों से हाथ मिलाते देखा गया और यहां तक कि दो टांगों पर खड़े होकर उसने रीस टॉप्ली को चौंका दिया. उसे अंपायर के अंदाज में टीवी रिव्यू जैसा इशारा करते देखा गया और हार्दिक पांड्या भी उसके साथ मस्ती करते दिखे. दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को अचंभा हुआ और पूछ डाला, क्या है ये ? दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के गेंदबाज रीस टॉप्ली ने भी हैरान होते हुए पूछा, यह किस किस्म का कुत्ता है.

# अल्कारेज बने मोंटे कार्लो मास्टर्स के विजेता, मुसेटी को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 21 साल के अल्कारेज ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपना छठा मास्टर्स 1000 खिताब जीता। चार ग्रैंडस्लैम जीतने वाले अल्कारेज का यह 10वां बड़ा खिताब है।

स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली के लौरेंजो मुसेटी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का अपना पहला खिताब हासिल किया। पिछले साल विंबलडन जीतने के बाद यह स्पेनिश खिलाड़ी की पहली बड़ी जीत है। मार्च में वह मियामी में शुरुआती दौर में बाहर हो गए। इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में हार गए थे। 21 साल के इस युवा खिलाड़ी ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपना छठा मास्टर्स 1000 खिताब जीता। चार ग्रैंडस्लैम जीतने वाले अल्कारेज का यह 10वां बड़ा खिताब है।

एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आना तय

मुसेटी ने दो बार ब्रेक प्वाइंट लिया और अल्कारेज की 11 बेजा गलतियों का फायदा उठाकर पहला सेट जीत लिया, लेकिन उसके बाद अल्कारेज ने दूसरे सेट में लय



हासिल कर ली और दो ब्रेक प्वाइंट लेने के बाद पांच गेम लगातार जीतते हुए दूसरा सेट जीतकर बराबरी कर ली। अल्कारेज की अथक गति, संतुलन और शक्ति के आगे मुसेटी परेशान नजर आए। तीसरे सेट में मामला एकतरफा था। स्पेनिश खिलाड़ी ने 3-0 की बढ़त बना ली। इटली के मुसेटी ने मेडिकल टाइमआउट को लेकर जांघ का उपचार कराया। उसके बाद अल्कारेज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस जीत से अल्कारेज का एटीपी रैंकिंग में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हटाकर दूसरे स्थान पर आना तय हो गया है।

23वें टूर फाइनल में पहुंचे थे अल्कारेज

अल्कारेज ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सेमीफाइनल में हमवतन एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज अपने 23वें टूर फाइनल में पहुंचे थे। फ्रेंच ओपन और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद यह अल्कारेज का लगातार तीसरा क्ले कोर्ट फाइनल था।

### आर्चरी वर्ल्ड कपः तीरंदाजी विश्व कप में धीरज ने व्यक्तिगत कांस्य जीता

**ऑबर्नडेल (अमेरिका), एजेंसी।** भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे। भारत ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में एक रजत और व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य पदक शामिल है। सेना के 23 वर्षीय तीरंदाज धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में जीत हासिल करने के लिए असाधारण धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में 6-4 से हराया। धीरज इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता जर्मनी के फ्लोरियन उनरुह से 1-7 से हार गए थे। इससे पहले दिन में धीरज अनुभवी तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ उस भारतीय तिकड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारने के बाद रजत पदक जीता था।

